आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 174 | उज्जैन, गुरुवार 09 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 9-10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मोदी इंडोनेशिया के सबसे बड़े प्रम्बानन हिंदू मंदिर पहुंचे

**जकार्ता।** पीएम मोदी बुधवार को इंडोनेशिया के योग्याकार्ता स्थित देश के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन पहुंचे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी उनके साथ गए। दोनों ने मंदिर के संरक्षण-जीर्णोद्धार परियोजना का उद्घाटन किया। पीएम ने मंदिर में दर्शन भी किए। उन्होंने मंदिर परिसर में अपने संबोधन में कहा मुझे किसी न किसी रूप में हमेशा भगवान शिव से जुड़ने का मौका मिला है। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ धाम और उज्जैन के महाकाल मंदिर के बाद प्रम्बानन मंदिर के विकास का मौका मिलना मेरा सौभाग्य है। पीएम मोदी के इंडोनेशिया से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के लिए रवाना हो गए हैं। वे 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रहेंगे।


### अमेरिका-ईरान सीजफायर खत्म होने का असर, 20 मिनट में ही 1000 अंक टूटा

**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर खत्म होने के ऐलान के बाद 8 जुलाई को सेंसेक्स 20 मिनट में 1000 अंक गिर गया। बाजार में आई बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ 8 लाख करोड़ रुपए घट गई। मंगलवार को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों की वैल्यू 480 लाख करोड़ रुपए थी। बुधवार को यह गिरकर लगभग 472 लाख करोड़ रुपए पर आ गई। सुबह सेंसेक्स 364 अंक गिरकर 77816 पर खुला था। दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर यह 580 अंक नीचे 77,600 पर आ गया। 2 बजे तक गिरावट और बढ़ गई और यह 76,600 के करीब आ गया। 3 बजे के करीब ये 76,259 के डे लो पर आ गया। 03:30 बजे ये 1677 अंक या 2.15% गिरकर 76,504 पर बंद हुआ। निफ्टी 516 अंक या 2.12% गिरकर 23,882 पर बंद हुआ।

### आंध्र प्रदेश में नाव पलटने के बाद लापता 6 मछुआरों के मारे जाने की आशंका

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तट के पास लापता हुए मछुआरों के लिए बुधवार को सर्च ऑपरेशन बन कर दिया गया है। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। बीते 4 जुलाई को उनकी नाव पलट गई थी, जिससे उनके जिंदा मिलने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। भारतीय नौसेना और कोस्ट गार्ड के चार दिन तक चले सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी मछुआरों का कोई पता नहीं चल सका। अधिकारियों ने अब लापता मछुआरों के मारे जाने की आशंका जताई है। यह जानकारी एक मछुआरे से मिली थी, जिसे रविवार को एक कार्गो जहाज ने बचाया था। कोस्ट गार्ड के दो जहाजों और दो हेलीकॉप्टरों की मदद से सर्च ऑपरेशन मंगलवार आधी रात तक जारी रहा, लेकिन सर्च टीमों की सभी कोशिशें बेकार गईं।

### दृश्यम 3 का नया नैरेटिव तैयार, शैतान 2 पर लगा ब्रेक



**मुंबई।** अजय देवगन की आगामी फिल्मों को लेकर इंडस्ट्री में लगातार चर्चा बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार. फिलहाल उनका फोकस कई अलग-अलग प्रोजेक्ट्स पर है। इनमें धमाल 4, दृश्यम 3, गोलमाल फ्रेंचाइज की अगली फिल्म और हाल ही में टीजर के बाद चर्चा में आई चौहान शामिल हैं। वहीं, हॉरर-थ्रिलर शैतान के सीक्वल को लेकर फिलहाल किसी सक्रिय प्रगति की जानकारी सामने नहीं आई है। सूत्रों का यह भी कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में अजय देवगन ने खुद को सिर्फ एक्शन फिल्मों तक सीमित नहीं रखा है। उनकी मौजूदा फिल्म लाइनअप में कॉमेडी, इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर, हॉरर और ड्रामा जैसी अलग-अलग शैलियों की फिल्में शामिल हैं, जो एक अभिनेता के रूप में उनके विविध प्रयोगों को दर्शाती हैं। शैतान 2 फिलहाल सक्रिय डेवलपमेंट में नहीं है। फिल्म की शूटिंग या प्री-प्रोडक्शन को लेकर अभी तक कोई नई गतिविधि सामने नहीं आई है।

### अब सौर ऊर्जा से दौड़ेंगी ट्रेनें, 59 नए स्टेशनों पर लगेंगे सोलर पैनल

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) अपनी बिजली की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है। न सिर्फ डीएमआरसी के परिसरों में रोशनी व अन्य आवश्यकताओं के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है, बल्कि मेट्रो ट्रेनों का परिचालन भी इससे किया जा रहा है। दूसरे राज्यों के सौर ऊर्जा संयंत्रों से बिजली लेने के साथ ही, दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों और डीएमआरसी के अन्य परिसरों में रूफटाप सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। इसी कड़ी में चौथे चरण के 59 एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं।

### पाकिस्तान का कार्गो प्लेन कराची के पास गायब हुआ

**कराची।** पाकिस्तान का एक कार्गो विमान मंगलवार रात कराची पहुंचने से पहले लापता हो गया। विमान शारजाह से कराची आ रहा था और उसमें 5 क्रू मेंबर सवार थे। पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी के मुताबिक, रात 9.18 बजे पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को नेविगेशन सिस्टम में खराबी की जानकारी दी। कंट्रोल रूम ने विमान को गाइड करने की कोशिश की, लेकिन करीब तीन मिनट बाद उसका संपर्क टूट गया। आखिरी बार विमान कराची से 155 नॉटिकल मील (287 किमी) पश्चिम में ट्रैक किया गया। विमान के लापता होने के बाद अरब सागर में बड़े स्तर पर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। पाकिस्तान नेवी, एयर फोर्स और अन्य एजेंसियां खोज अभियान में जुटी हैं। अधिकारियों ने अभी तक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने या किसी हताहत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

---

मुंबई के इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट, यातायात ठप, गाड़ी के नीचे मिला 6 फीट लंबा मगरमच्छ

# लातूर में स्कूल बस पलटने से 22 छात्र घायल, एक की हालत गंभीर


**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पानी भरने से जहां एक तरफ रेल यातायात ठप हो गया, वहीं दूसरी तरफ जलभराव के कारण जंगली जानवर भी रिहायशी इलाकों का रुख कर रहे हैं।

ऐसा ही घटना पवई के चांद शाह वली दरगाह के पास से सामने आई। जहां खड़ी गाड़ियों के नीचे एक 6 फीट लंबा मगरमच्छ देखा गया। माना जा रहा है कि भारी बारिश के कारण यह रास्ता भटक कर झील से बाहर आ गया था।

वहीं गुजरात के सूरत और नवसारी में बाढ़ के हालात बन गए हैं। राजस्थान के जोधपुर समेत कई शहरों में सड़कों पर नदियों की तरह पानी बह रहा है। मध्य प्रदेश के जबलपुर में पांच मंजिला इमारत गिर गई।





### बस में करीब 35 छात्र सवार थे

महाराष्ट्र के लातूर जिले में बुधवार सुबह एक निजी स्कूल बस सड़क किनारे बने छोटे नाले में पलट गई। हादसे में 22 छात्र घायल हो गए, जिनमें एक छात्र की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के अनुसार, बस में करीब 35 छात्र सवार थे और यह उन्हें स्कूल लेकर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह करीब 9.30 बजे चाकूर तहसील के सांडोल-महांडोल रोड पर हुआ। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर विद्यालय, राचन्नावाड़ी की बस स्कूल जा रही थी। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सड़क से उतरकर नाले में पलट गया।

**मौसम विभाग की चेतावनी- जारी रहेगा भारी बारिश का दौर**

उधर, मौसम विभाग ने बुधवार को मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। विभाग की माने तो निचले इलाकों में बाढ़, जलभराव, भूस्खलन और ट्रैफिक जाम की आशंका है। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग के अनुसार, 9 जुलाई से बारिश की रफ्तार थोड़ी कम होगी और 12 जुलाई से हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

---

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी

# बाहरी देशों से भी जुट रहे लोग

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

पहले गर्मी और अब जबरदस्त बारिश के बीच भी जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। इस बीच देश के अलग-अलग राज्यों से लोग दिल्ली के प्रदर्शन स्थल पर पहुंच रहे हैं। लोगों में पेपर लीक को लेकर इतना रोष है कि कुछ लोग तो विदेश से भी यहां आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया से आए एक शख्स ने बताया है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन देखा और खुद को जंतर-मंतर पर आने से नहीं रोक पाए। आइए आपको बताते हैं कि सीजेपी के प्रोटेस्ट में लोग कहां-कहां से आए हैं।

ऑस्ट्रेलिया से आए विकास राणा ने बताया कि वो पिछले 10 साल से विदेश में हैं। वो सोशल मीडिया से दूर रहते हैं। अगर वहां जाते भी हैं तो उनके फीड में भारत की न्यूज कम ही आती हैं। लेकिन जब उन्होंने जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रोटेस्ट की न्यूज देखी तो उनसे रहा नहीं गया। नीट पेपर लीक पर गुस्सा जाहिर करते हुए विकास ने कहा कि छात्र सुसाइड कर रहे हैं, ये देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई। ऑस्ट्रेलिया के एजुकेशन सिस्टम पर बात करते हुए विकास ने कहा कि वहां लोगों के बीच अमीर और गरीब का फासला नहीं है। वहां, अगर आपके माता-पिता फीस नहीं भर सकते तो नर्सरी से लेकर पीएचडी तक पढ़ाई फ्री है।




**फंडिंग की बात को नकार दिया**

राजस्थान के भरतपुर से जंतर-मंतर पहुंचे बीएस आर्या ने बताया कि वो इस मूवमेंट को सपोर्ट करने आए हैं। उन्होंने कहा कि वो दो हफ्ते से यहां पर हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा के खिलाफ जो इतना भ्रष्ट सिस्टम चल रहा है, उसके खिलाफ सड़कों पर उतरना जरूरी है। आर्या ने कहा कि वो कॉकरोच जनता पार्टी से नहीं जुड़े हैं, वो सिर्फ नीट पेपर लीक के खिलाफ इस आंदोलन को सपोर्ट करने यहां आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि अनशन चल रहा है, कई बच्चे अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं, लेकिन किसी को फर्क नहीं पड़ रहा है। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार ऐसे मौके भी आए, जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को परेशान करने की कोशिश करती है। खाने-पीने के लिए जो लोग यहां सामान लेकर आते हैं, उन्हें भी परेशान किया जाता है। जो लोग फंडिंग की बात कर रहे हैं, वो सब झूठ है। अच्छे लोग आगे आकर यहां खुद सपोर्ट कर रहे हैं। कोई खाने की व्यवस्था कर रहा है तो कोई पीने के पानी की।

---

## राममंदिर चंदा चोरी- फर्जी रसीद बुक मिली

**एजेंसी ▸▸ अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के तीन आरोपियों लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा और करुणेश पांडेय को पुलिस ने 40 घंटे की रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को आरोपियों से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की पुरानी फर्जी रसीद बुक मिली है। यह रसीद हूबहू असली की तरह दिखती है। इस पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का लोगो बना है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में कबूला है कि वे फर्जी रसीद काटकर चंदा देने वालों से पैसे भी ऐंठ लेते थे। शुरूआत में टिन्नू यादव, लवकुश, करुणेश, अनुकल्प समेत अन्य आरोपी जब कोई मंदिर में दान देने की इच्छा जताता था, तो उसे रसीद के तौर पर यह फर्जी रसीद दे देते थे, ताकि किसी को शक न हो। अब नई व्यवस्था के तहत रसीद ऑनलाइन मिलती है, इसलिए इन लोगों ने इन रसीदों का इस्तेमाल करना बंद कर दिया था।

---

# ईरान के 80 टारगेट पर अमेरिकी हमले

### होर्मुज में जहाजों पर ईरानी हमले के बाद एक्शन



**एजेंसी ▸▸ तेहरान**

अमेरिका ने ईरान के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक यह कार्रवाई होर्मुज में जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाटो समिट के दौरान कहा कि ईरान के साथ हुआ सीजफायर समझौता अब खत्म हो चुका है और अब वह ईरान से कोई डील नहीं करना चाहते। ट्रम्प ने कहा, हमने पिछली रात ईरान पर जोरदार हमला किया। खतरनाक लोगों को निशाना बनाया। हर बार वे हमला करेंगे, हम जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका का लक्ष्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है। ट्रम्प ने नाटो पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गठबंधन ने दुनिया के सबसे बड़े आतंक समर्थक देश ईरान के खिलाफ अमेरिका का साथ नहीं दिया।

---

## प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मियों को मिली बड़ी खुशखबरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों के लिए आखिरकार वो खुशी का दिन आ ही गया, जिसका उन्हें पिछले एक दशक (10 साल) से इंतजार था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों को अब तक की सबसे बड़ी सौगात देते हुए रुकी हुए प्रमोशन की प्रक्रिया को हरी झंडी दे दी है। सरकार के इस बड़े फैसले से बरसों से एक ही पद पर बैठे लाखों कर्मचारियों को सीधा फायदा होने जा रहा है। 8 जुलाई को भोपाल स्थित मंत्रालय का नजारा देखने लायक था। जैसे ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए मंत्रालय पहुंचे, वहां मौजूद कर्मचारियों का उत्साह सातवें आसमान पर था। कर्मचारियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप और फूलों के गुलदस्तों के साथ मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। प्रमोशन का रास्ता साफ होने की खुशी कर्मचारियों के चेहरों पर साफ देखी जा सकती थी। इस दौरान कर्मचारी कल्याण समिति, मंत्रालय कर्मचारी संघ और अजाक्स के दिग्गज पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में सचिवालय स्टाफ मौजूद रहा, जिन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस भावुक और उत्साही माहौल के बीच, कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री के सामने एक और मांग रखी, उन्होंने आग्रह किया कि जिन विभागों में अभी तक यह प्रक्रिया तकनीकी कारणों से शुरू नहीं हो पाई है, वहां भी इसे जल्द से जल्द लागू किया जाए।

---

## बंगाल में बच्ची से रेप-मर्डर का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नाबालिग से रेप और मर्डर का एक आरोपी प्रभास मंडल पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पूछताछ के दौरान पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था।

न्यूज एजेंसी के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान प्रभास मंडल ने एक पुलिसकर्मी की राइफल छीन ली। इसके बाद पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें प्रभास को गोली लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बारुईपुर में 12 साल की लड़की 4 जुलाई को लापता हो गई थी। 5 जुलाई को उसका शव एक तालाब से मिला। पोस्टमॉर्टम में रेप की पुष्टि हुई, जिसके बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। पुलिस ने रेप-मर्डर के आरोप में प्रभास सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया था। दूसरा आरोपी आनंद सरदार है।

### मां ने ठुकराया शव, बोली- उसने जो किया, उसकी सजा मिली

प्रभास मंडल की मुठभेड़ में मौत के बाद उसकी मां संध्या मंडल ने शव लेने से इनकार कर दिया।



उन्होंने कहा- उसने जो किया, उसकी सजा उसे मिल गई। मैं उसका चेहरा भी नहीं देखना चाहती और परिवार का कोई सदस्य भी शव लेने नहीं जाएगा। संध्या मंडल ने यह भी आरोप लगाया कि उनका बेटा लंबे समय से नशे का आदी था और कभी उनकी बात नहीं मानता था।

---

यूपी में रिटायर्ड एआरटीओ के घर से

# 13 किग्रा सोना और 9 किग्रा चांदी मिली

### विजिलेंस के छापे में हीरे भी मिले, दीवारों-पैकटों में छिपाया था 1.62 करोड़ कैश

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

यूपी में रिटायर्ड सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के लखनऊ स्थित घर पर विजिलेंस ने छापा मारा। करीब 26 घंटे चली छापेमारी में ललित कुमार के लखनऊ आवास से 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी और हीरे के आभूषण बरामद किए हैं। जिनकी कीमत 20 करोड़ रुपए आंकी गई है।



तलाशी के दौरान टीम को करीब 1.62 करोड़ रुपए कैश भी मिला, जो उसने पैकेटों में दीवार और अलग-अलग कमरों में छिपाकर रखे थे। 15 जगहों पर मकान, फ्लैट और खेती की जमीनों के दस्तावेज भी मिले हैं।

---

पहलगाम हमले के बाद बनी 14 आतंकियों की हिट लिस्ट में यह आतंकी भी था शामिल

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर कमांडर जाकिर अहमद ढेर

**एजेंसी ▸▸ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी मारा गया। बुधवार को सुरक्षाबलों ने उसका शव बरामद किया।

आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सेना ने शनिवार शाम चनापोरा इलाके में ऑपरेशन शुरू किया था। ऑपरेशन के पांचवें दिन जाकिर गनी का शव बरामद हुआ। एक और आतंकी लतीफ भट के छिपे होने की आशंका है।

जाकिर गनी उन 14 आतंकियों की सूची में शामिल था, जिसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जारी किया था। यह संयुक्त ऑपरेशन जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ ने मिलकर चलाया।



### आंतकियों के खिलाफ 5 दिन से ऑपरेशन जारी

- आतंकियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद शनिवार शाम से चनापोरा इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। ऑपरेशन में सेना की 44 आरआर, 20 आरआर, 34 आरआर, 55 आरआर, 3 पैरा, जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और सीआरपीएफ की 14 व 178 बटालियन शामिल हैं।
- सेना की खास एंटी टेररिज्म यूनिट, 'विक्टर फोर्स' ने बाग के घने पेड़ों के बीच से भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए और इलाके में रोशनी का इंतजाम भी किया। सुरक्षाबल पिछले कई दिनों से गांवों और आसपास के इलाकों में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सीवरेज लाइन जाम...




धर्मनगरी में पिछले 8 वर्षों से सिवरेज की लाईन डालने का काम अंजाम दिया जा रहा है। अरबों-खरबों की इस योजना को धरातल पर लाने में पसीना तो आ ही रहा है। इसकी सफलता पर भी अभी से जनमानस में सवाल उठने लगे हैं। जनमानस के सवालों के घेरे में सीवरेज की इस योजना में जिस आकार के पाईप रहवासी क्षेत्रों में डाले जा रहे हैं वह योजना कागजों में करीब 10 साल पहले आई होगी। उसे अमली जामा पहनाने में समय लगा होगा। कर्णधारों के गले योजना को उतारने में समय लगा होगा। उसके उपरांत योजना को विधि सम्मत रूप मिल सका होगा। इसके बाद अन्य कार्रवाई करते हुए उसका ठेका विधि मान्य रूप से दिया गया होगा। करीब 12 वर्ष पूर्व योजना की डीपीआर बनी होगी। ठेके में पूरी लाइन को चालू कर कुछ वर्षों तक इसका संधारण भी किए जाने की शर्त शामिल है। जनमानस सवाल उठा रहा है कि जिस आकार के रहवासी क्षेत्रों में पाइप इस्तेमाल किए गए हैं उनसे तो वर्तमान में जहां लाईन चालू की गई है वहां ही चैंबर जाम के हालात बनने लगे हैं। सिवरेज का प्रवाह ही पूरी तरह से उसमें नहीं चल पा रहा है। ऐसे में सफाई के हालात बनना तय है और चेंबरों के ओव्हर फ्लो के हालात भी बनना तय हैं। अगर आगामी 10 साल यह योजना जैसे-तैसे चल भी गई तो उसके बाद क्या एक बार फिर से 10 साल तक शहर की खुदाई करते हुए नई सिवरेज लाइन डालने की योजना पर अरबों रूपए खर्च के लिए फिर से योजना बनाई जाएगी। अभी के हालातों में ही सालों बितने पर भी यह तय रूप से कोई जिम्मेदार यह कहने की स्थिति में नहीं है कि आखिर कब और किस दिनांक से शहर भर में सिवरेज की लाइन चालू कर दी जाएगी। खुसूर-फुसूर है कि योजना की शुरूआत में ही यह तो सबके सामने ही होगा कि अगले 10 वर्ष में सिवरेज को लेकर शहर की हालत क्या और कैसी होगी। विकासशील शहर में रोज नई कालोनियां जुडती जा रही है। आवासीय क्षेत्र विकसित हो रहे हैं। अभी उन क्षेत्रों तक तो यह लाइन डली ही नहीं है। ऐसे में सिवरेज निश्चित तौर पर कहीं न कहीं किसी न किसी क्षेत्र को तो प्रदुषित करेगा ही। नए क्षेत्रों में सिवरेज को लेकर जरूर कुछ जगहों पर अभी से बेहतर प्रबंधन किए जाने की स्थिति है लेकिन जो क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुए हैं वहां तो अभी सभी कुछ किया जाना बाकी है। ऐसे में इस सिवरेज की योजना की सफलता संशय के दायरे में है। आए दिन इसके चैंबरों का जाम यही कह रहा है कि अगले 40 वर्ष तो ठीक आगामी दशक में ही यह समस्या फिर विकराल रूप से सामने आएगी और धरा के अंदर की लाइन और उसमें बहता सिवरेज भी।

## न्यूज कॉलम

### श्वेता की स्मृति में पौधारोपण हाटकेश्वर उद्यान में लगाए 42 पौधे



**उज्जैन।** छोटी उम्र में विभिन्न क्षेत्रों में बड़े कीर्तिमान स्थापित करने वाली आदर्श शिक्षिका और सच्ची समाजसेविका स्व. श्रीमती श्वेता नागर पुत्री सुरेश रावल की 42वीं जन्म-जयंती पर वार्ड 49 में नगर-निगम द्वारा विकसित श्री हाटकेश्वर उद्यान में पूर्व पार्षदद्वय संतोष व्यास और ऋतुराज व्यास के मुख्य आतिथ्य और वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र नागर के विषेश आतिथ्य में विभिन्न प्रजाति के फल, फूल और औषधि के 42 पौधे न केवल लगाए बल्कि इनके संरक्षण तथा सुरक्षा का भी संकल्प लिया। संचालन प्रकाश बांगर ने किया। इस अवसर पर जिलेदार सिंह सिकरवार, विजय सिह चौहान, मधुकर राव शिन्दे, एड.बी. एल. शर्मा, के. के. रावत, अजय खत्री, गोपाल जुनेजा, रवि औझा, राहुल नागर, सुरेश रावल सहित बड़ी सन्ख्या में क्षेत्र की माता-बहिनें और बच्चे उपस्थित थे।

### व्यवसायी प्रभात बर्वे का हृदयाघात से असामयिक निधन

**उज्जैन।** नगादा नगर के प्रिंटिंग प्रेस एवं कंप्यूटर व्यवसायी प्रभात बर्वे का मंगलवार को हृदयाघात के कारण आकस्मिक निधन हो गया। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल जनसेवा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया। स्वर्गीय प्रभात बर्वे अपने सहज, सरल, मिलनसार एवं सेवा-भावी व्यक्तित्व के कारण नगर में विशेष पहचान रखते थे। उनके आकस्मिक निधन का समाचार मिलते ही परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों तथा सामाजिक एवं व्यावसायिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

हर साल की तरह इस बार भी खरीदी में सोख्ता की स्थिति कायम रही

# समर्थन मूल्य पर खरीदी का 1.39 करोड़ का गेहूं गायब

## सोसायटी की खरीद से गोदाम पहुंचने के बीच 396 टन गेहूं का नहीं मिल रहा हिसाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुछ माह पूर्व सरकार ने किसानों से समर्थन मुल्य पर गेहूं खरीदी की थी। जिले भर में इसकी जोरदार रेकार्ड खरीदी की गई थी। इसी गेहूं में से 1.39 करोड़ से अधिक की राशि का 396 टन गेहूं गायब हो गया है। गेहूं गायब होने का यह मामला खरीदी करने वाली सोसायटी और गोदाम तक पहुंचाने वाले परिवहनकर्ता के बीच ही होना सामने आया है।

हर साल की तरह एक बार फिर से इस वर्ष भी समर्थन मुल्य पर खरीदी का गेहूं गायब हुआ है। इसे शासकीय भाषा में सोख्ता कहा जाता है। इस वर्ष उज्जैन जिले में 172 केंद्रों के माध्यम से सरकार ने समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की थी। उज्जैन में पिछले वर्ष 95 हजार मेट्रिक टन की अपेक्षा इस बार 1.24 लाख मेट्रिक टन की खरीदी की थी। इसी में से 396 टन गेहूं का हिसाब किताब मिलान में नहीं आ रहा है। प्रारंभिक स्थिति में दस्तावेजों से आंकड़ों को देखा गया है। सोसायटियों की खरीद एवं वहां से तौलकर परिवहनकर्ता के दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों को जांचा गया है।



**किस जिले में कितना गेहूं गायब**

| जिला | गायब गेहूं |
|---|---|
| जबलपुर | 1433 टन |
| सागर | 1166 टन |
| नरसिंहपुर | 804 टन |
| विदिशा | 694 टन |
| सतना | 551 टन |
| आगर मालवा | 518 टन |
| उज्जैन | 396 टन |
| राजगढ़ | 330 टन |
| शाजापुर | 330 टन |
| रीवा | 308 टन |
| रायसेन | 253 टन |
| सिवनी | 220 टन |
| अशोकनगर | 165 टन |

नोट-जानकारी सूत्रों के आधार पर।

### सरकार को कोई नुकसान नहीं

जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा से जानकारी लेने पर उन्होंने गेहूं की मात्रा का खुलासा नहीं किया लेकिन दावे से यह कहा कि इस पूरे मामले से शासन को कोई वित्तीय नुकसान की स्थिति नहीं है। प्रति वर्ष यह सोख्ता स्थिति बनती है जिसे शार्टेज कहा जाता है। हमें खरीदी के आंकडों का वजन चाहिए होता है। शार्टेज माल की कीमत सोसायटी एवं परिवहनकर्ता से वसूली जाती है। इस बार भी वसूल की जाएगी। खरीदी में सोसायटी का जो कमीशन होता है और परिवहनकर्ता का जो भुगतान होता है उसमें से इसकी वसूली कर ली जाती है।

### 13 जिलों में 7168 टन गायब

इधर जानकारी सामने आ रही है कि प्रदेश के 13 जिलों से सात हजार 168 टन गेहूं गायब है। 2625 रुपये प्रति क्विटल की दर से इसकी कीमत 18 करोड़ 82 लाख रुपये है। मामला सामने आने के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने जांच का काम शुरू किया है। इसे लेकर जिलों में जांच दल के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। स्थानीय अधिकारियों के साथ जाकर विभिन्न वेयर हाउसों का रिकॉर्ड देखा जा रहा है। खरीदी और परिवहन के दौरान गेहूं गायब होने की स्थिति सामने आ रही है। फिलहाल जांच एजेंसियां खरीदी केंद्रों, परिवहन रिकॉर्ड और वेयर हाउस में जमा स्टाक का मिलान कर रही हैं।

सिंहस्थ पूर्व उज्जैन में दताना हवाई पट्टी के स्थान पर एयरपोर्ट आकार लेगा

# उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ कार्गो लाने की तैयारी

## विक्रम उद्योगपुरी के साथ ही देवास का औद्योगिक क्षेत्र भी होगा लाभांवित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ के पूर्व दतान हवाई पट्टी पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट आकार लेने की योजना धरातल पर उज्जैन एवं देवास के उद्योगों के लिए सौगात लेकर उतरने वाली है। अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कार्गो सुविधा के लिए भी प्रयास तेज हो चुके हैं और एयरपोर्ट के साथ कार्गो की अनुमति एवं सुविधा मिलने से विक्रम उद्योगपुरी एवं देवास का औद्योगिक क्षेत्र भरपूर लाभांवित होंगे।

विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के साथ अगर अंतर्राष्ट्रीय कार्गो की सुविधा मिलेगी तो ऐसे में दताना हवाई अड्डा से सर्वाधिक लाभ औद्योगिक इकाईयों को होगा। इसके साथ ही अन्य नागरिक लाभ तो मिलना ही है। वर्तमान में दताना-मताना क्षेत्र में बोइंग श्रेणी के विमानों की उड़ान का हवाई अड्डा यहां बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए करीब 400 एकड़ जमीन अधिग्रहण की तैयारी की जा रही है। इसका रनवे 3600 से 4000मीटर लंबा रहेगा।



### ये लाभ होगा कार्गो सुविधा से

एयर कार्गो, जिसे एयर फ्रेट भी कहा जाता है, का तात्पर्य हवाई मार्ग से माल परिवहन से है। इसमें एयर मेल, एयर फ्रेट और एयर एक्सप्रेस जैसी सेवाएं शामिल हैं और यह वैश्विक स्तर पर तत्काल शिपमेंट भेजने के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। मूल रूप से, हवाई जहाज द्वारा माल ढुलाई में छोटे पार्सल से लेकर विशाल मशीनरी तक, विमान के माध्यम से भेजे जाने वाले सभी प्रकार के सामान शामिल होते हैं। यह उन उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो त्वरित और समयबद्ध डिलेवरी पर निर्भर करते हैं। घरेलू हवाई माल ढुलाई के लिए कुशल और सुरक्षित कार्गो प्रबंधन प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। आधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी-आधारित प्रक्रियाओं के साथ, यह टर्मिनल कई एयरलाइनों के लिए कार्गो की सुचारू स्वीकृति, पृथक्करण, भंडारण और प्रेषण सुनिश्चित करता है।

### जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया

सिंहस्थ-2028 में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रशासन इस और तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसके चलते उज्जैन-देवास मार्ग पर स्थित दताना-मताना क्षेत्र में प्रस्तावित एयरपोर्ट को लेकर सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के बीच 1 नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एमओयू साइन किया गया था। इस समझौते के तहत 45 करोड की प्रारंभिक राशि एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया को दी जा चुकी है। इसके बाद तकनीकी प्रक्रिया शुरू हुई और मिट्टी परीक्षण भी कराया गया। शुरूआती योजना के अनुसार रनवे 1800 मीटर का होना था, लेकिन अब इसे दोगुना कर 3600 से 4000 मीटर करने का प्रस्ताव है, ताकि बोइंग सी-20 जैसे बड़े विमानों का संचालन संभव हो सके। इसके बनने से उज्जैन की इंदौर पर निर्भरता खत्म होगी और पर्यटन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। जमीन अधिग्रहण को लेकर गतिविधि तेज हो चुकी है।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होगा हवाई अड्डा

उज्जैन के दताना मताना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर भारतीय विमान प्राधिकरण नई दिल्ली के जनरल मैनेजर कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन संदीप झा ने तत्कालीन दौर में बताया था कि वर्ष 2047 तक देश में 400 एयरपोर्ट बनाए जाना हैं वर्तमान में देश में 164 एयरपोर्ट हैं। आगामी समय में उज्जैन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा देंगे। उज्जैन हमारे धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र है।

### अंतर्राष्ट्रीय कार्गो के प्रयास

सूत्रों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के साथ उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय कार्गो भी शुरू किया जाए। उज्जैन इलाके में आ रही औद्योगिक इकाईयों के लिए यह कार्गो मददगार साबित होगा। एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण, मुआवजा और अन्य स्वीकृतियों के लिए राजधानी से लेकर उज्जैन के अधिकारी सतत प्रयासरत हैं। ये मामला अभी पाईप लाईन में ही बताया जा रहा है।

# सवारी मार्ग के कार्य 10 जुलाई तक पूरे करें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की सवारी को देखते हुए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को हरसिद्धि पाल-रामघाट, रामानुजकोट-गणगौर दरवाजा तथा सत्यनारायण मंदिर से छत्री चौक तक चल रहे सीवरेज और सड़क चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के साथ सभी लंबित कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

अमृत 2.0 योजना के तहत टाटा कंपनी द्वारा किए जा रहे सीवरेज कार्य की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने अतिरिक्त श्रमिक और संसाधन लगाकर पाइपलाइन एवं सीसी सड़क निर्माण का कार्य 10 जुलाई तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि महाकाल सवारी मार्ग पर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। वार्ड क्रमांक 22 में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान योगमाया मंदिर क्षेत्र में सफाई संतोषजनक नहीं मिलने पर स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य अधिकारी का वेतन काटने के निर्देश दिए।

# अब 14 जुलाई से चक्रतीर्थ पर मिलेगा मृत्यु प्रमाण पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम की स्वास्थ्य समिति की बैठक में महापौर मुकेश टटवाल ने वर्षाकाल को देखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी सफाई संबंधी समस्या हो, उसका तत्काल समाधान किया जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ प्रभावी चालानी कार्रवाई की जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मंगलवार से चक्रतीर्थ पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। घर पहुंचकर मृत्यु प्रमाण पत्र देने की सुविधा भी पूर्ववत जारी रहेगी।

महापौर ने सुलभ कॉम्प्लेक्स की नियमित सफाई, आवारा पशुओं पर कार्रवाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों के समय पर संचालन और नागरिकों को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। उद्यानों व सार्वजनिक स्थलों पर पालतू श्वानों को खुले में शौच कराने वालों पर भी चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहारों को देखते हुए धार्मिक स्थलों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रदेश की पहली आइडिया लैब तैयार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के देवास रोड स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रदेश की पहली आइडिया लैब तैयार हो गई है। 90 लाख रुपए की लागत से बनी इस लैब में विद्यार्थी अपने आइडिया को प्रोटोटाइप (प्रोडक्ट) का रूप दे सकेंगे। इस लैब में 35 अत्याधुनिक मशीनें और 160 से अधिक टूल्स एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। पॉलिटेक्निक संस्थानों में यह प्रदेश की पहली सबसे आधुनिक लैब है। कॉलेज के वर्कशॉप सुपरिंटेंडेंट एवं आइडिया लैब प्रभारी डॉ. आरवी पाटिल ने बताया कि यहां विद्यार्थी लेजर कटर, 3डी प्रिंटर, सीएनसी राउटर, सीओ2 लेजर कटर और इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित उपकरणों पर काम कर सकेंगे।

# ठहाकों की गर्जना हास्य -व्यंग्य की वर्षा के मध्य हुआ झालमुड़ी एवं धुरंधर सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



हास्य सम्राट पंडित ओम व्यास ओम की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ओम हास्याय नमः संस्था द्वारा हास्य व्यंग्य के क्षेत्र में परचम लहराने वाले इंदौर के सुप्रसिद्ध हास्य कवि प्रदीप नवीन को झालमुड़ी सम्मान एवं रतलाम के व्यंग्य क्षेत्र के नमकीन गाठिया कवि जुझार सिंह भाटी को धुरंधर व्यंग्य सम्मान से अलंकृत किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि निगम महापौर मुकेश टटवाल थे। विशेष अतिथि विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव थे। समारोह के अध्यक्षता इंदौर के प्रसिद्ध साहित्यकार हरिराम वाजपेई ने की। अतिथि द्वारा झालमुड़ी नमकीन की माला, शाल श्रीफल, दुपट्टा, पगड़ी, मोमेंटो द्वारा कवियों का बहुमान किया गया। समारोह के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके ने अपने अंदाज में कहा कि बुलंदियां खुद ही तलाश लेगी आपको, बस मौका ना छोड़िएगा मुश्किलों में मुस्कुराने का।

आगर रोड दरगाह मंडी चौराहे पर अतिक्रमण से बिगड़ी यातायात व्यवस्था, रोज लग रहा जाम

# दुकानों के बाहर वाहनों का जमावड़ा, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के प्रमुख कारणों में से एक मुख्य मार्गों पर फैला अतिक्रमण भी है। इसका ताजा उदाहरण आगर रोड स्थित दरगाह मंडी चौराहा है, जहां दुकानों के बाहर खड़े ई-रिक्शा, चारपहिया व दोपहिया वाहनों के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से यहां यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।दरगाह मंडी चौराहे के आसपास गैरेज, वेल्डिंग तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हैं। इन दुकानों पर मरम्मत के लिए आने वाले ई-रिक्शा और अन्य वाहन लंबे समय तक सड़क पर खड़े रहते हैं। इसके अलावा कुछ कबाड़ और अनुपयोगी वाहन भी सड़क पर पड़े होने से मार्ग और संकरा हो गया है। इस कारण मुख्य सड़क का बड़ा हिस्सा पूरे दिन वाहनों से घिरा रहता है और दिनभर यातायात बाधित होता है।

सड़क चौड़ी होने के बावजूद भी यहां फैली अव्यवस्था के कारण वाहनों का जाम लग रहा है लोगों को यहां से निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग कृषि उपज मंडी और आगर रोड जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ता है। ऐसे में इस मार्ग पर भारी वाहनों सहित अन्य यातायात का दबाव लगातार बना रहता है। लेकिन सड़क पर वाहनों के खड़े रहने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है जिससे स्थानीय रहवासियों, व्यापारियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### पहले भी हो चुका है हादसा

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार दरगाह मंडी चौराहे पर फैली अव्यवस्था को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत और व्यवस्था सुधारने की मांग की जा चुकी है। बावजूद इसके स्थिति में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने यह भी बताया कि कुछ वर्ष पहले इसी क्षेत्र में बिगड़ी यातायात व्यवस्था की वजह से एक बस कंडक्टर सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ था, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद भी यातायात व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका।

### कार्रवाई की मांग..

रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि दुकानों के बाहर सड़क पर खड़े वाहनों और अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित कार्रवाई की जाए, ताकि मुख्य मार्ग पर यातायात सुचारु हो सके और भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका कम हो।

## न्यूज कॉलम

### सीएम ने किसान इरिगेशन की चौथी विनिर्माण इकाई का किया लोकार्पण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की चौथी नवीन विनिर्माण इकाई का फीता खोल कर और रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने फैक्ट्री परिसर स्थित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री ने नवीन इकाई का अवलोकन किया और पाइप निर्माण में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक मशीनों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कंपनी द्वारा कृषि, सिंचाई और जल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कंपनी प्रबंधन को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र मध्यप्रदेश की औद्योगिक शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है।

### रेसीडेंसी कोठी पर आयोग मित्रों के साथ बैठक आयोजित

**इंदौर।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह इंदौर प्रवास पर आये। उन्होंने रेसीडेंसी कोठी पर आयोजित बैठक में आयोग मित्रों के साथ मानव अधिकार सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक में आयोग मित्र रवि अतरोलिया, डॉ. अवनीश जैन, पराग अग्रवाल शामिल हुए। बैठक में आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग मानव अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही प्रशासन के कार्यों में सहयोग भी देता है। जहाँ कहीं भी मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है, उसे मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करता है। उन्होंने कहा कि इंदौर स्थित मानव अधिकार आयोग के शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय में मानव अधिकार उल्लंघन से संबंधित आवेदन प्राप्त होते हैं।

### इंदौर जू में मिलेगा डिजिटल जंगल का रोमांच



**इंदौर।** इंदौर के जू में आने वाले दिनों में शहरवासियों को डिजिटल तकनीक से जंगल और वन्यजीव का अनूठा अनुभव मिलेगा। इंदौर नगर निगम द्वारा जू परिसर में अत्याधुनिक 14-ऊथिएटर बनकर तैयार है, जिसका काम अंतिम चरण में है। काम पूरा होते ही इस अत्याधुनिक सुविधा को शहरवासियों के लिए समर्पित किया जाएगा। बुधवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव इस थिएटर को देखने पहुंचे। यहां उन्होंने निर्माण एजेंसी द्वारा किए जा रहे कामों को देखा और इसकी सराहना की। महापौर ने कहा कि पीएम ने इंदौर के बारे में कहा था जब दूसरे शहर सोचते हैं, तब तक इंदौर वह काम कर चुका होता है। इसी सोच के अनुरूप नगर निगम लगातार नवाचार कर रहा है। अब इंदौर जू में 14-ऊथिएटर शहरवासियों को डिजिटल जू और वर्चुअल जंगल का ऐसा अनुभव देगा, जो प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी एक नई पहल साबित होगा।

### फर्जी ई-चालान एपीके से 24.40 लाख की साइबर ठगी

**उज्जैन।** सूरत साइबर क्राइम सेल ने 24.40 लाख रुपये की साइबर ठगी मामले में उज्जैन के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों कमीशन लेकर बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। फर्जी ई-चालान एपीके डाउनलोड कराने के बाद पीड़ित का मोबाइल हैक कर रकम उड़ाई गई। सूरत साइबर क्राइम सेल ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने एक ऐसा बैंक खाता उपलब्ध कराया था, जिसका इस्तेमाल साइबर ठगी में किया गया। इस ठगी में एक व्यक्ति से फर्जी आरटीओ ई-चालान एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर उसका मोबाइल हैक किया गया और उसके खाते से 24.40 लाख रुपये निकाल लिए गए।

### फायर सेफ्टी को लेकर 100 से अधिक दुकानें-कार्यालय सील

**इंदौर।** शहर के आरटीएन मार्ग स्थित सिल्वर संचोरा बिल्डिंग में फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं करने पर नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। निगम की टीम ने बिल्डिंग में संचालित 100 से अधिक दुकानों और कार्यालयों को सील कर दिया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, बिल्डिंग में जरूरी फायर सेफ्टी सिस्टम उपलब्ध नहीं था। इससे पहले भी बिल्डिंग सोसायटी को कई बार नोटिस जारी कर फायर सुरक्षा उपकरण लगाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद आवश्यक इंतजाम नहीं किए गए। इसी लापरवाही को देखते हुए निगम ने कार्रवाई करते हुए पूरी बिल्डिंग की दुकानों और ऑफिसों को सील कर दिया।

### सियागंज की तीन दुकानों में चोरी सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

**इंदौर।** इंदौर के प्रमुख इलेक्ट्रिकल होलसेल बाजार सियागंज में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सियागंज थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों ने तीन दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नकदी और अन्य सामान चोरी कर फरार हुए आरोपियों की पूरी करतूत दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, बदमाश देर रात बाजार में पहुंचे और तीन दुकानों के ताले तोड़कर अंदर घुस गए। वहां से नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह दुकानदारों के दुकान पहुंचने पर लगी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। व्यापारियों का कहना है कि सियागंज शहर का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल होलसेल मार्केट है और थाना भी बाजार के नजदीक स्थित है। इसके बावजूद लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं।

वार्ड 77 के मुक्तिधाम में जीर्णोद्धार का कार्य जारी, लेकिन

## शोकाकुल परिवारों की परेशानी का जिम्मेदार कौन?

### नागरिक बोले— पहले वैकल्पिक शेड बनता, फिर पुराना हटता तो नहीं होती परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तेजाजी नगर क्षेत्र के नई बस्ती (केलोद करताल) स्थित वार्ड क्रमांक 77 के मुक्तिधाम में इन दिनों जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। क्षेत्रीय पार्षद प्रियंका चौहान की पहल पर यहां लगभग चार नए अंतिम संस्कार प्लेटफॉर्म, बाउंड्री वॉल सहित अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्रवासी भी इस विकास का स्वागत कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि विकास कार्यों के साथ संवेदनशील परिस्थितियों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए था।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुराने मुक्तिधाम का टीन शेड हटाने से पहले यदि किसी एक स्थान पर नया या अस्थायी शेड तैयार कर दिया जाता, तो अंतिम संस्कार के लिए आने वाले परिवारों को बारिश के मौसम में परेशान नहीं होना पड़ता। उनका कहना है कि विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को सुविधा देना है, लेकिन यदि निर्माण के दौरान ही लोगों को असुविधा होने लगे तो योजना पर पुनर्विचार जरूरी हो जाता है।

#### अस्थायी शेड की व्यवस्था होना बेहद जरूरी

- क्षेत्रवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद निश्चित रूप से मुक्तिधाम पहले से अधिक बेहतर और सुविधाजनक बनेगा, लेकिन जब तक कार्य पूरा नहीं होता, तब तक अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक सेवा के लिए अस्थायी शेड की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आखिर बारिश के इस मौसम में यदि किसी परिवार में दुखद घटना होती है, तो वह खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार कैसे करेगा? स्थानीय नागरिक मनीष बागवान और सुमित राठौड़ ने मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा नया शेड तैयार होने तक अस्थायी शेड और आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसी भी शोकाकुल परिवार को अंतिम विदाई के समय अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।
- यह मुद्दा विकास कार्यों का विरोध नहीं, बल्कि संवेदनशील योजना का है। सवाल सिर्फ इतना है कि क्या पहले वैकल्पिक व्यवस्था करके बाद में पुराने शेड को हटाया जाता, तो आम जनता की परेशानी टाली नहीं जा सकती थी?

#### लोगों ने सवाल उठाया

हाल ही में क्षेत्र के एक परिवार में निधन होने पर अंतिम संस्कार के लिए शव मुक्तिधाम लाया गया। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई। स्थायी शेड नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों ने अपने स्तर पर अस्थायी चादर और टीन की व्यवस्था कर किसी तरह अंतिम संस्कार संपन्न कराया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि यदि पहले वैकल्पिक व्यवस्था कर दी जाती तो शोकाकुल परिवार को इस कठिन परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ता।

## जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश बेअसर? प्राचार्यों ने रोक दिए कर्मचारियों के तबादले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शिक्षा विभाग में हाल ही में हुए बाबुओं और भृत्यों के प्रशासनिक तबादलों के बाद भी कई कर्मचारी अब तक कार्यमुक्त नहीं किए गए हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार स्थानांतरित कर्मचारियों को दो दिवस के भीतर ऑनलाइन कार्यमुक्त किया जाना था, लेकिन कई संकुल प्राचार्यों द्वारा इस आदेश का पालन नहीं किए जाने की चर्चा विभाग में जोरों पर है।

सूत्रों के अनुसार कुछ कर्मचारी वर्षों से एक ही संस्थान में पदस्थ हैं और स्थानांतरण के बाद भी अपने प्रभाव तथा स्थानीय स्तर पर मिली कथित संरक्षण के कारण कार्यमुक्त नहीं हो रहे हैं। इससे विभागीय आदेशों की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इंदौर जिले में हुए ये स्थानांतरण प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर किए गए हैं। ऐसे में विभागीय स्तर पर इनमें फेरबदल या निरस्तीकरण की संभावना भी सीमित मानी जा रही है। इसके बावजूद यदि कर्मचारी कार्यमुक्त नहीं हो रहे हैं तो सवाल उठ रहा है कि आखिर जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों का पालन कौन नहीं होने दे रहा है।

गौरतलब है की जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा ने 2 जुलाई 2026 को जारी आदेश क्रमांक 316 के माध्यम से संबंधित स्थानांतरित बाबुओं एवं भृत्यों को तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कई स्थानों पर आदेश का पालन नहीं होने की जानकारी सामने आ रही है।

#### हाईस्कूलों में भृत्यों की कमी, मिडिल स्कूलों में वर्षों से जमे कर्मचारी

शिक्षा विभाग में लंबे समय से भृत्यों की भर्ती नहीं होने के कारण हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कर्मचारियों की भारी कमी बनी हुई है। कई सीएम राइज स्कूलों में आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर, कई एकीकृत मिडिल स्कूलों में आवश्यकता से अधिक भृत्य वर्षों से पदस्थ हैं। छात्र संख्या कम होने के बावजूद वे वहीं बने हुए हैं।

विभागीय जानकारों का मानना है कि यदि ऐसे कर्मचारियों को आवश्यकता वाले हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ किया जाए तो कर्मचारियों की कमी काफी हद तक दूर हो सकती है।

#### जिला शिक्षा अधिकारी का पक्ष

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा से चर्चा की गई। उन्होंने कहा– प्रक्रिया जारी है। जिन कर्मचारियों के स्थानांतरण हुए हैं, उन्हें जल्द ही कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। फिलहाल मैं हाई कोर्ट के कार्य में व्यस्त हूं, इसलिए अधिक बात नहीं कर सकता।"

#### बड़ा सवाल

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिला शिक्षा अधिकारी स्वयं कार्यमुक्त करने का आदेश जारी कर चुके हैं, तब भी यदि कर्मचारी पुराने स्थानों पर बने हुए हैं तो जिम्मेदारी किसकी तय होगी? क्या विभाग आदेशों का पालन कराने के लिए सख्त कार्रवाई करेगा या फिर वर्षों से जमे कर्मचारियों की व्यवस्था पहले की तरह ही चलती रहेगी?

## पहली बार नए उज्जैन के फ्रीगंज आ सकते हैं भगवान जगन्नाथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बीते 118 वर्षों से पुराने शहर की परंपरागत गलियों में निकल रही भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा इस बार इतिहास रच सकती है। खाती समाज पहली बार रथयात्रा का विस्तार नए शहर तक करने पर विचार कर रहा है। योजना के अनुसार रथयात्रा बुधवारिया से प्रारंभ होकर टावर चौक फ्रीगंज पहुंचेगी।

ट्रस्ट पदाधिकारियों की जिला प्रशासन के साथ बैठक में इस मुद्दे पर सहमति बनती है, तो रथयात्रा के इतिहास में नया अध्याय जुड़ सकता है। ट्रस्ट सचिव अधिवक्ता मिश्रीलाल चौधरी ने बताया खाती समाज 118 साल से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालता आ रहा है। कार्तिक चौक स्थित जगदीश मंदिर से यात्रा शुरू होकर ढाबा रोड के रास्ते पुराने शहर में भ्रमण करती है। यात्रा में निकलने वाले बैंड, बाजे, धार्मिक झांकियां, अखाड़े तथा अन्य वाहन गणगौर दरवाजा से रामानुजकोट मार्ग पर खड़े रहते हैं। भगवान का रथ जैसे-जैसे आगे बढ़ता है वाहन कारवां में शामिल होते जाते हैं। इस बार यह संपूर्ण मार्ग उखड़ा पड़ा है। मार्ग दुरुस्तिकरण के लिए संबंधित विभागों से बात की है, लेकिन जिम्मेदारों ने काम पूरा होने में 20 दिन से अधिक समय लगने की जानकारी दी है। ऐसे में समाजजन पहली बार यात्रा बुधवारिया से फ्रीगंज स्थित टावर चौक तक निकालने पर विचार कर रहे हैं।

## मुसाखेड़ी ओवरब्रिज का काम देखने पहुंचे कलेक्टर वर्मा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुसाखेड़ी में बन रहे ओवरब्रिज का काम जल्द रफ्तार पकड़ेगा। बुधवार को कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को काम तेज करने और तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि एमपीआरडीसी के चार बड़े फ्लाइओवर का निरीक्षण किया जा रहा है। कुछ परियोजनाओं में देरी हुई है, इसलिए संबंधित ठेकेदारों पर पेनाल्टी भी लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन कामों को पूरा होने में अभी करीब छह महीने लगेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जब तक फ्लाइओवर का काम चलता है, तब तक लोगों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए सर्विस लेन की मरम्मत और पेचवर्क कराया जाए।

## होटल में फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ मारपीट

### जांच के लिये पहुंचे थे, शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर के आसपास होटलों में फायर सेफ्टी की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नगर निगम के सेफ्टी अधिकारी एक होटल में पहुंचे थे। इस दौरान होटल संचालक के पुत्र ने अधिकारी के साथ अभद्रता करते हुये दस्तावेज फेंक दिया और एक के बाद एक चार चांटे रसीद कर दिये। पुलिस ने मामले में शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया है।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि नगर निगम की टीम महाकाल मंदिर क्षेत्र की होटल, लॉजों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी की जांच का अभियान चला रही है। बुधवार को प्रभारी फायर अधिकारी लक्ष्मणप्रसाद साहू टीम के साथ जयसिंहपुरा स्थित मां पीताम्बरा होटल रेसीडेंसी जांच के लिये पहुंचे थे। इस दौरान उनका साथी कर्मचारी आशीष भाटी जांच अभियान के लिये पुलिस बल लेने महाकाल थाने चला गया। इस बीच फायर अधिकारी ने अपनी जांच का काम शुरू करते हुये। होटल के रिसेप्शन पर मौजूद कर्मचारी से फायर एनओसी के साथ फायर ऑडिट रिपोर्ट दिखाने और भवन अनुमति संबंधित दस्तावेज मांगे।

कर्मचारी ने होटल मालिक मनोहरलाल अरोन्या को जांच टीम के आने की जानकारी दी। होटल मालिक का पुत्र विकास अरोन्या वहां पहुंचा और उसने फायर सेफ्टी अधिकारी साहू के साथ अभद्रता शुरू कर दी। उसने उनका आई कार्ड चैक किया और काउंटर पर रखे दस्तावेजों के साथ उनका वायरलेस सेट फेंक दिया। अधिकारी द्वारा विरोध किया गया तो विकास अरोन्या ने एक के बाद एक चार चांटे रसीद कर दिये। लक्ष्मणप्रसाद साहू ने तत्काल सहायक आयुक्त अग्निशमन राघवेंद्र सिंह पालिया, उपायुक्त संजेश गुप्ता, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और अपर आयुक्त संतोष टैगोर को मामले की जानकारी दी। वहीं अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत दर्ज कराने महाकाल थाने पहुंचे। इस बीच मारपीट करने वाला होटल संचालक का पुत्र भाग निकला था। पुलिस ने विकास अरोन्या के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा के साथ मारपीट, अभ्रदता करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि नगर निगम फायर सेफ्टी अधिकारी के साथ मारपीट करने वाले की गिरफ्तारी के लिये एक टीम गठित की गई है। होटल संचालक और उसके परिवार से संपर्क कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। जल्द आरोपी गिरफ्त में होगा।

**मारपीट करने वाले की गिरफ्तारी के लिये एक टीम गठित की**

इंदौर में अब गंदे पानी के कारण जलसंकट

## बारिश के कारण नलों में नहीं आ रहा साफ पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में 13 इंच बारिश के बाद जहां भूजल स्तर सुधरने की उम्मीद बढ़ी है, वहीं शहर के कई इलाकों में गंदे और मटमैले पानी की सप्लाई लोगों की चिंता का कारण बनी हुई है। नगर निगम को रोज सैकड़ों शिकायतें मिल रही है।

इंदौर में हुई 13 इंच बारिश ने बोरिंगों को तो रिचार्ज कर दिया है, लेकिन अभी भी शहरवासियों को जलसंकट झेलना पड़ रहा है। नलों में जो पानी रोज सप्लाई हो रहा है, वह ज्यादातर इलाकों में साफ नहीं आ रहा है। पानी में मटमैलापन है और कई परिवार पानी को गर्म करके पी रहे हैं, ताकि पानी के कारण बीमारी न हो। उधर, भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड के बाद नगर निगम के अफसर भी इस बार गंदे पानी की समस्या को लेकर ज्यादा सतर्क हैं और रोज पानी के सैंपलों की संख्या बढ़ा दी है।

इंदौर के सुखलिया ग्राम, खातीपुरा, परदेशीपुरा, बाणगंगा, जनता कॉलोनी सहित कई इलाकों में नलों में गंदा पानी आ रहा है। इसके अलावा राजवाड़ा और आसपास के इलाकों में नर्मदा लाइन पुरानी हो चुकी है और वहां नालियां भी खुली हैं। इस कारण वहां भी नलों से मटमैले पानी की सप्लाई हो रही है। नगर निगम कंट्रोल रूम और निगम के 311 एप पर भी रोज सैकड़ों की संख्या में लोग गंदे पानी की शिकायतें कर रहे हैं।

#### निगम ने सर्वे शुरू किया

शहर में जिन इलाकों में पानी गंदा आ रहा है, वहां एनजीओ के माध्यम से नगर निगम ने सर्वे शुरू किया है। कर्मचारियों की टीम घरों में जाकर पानी की सप्लाई से जुड़ी जानकारी ले रही है। उन इलाकों पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है, जहां नर्मदा लाइन और ड्रेनेज लाइन पास-पास बिछाई गई हैं।

#### गंदे पानी की शिकायतें आ रही

अफसरों का कहना है कि कई बार हौज का पानी लाइनों में चला जाता है और वह लाइनों में भरा रहता है। दूसरे दिन सप्लाई के समय वही पानी नलों में आता है। जनकार्य समिति प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने कहा कि गंदे पानी की शिकायतें आ रही हैं। इस कारण कई इलाकों में अभी भी टैंकरों से सप्लाई जारी है। किराए के टैंकर धीरे-धीरे बंद किए जाएंगे।

## ऐसा क्या चूक रहे हैं सोनम वांगचुक...?

■ संदीप मेहता

एक बहुत बड़ा मुद्दा है, और अक्सर ये आरोप लगते रहते हैं कि पेपर लीक जैसी चीजें सिस्टम का हिस्सा बन जाती हैं। बीजेपी का उजागर करना शायद राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए हुआ, लेकिन सवाल ये भी है कि इस पूरे सिस्टम में सुधार कब होगा, ताकि छात्रों को भरोसा वापस मिले। पेपर लीक का मामला कोई नया नहीं है, ये दशकों से अलग-अलग राज्यों और परीक्षाओं में होता आया है। अक्सर परीक्षा का दबाव इतना ज्यादा होता है कि बिचौलिये और कुछ भ्रष्ट लोग इसमें शामिल हो जाते हैं। जब कोई पार्टी, चाहे वो बीजेपी हो या कोई और, इसे उजागर करती है, तो ये राजनीति में बड़ा विवाद बन जाता है। इस बार भी जब पेपर लीक हुआ, तो बीजेपी ने उसे सार्वजनिक किया, जिससे विपक्ष ने इसे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का प्रतीक बना दिया। लेकिन असली सवाल यही है कि क्या सिर्फ एक बार उजागर करने से व्यवस्था में बदलाव होगा, या फिर इस पूरी भर्ती और परीक्षा प्रणाली को ही पूरी तरह बदलने की जरूरत है, ताकि भविष्य में छात्रों का विश्वास बना रहे और पारदर्शिता आए।



जब हम पेपर लीक जैसे मामलों की बात करते हैं, तो ये सिर्फ एक व्यक्तिगत गलती नहीं होती, बल्कि इसमें आमतौर पर भ्रष्टाचार की एक पूरी संरचना होती है। इसमें कुछ दलाल, एजेंट, और कई बार सरकारी स्तर पर मिलीभगत भी होती है। जब पेपर लीक होता है, तो सिर्फ परीक्षा का नुकसान नहीं होता, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य दांव पर लग जाता है। इस वजह से कई बार छात्रों और अभिभावकों में गहरा असंतोष और निराशा पैदा होती है। और जब परीक्षा रद्द की जाती है, तो केवल एक बार परीक्षा ही नहीं, बल्कि उस पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता भी खत्म हो जाती है। इसलिए, जरूरी है कि सिर्फ उजागर करने से नहीं, बल्कि एक मजबूत न्यायिक और प्रशासनिक जांच हो, ताकि जो भी दोषी हैं, उन्हें सख्त सजा मिले, और सिस्टम में पारदर्शिता और भरोसा वापस आए।

जब छात्रों पर इतना बड़ा दबाव होता है, खासकर ऐसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में, तो कई बार मानसिक तनाव बहुत बढ़ जाता है। ये एक बड़ा संकेत है कि हमारे शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार की जरूरत है, ताकि छात्रों को सिर्फ प्रतियोगिता में नहीं, बल्कि जीवन में सुरक्षित और समर्थ महसूस हो। सरकार, संस्थानों और समाज को मिलकर काम करना होगा, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और हर छात्र को सपनों को पूरा करने का मौका मिले, बिना किसी जान के जोखिम के। यह सच में बहुत दुखद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2021 से 2026 के बीच कम से कम 93 छात्रों ने नीट की तैयारी के दबाव में आत्महत्या की है, और सिर्फ जिनका ज़िक्र मीडिया में आया है। नैशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के अनुसार, 2021 में करीब 13,089 छात्रों ने आत्महत्या की, जिनमें परीक्षा में असफलता भी एक बड़ा कारण थी।

सोनम वांगचुक का भूख हड़ताल वाकई एक बहुत बड़ा प्रतीक बन गई है। वो छात्रों के हक में, खासकर नीट जैसी परीक्षाओं के दबाव से जूझ रहे बच्चों की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। उनका यह आंदोलन, सरकार और समाज दोनों में ही जागरूकता पैदा कर रहा है, और उम्मीद है कि इससे छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। ये सच में बहुत निराशाजनक है। जब इतनी बड़ी संख्या में छात्र प्रभावित हों और जान का जोखिम बढ़ रहा हो, तो ज़िम्मेदारी वाले लोगों को त्वरित और सख्त कदम उठाने चाहिए। अभी तक अगर इस्तीफे जैसी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, तो निश्चित ही यह एक बड़ा सवाल खड़ा करता है कि आखिर इस मुद्दे पर जिम्मेदारी कौन लेगा और कब तक वास्तविक बदलाव आएगा। चाहे संख्या थोड़ी कम हो या प्रदर्शन का तरीका अलग हो, सरकार का रवैया हमेशा स्पष्ट और संवेदनशील होना चाहिए। आखिर, छात्रों की ज़िंदगी और उनकी आकांक्षाएँ दांव पर हैं, और जब तक सरकार बिना किसी देरी के उचित कदम नहीं उठाती, तब तक भरोसा और सुरक्षा दोनों ही कमजोर पड़ते हैं। ऐसे में एक स्पष्ट जवाबदेही और संवाद बहुत जरूरी है।

भले ही विरोध का तरीका किसी नई पार्टी के बैनर तले हो, लेकिन मुद्दा तो वाकई बहुत गंभीर और संवेदनशील है। सरकार को इस बात को समझना चाहिए कि जो भी पार्टी या प्लेटफॉर्म इस्तेमाल हो, वो मुद्दा अपने आप में छात्रों की जिंदगी से जुड़ा हुआ है। अगर सरकार सिर्फ राजनीतिक रंग देखने लगी, तो वो इस संवेदनशीलता को कम करके आंक रही है, और इससे जनता का भरोसा और दूर हो सकता है।

किसान आंदोलन से हमें यही सीख मिलती है कि जब सरकार और जनता के बीच संवाद और भरोसा समय पर नहीं बनता, तो बाद में बहुत देर हो जाती है और नुकसान भी बहुत होता है। इस बार भी सरकार को पहले से ही अपनी गलती पहचाननी चाहिए, बिना किसी देरी के छात्रों के मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए, ताकि वही इतिहास दोहराया न जाए और नुकसान और न हो।

इंदौर में भी छात्र अब धरने पर बैठ गए हैं, और यह दिखाता है कि यह सिर्फ एक केंद्र या राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा नहीं, बल्कि हर जगह छात्रों को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में अगर सरकार स्थानीय स्तर पर भी बात न सुने, तो छात्रों का विश्वास और कमजोर होगा। सरकार को अब तत्काल गंभीरता दिखानी चाहिए, ताकि यह प्रदर्शन और नुकसान आगे न बढ़े। लोकतंत्र में प्रदर्शन और अहिंसक विरोध का अधिकार बहुत अहम हिस्सा है, और भारत में तो ये हमारे संविधान का हिस्सा है। अगर सरकार ऐसा संकेत दे रही है कि आंदोलन करना गलत है, तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि सरकार शांतिपूर्ण विरोध और छात्रों की आवाज को भी गंभीरता से सुने, क्योंकि आखिर में लोकतंत्र इसी तरह मजबूत बनता है, हर आवाज को जगह देकर।

दुख की बात है कि अगर लोकतांत्रिक तरीकों पर भी सख्ती से प्रतिक्रिया मिल रही है, तो यह सच में सिर्फ किसी व्यक्ति के रवैये या मिजाज पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। यह तो एक संस्थागत जिम्मेदारी है कि सरकार सभी विरोधों को सुनकर, बिना किसी पूर्वाग्रह के, तर्कसंगत और संवैधानिक तरीके से प्रतिक्रिया दे। अगर ऐसा नहीं होता, तो लोकतंत्र में भरोसा डगमगा जाता है, और लोगों का सिस्टम से जुड़ाव कमजोर पड़ता है। ये वाकई एक अजीब स्थिति है। जब एक तरफ गंभीर मुद्दे पर आंदोलन हो रहा हो, और दूसरी तरफ कुछ लोग इसका मजाक उड़ाते हैं या विरोध करते हैं, तो यह पूरे सामाजिक माहौल को और भी जटिल बना देता है। ऐसे में, जरूरत है कि हम इस मुद्दे को सिर्फ राजनीतिक या हास्य के नजरिए से न देखें, बल्कि छात्रों के जीवन, उनके मानसिक स्वास्थ्य और उनके भविष्य के लिहाज से गंभीरता से समझें।

कुछ मीडिया संस्थान इसे खूब विस्तार से उठा रहे हैं, जबकि कुछ इसे हल्के में या पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं। यह भी एक बड़ा सवाल खड़ा करता है, क्योंकि जब मीडिया इस तरह का द्विध्रष्टि से काम करती है, तो जनता तक पूरा सच नहीं पहुँच पाता, और आंदोलन की गंभीरता भी कम हो जाती है। इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, क्योंकि जब एक बड़ी परीक्षा जैसे ठएएळ में इतनी गंभीर समस्याएं और छात्रों का जोखिम सामने आता है, तो दुनिया में एक अस्थिरता और व्यवस्था की कमजोरी का संकेत जाता है। अगर भारत ऐसी घटनाओं से समय रहते नहीं निपटता, तो निवेशकों, छात्रों और वैश्विक समुदाय का भरोसा भी प्रभावित हो सकता है, जो लंबी अवधि में भारत की स्थिरता और विकास दोनों के लिए चुनौती बन सकता है।

## न्यूज कालम

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार का जन्मदिन मनाया जाएगा



**खरगोन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं खरगोन जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार का जन्मदिन गुरुवार को जिले के समीप स्थित नगीझिरी में संत बोंदरु बाबा की समाधि परिसर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्मदिन समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में जिले एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं, समाज सेवियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ संत बोंदरु दरु बाबा की समाधि पर पूजा-अर्चना एवं आशीर्वाद प्राप्त कर किया जाएगा। इसके बाद उपस्थित अतिथि एवं समर्थक जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार को जन्मदिन की शुभकामनाएं देंगे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सौहार्द एवं जनसेवा का संदेश भी दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि बापूसिंह परिहार क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि हैं और उनके जन्मदिन को प्रतिवर्ष उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। इस वर्ष भी समारोह को लेकर ग्रामीणों एवं समर्थकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

## पलसूद में भारी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त

**बड़वानी ।** बड़वानी जिले में कलेक्टर जयति सिंह के आदेश तथा जिला आबकारी अधिकारी जिला-बड़वानी के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार विशेष अभियान के तहत आबकारी बड़वानी के वृत्त राजपुर के क्षेत्र पलसूद में की गई। दबिश में 7 जुलाई को सहायक आबकारी अधिकारी श्री राजेश मंडलोई के नेतृत्व में वृत राजपुर क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण व विक्रेताओ के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान नगर परिषद पलसूद में सोनू उर्फ धर्मेंद्र पिता हरिशंकर जायसवाल उम्र 42 वर्ष निवासी पलसूद के रिहाइशी मकान में तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से लगभग 147 बल्क लीटर विभिन्न प्रकार की विदेशी/देशी मदिरा जप्त की गई कार्रवाई में जब्त अवैध मदिरा का कुल अनुमानित मूल्य 84940 रुपए है।आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। व्रत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक, कमलेश बामनिया द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक नेहा मौर्य, मुख्य आरक्षक दिलीप जायसवाल, आरक्षक गंगा सोलंकी, इरफान अली व प्रिया का विशेष योगदान रहा। अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## विधायक ने कन्या शिक्षा परिसर में भेंट की 20 हजार रुपये की राशि

**बड़वानी।** माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बड़वानी में क्षेत्र के विधायक बड़वानी श्री राजन मंडलोई द्वारा संस्था में रोपित पौधों की सिंचाई के लिए ड्रिप लाइन हेतु रुपए बीस हजार की राशि भेंट की गई तथा संस्था में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री मंडलोई ने बच्चों को संबोधित करते हुए जीवन में कठिनाइयों से डरे बिना आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया । विद्यालय परिवार द्वारा विधायक आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विधायक के साथ श्री आशीष शुक्ला, मनीष पुरोहित, प्रकाश बंदोड़ तथा संस्था प्रभारी श्री बापूसिंह बघेल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## जिले में 20 घंटे से बारिश का दौर जारी, शहर हुआ तरबतर

**खरगोन।** जिले में मौसम विभाग का बारिश को लेकर जारी अलर्ट सही साबित हो रहा है। पिछले 20 घंटे से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। शहर सहित आसपास के इलाकों में मंगलवार शाम ६ बजे से जारी बारिश का दौर बुधवार दोपहर २ तक जारी रहा। मौसम के मेहरबान होने से जहां जलस्त्रोतों में जलस्तर बढने लगा है, वही खेतों में सिंचाई की समस्या भी खत्म हो रही है। हालांकि लगातार बारिश का असर अब जनजीवन पर पडने लगा है। दिनभर हो रही बारिश से लोगों की दिनचर्या बिगड़ गई तो वही लगातार हो रही बारिश से कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। भू-अभिलेख विभाग ने इस वषार्काल में 1 जुलाई से अब तक औसत करीब 9.4 इंच बारिश दर्ज की है। इस वषार्काल में सबसे ज्यादा बारिश बड़वाह तहसील में 342 मिमी, जबकि सबसे कम बारिश झिरन्या तहसील में 159 मिमी दर्ज की गई है। लगातार हो रही इस झमाझम और रिमझिम वर्षा के कारण जिले के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। तहसील कार्यालय स्थित मौसम वैधशाला में न्यूनतम तापमान 19.2 व अधिकतम तापमान 28.8 दर्ज किया गया है। सुबह 8.30 से सायं 5.30 बजे तक खरगोन तहसील में 10.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## उद्यानिकी महाविद्यालय में माई भारत पोर्टल पंजी करण अभियान संपन्न

**मन्दसौर।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर और भारत सरकार के खेल और युवा कल्याण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में माई भारत पोर्टल पंजीकरण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण, स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास और सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पोर्टल युवाओं को अपनी प्रतिभा और सामाजिक दायित्वों को निखारने का एक बेहतरीन मंच देता है।

# श्रद्धा बुद्ध विहार भवन पर कब्जे का आरोप, समाजजन जनसुनवाई में पहुंचे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

बुरहानपुर। नेपानगर स्थित डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे पर बने श्रद्धा बुद्ध विहार के सामाजिक भवन पर कब्जे का मामला सामने आया है। मंगलवार को समाज के महिला-पुरुष जनसुनवाई में पहुंचे और बुरहानपुर कलेक्टर से मिलकर समस्या बताई। कलेक्टर ने मामले को संज्ञान में लेकर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

श्रद्धा बुद्ध विहार समिति के प्रधान सचिव रविन्द्र मसाने ने बताया कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे पर समिति को सांसद निधि से पूर्व सांसद नंदकुमार सिंह चौहान के माध्यम से अतिरिक्त भवन मिला था। यहां समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम और प्रतिवर्ष तीन माह का वषार्वास कार्यक्रम होता है, जिसमें महिलाएं तथागत बुद्ध के उपदेश सुनती हैं।

**14 अप्रैल को मांगी थी चाबी, फिर कर लिया कब्जा:**

मसाने के अनुसार, बीते 14 अप्रैल को समाज के ही कुछ युवकों ने बाबा साहेब के जन्मदिन पर भोजनदान के लिए भवन की चाबी मांगी। कार्यक्रम के बाद युवकों ने हठधर्मिता दिखाते हुए भवन को अपना कार्यालय बना



लिया। समिति अध्यक्ष के भवन खाली करने को कहने पर युवक झगड़े पर उतारू हो गए, गाली-गलौज की और पत्थर उठा लिया। इसकी शिकायत नेपा थाने में की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

**बैनर-बोर्ड हटाकर लगा दिया खुद की समिति का बोर्ड**

शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने भवन पर लगे श्रद्धा बुद्ध विहार समिति के बैनर और कार्यालय का बोर्ड हटाकर कुछ माह पहले बनी अपनी समिति का बोर्ड लगा दिया। इसको लेकर नेपा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

**आरोपी पर आपराधिक मामले दर्ज होने का दावा**

मसाने ने आरोप लगाया कि भवन पर कब्जा जमाने वाला सुनील मोरे अपराधी प्रवृत्ति का है। झूठी शिकायतें करना, डराना-धमकाना उसका काम है। उस पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह शहर के युवाओं को भड़काकर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है।

**कलेक्टर से भवन खाली कराने की मांग**

समाजजनों ने कलेक्टर से मिलकर श्रद्धा बुद्ध विहार के भवन को खाली करवाने की मांग की है।

इस दौरान भीमराव वानखेड़े, रविन्द्र गाड़े, महेश मावले, मुकेश तायडे, राजेन्द्र मसाने, सुनील शिंदे, मोहन इंगले, दिनकर मेढे, माता भीमाआई महिला मंडल की अध्यक्ष कुसुम बाई इंगले, सचिव सुनंदा बाई ठाकरे, कविता बाई तायडे, शकुंतला बाई अडाले, इंदु बाई मसाने, शीला बाई मोरे, लीला बाई बाविसकर, बेबी बाई मेढे, मीरा बाई तायडे, पुष्पा बाई नायके, कांता बाई अढाव, आशा बाई वानखेड़े, शांता बाई, लीला बाई ढीवरे, ज्योत्सना शंखपाल सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# 4 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा

## ग्रामीणों ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

पंधाना विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेमीखुर्द से अर्दलाकला तक लगभग 4 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के बाद ठेकेदार द्वारा मुरम और बड़ी गिट्टी डालकर काम बीच में ही छोड़ दिया गया, जिससे प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा छह से सात गांवों के लोग भुगत रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि पंधाना विधायक छाया मोरे द्वारा विधायक बनने के बाद सड़क निर्माण की



घोषणा की गई थी और टेंडर भी जारी हो चुके थे, लेकिन समय पर निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। इस संबंध में कई बार सीएम हेल्पलाइन और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि यह वही सड़क है, जहां विधानसभा चुनाव के दौरान अर्दलाकला के मतदाताओं ने "रोड नहीं तो वोट नहीं" का नारा लगाते हुए मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी थी। उस समय अधिकारियों ने शीघ्र सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

बारिश के मौसम में सड़क पर कीचड़ होने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। टेमीखुर्द और अर्दलाकला एक ही ग्राम पंचायत में होने के बावजूद अर्दलाकला के ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय पहुंचने के लिए मात्र 4 किलोमीटर की बजाय गांधवा और खिड़गांव होकर लगभग 10 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और पेट्रोल दोनों की अतिरिक्त लागत उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी गर्भवती महिला की डिलीवरी हो या कोई आकस्मिक दुर्घटना हो जाए तो एंबुलेंस का इस मार्ग से पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। इससे अर्दलाकला तथा बड़गांव-पिपलोद के ग्रामीणों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मंगलवार को अर्दलाकला और बड़गांव-पिपलोद के युवाओं ने जिला जनसुनवाई में पहुंचकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यू डी) के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सात दिनों के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर टिकी है कि वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण कब पूरा होगा।

# उफनती नदी ने रोका रास्ताः हापला-दीपला में 50 से अधिक स्कूली बच्चे रुके रहे, दो भैंसें भी बहीं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

जिले में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। हापला-दीपला गांव में नदी के उफान पर आने से पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया, जिसके कारण आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। इसी दौरान स्कूल से लौट रहे 50 से अधिक स्कूली बच्चे नदी के दूसरी ओर रुके रहे। पुल पर तेज बहाव के कारण बच्चों को सुरक्षित निकालना संभव नहीं हो सका।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और बच्चों के परिजन नदी किनारे पहुंच गए। सभी बच्चों की सुरक्षित वापसी को लेकर चिंतित रहे और जलस्तर कम होने का इंतजार करते रहे। पूरे गांव में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता का माहौल बना रहा।

बारिश का असर केवल आवागमन तक ही सीमित नहीं रहा। तेज बहाव में एक किसान की दो भैंसें भी नदी में बह गईं, जिससे उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। यह घटना क्षेत्र में बने बाढ़ जैसे हालात की गंभीरता को दशार्ती है।

प्रशासन ने स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी है और लोगों से अपील की है कि उफनती नदियों, डूबे हुए पुलों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर सामान्य होने के बाद ही सुरक्षित आवागमन शुरू कराया जाएगा। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और मौसम की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# बिजलवाड़ा.भीकनगांव उद्वहन सिंचाई परियोजना में धीमा काम होने पर आपत्ति जताई

## किसानों की 8 सूत्री मांगों को लेकर किसान संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिले में किसानों को खरीफ सीजन के दौरान आ रही समस्याओं की निराकरण की आस में बुधवार को भारतीय किसान संघ प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर भव्या मित्तल से मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर के साथ एनवीडी, कृषि विभाग, जिला सहकारी मंडी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक



आयोजित की गई।

किसान संघ के रेवाराम भाईडिया, सदाशिव पाटीदार, श्याम सिंह पंवार, राधेश्याम चचरीया, मुकेश पटेल, वासुदेव चौधरी, झबर सिंह पंवार, गजानन बांके, सीताराम पाटीदार सहित जिले की ८ तहसीलों से तहसील अध्यक्ष, मंत्री एवं तहसील कार्यकारिणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान यहां 8 सुत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर किसानों ने इनके निराकरण की मांग भी की। किसानों ने ज्वलंत मुद्दों पर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि मूंग खरीदी को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने किया जाए। संघ ने बिजलवाड़ा. भीकन गांव उद्वहन सिंचाई परियोजना में काम धीमा होने पर आपत्ति जताई। किसानों ने कहा आज तक किसी किसान के खेत तक पानी नहीं पहुंचा, फिर भी प्रशासन लोकार्पण की तैयारी कर रहा है। चेतावनी दी कि अगर समय पर पानी नहीं मिला तो लोकार्पण का विरोध किया जाएगा।

# युवती को जबरन उठाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार, युवती को परिजनों को सौंपा

**बड़वानी।** इंस्टाग्राम वायरल वीडियो प्रकरण मे पुलिस व्दारा तत्परता से कार्यवाही कर युवती को सकुशल बरामद कर परिजनो के सुपुर्द कर आरोपीगणो के विरुध्द अपराध दर्ज किया गया । वायरल वीडियो में जिस युवती को मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती बिठाकर ले जाया जा रहा है, वह युवती उम्र 20 वर्ष 5 माह, निवासी ग्राम इंदपुर, थाना राजपुर, जिला बडवानी है।

लगभग 1 माह पूर्व युवती की जान-पहचान हुकुम पिता श्री ग्यारसिया रावत, जाति बारेला, निवासी ग्राम निहाली, थाना पलसुद से हुई थी। दोनों ने बिना परिजनों की रजामंदी के प्रेम विवाह कर लिया था। जाति पंचायत के निर्णय अनुसार युवती के परिजनों द्वारा हुकुम के परिजनों से 70 हजार की राशि तय की गई थी। पश्चात यह ज्ञात हुआ कि आरोपी हुकुम पूर्व से शादीशुदा है एवं उसकी प्रथम पत्नी अपने 2 बच्चों के साथ निवासरत है। उक्त कारण से युवती के परिजनों द्वारा जाति रीति-रिवाज के अनुसार आरोपी पक्ष से दो लाख वापस लिए थे। पति के पूर्व से शादीशुदा होने की जानकारी होने पर युवती ने उसके साथ रहने से इंकार कर दिया एवं विवाह के 3 दिवस पश्चात अपने मायके ग्राम इंदपुर आ गई। तब से वह मायके में ही निवासरत थी। इस दौरान आरोपी हुकुम कई बार मनीषा को ले जाने हेतु इंदपुर आया, किन्तु युवती ने साथ जाने से इंकार कर दिया। घटना दिनांक 7 जुलाई को दोपहर लगभग युवती अपने मौसा श्री मंगलिया पिता श्री चम्पालाल बडोले, जाति बारेला, वर्ष, निवासी ग्राम जलगोन, बहादुरपुरा फल्या, थाना राजपुर के खेत पर काम कर रही थी। तभी आरोपी हुकुम पिता ग्यारसिया रावत अपने अज्ञात साथियों के साथ वहाँ आया एवं युवती को जबरदस्ती सफेद रंग की मोटर साइकिल पर बिठाकर अपने साथ ले गया।

# झमाझम बारिश का दौर जारी, शहर की सड़के तरबतर होकर पानी में डूबी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

शहर व क्षेत्र में भारी गर्मी तपन, उमस के बाद आखिरकार मंगलवार को मानसून ने नीमच जिले में जोरदार दस्तक दी है । दोपहर १:३० बजे बाद शुरू हुई रिमझिम बारिश 2 बजे बाद जोरदार बारिश में बदल गई उसके बाद दिन और रात में हुई झमाझम बारिश ने जहां भीषण गर्मी और उमस से जूझ लोगों बड़ी राहत दी, वहीं खेतों में बुवाई कर चुके किसानों के चेहरों पर भी खुशी दौड़ गई । बारिश के साथ ही खेतों में नमी बढ़ने से खरीफ फसलों की बुवाई को नई गति मिलने की उम्मीद जागी है। इस मानसून की पहली तेज बारिश ने शहर की सड़को के छोर पर जल निकासी नहीं होने से एक से दो फिट तक जल भराव हो गया। शहर के कहीं मुख्य मार्गो व चौराहों पर कॉलोनियों में जल भराव की जानकारी सामने आई है द्य जिससे लोगों को किसानों के चेहरों पर लौटी रौनक लेकिन शहर के आवागमन में तेज बारिश से जलभराव से परेशानी हुई द्य जहाँ मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे शहर में रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। देखते ही देखते करीब २ बजे बारिश ने तेज रूप ले लिया द्य वही बुधवार को शाम 4.30 बजे से लगभग एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई । इसके बाद मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दिनभर की आवाजाही जानी लोगों को तेज धूप और उमस से राहत मिली। शाम ढलने के बाद रात करीब ८ बजे एक बार फिर आसमान से तेज बारिश शुरू हुई। करीब एक घंटे तक हुई मूसलधार बारिश ने शहर की सड़कों को पानी से लबालब कर दिया। कई क्षेत्रों में सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगीं।

# 14 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व रेफरल सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में दस्तक अभियान का प्रथम चरण 14 जुलाई से 31 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि डायरिया बीमारी से बढ़ती शिशु मृत्यु दर को संज्ञान में लेते हुए "स्टॉप डायरिया कैम्पेन" सह दस्तक अभियान डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान की थीम पर आधारित है। जिसमें जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण, संक्रमण की पहचान, त्वरित उपचार एवं आवश्यकता अनुसार रेफरल के साथ-साथ विटामिन ए की खुराक दी जाएगी एवं ओ.आर.एस. पैकेट व जिंक टेबलेट का वितरण किया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास के संयुक्त दल, जिसमें ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को घर-घर जाकर दस्तक देकर बच्चों में पाई जाने वाली बीमारियों की सक्रिय पहचान एवं उचित प्रबंधन सुनिश्चित करेंगे। दस्तक अभियान में जन्म से पांच वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय रूप से पहचान एवं प्रबंधन करना, छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग कर प्रोटोकॉल अनुसार उपचार करना, ६ माह से ५ वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप पिलाई जाएगी। नौ माह से पांच वर्ष तक के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरक की खुराक पिलाना, पांच वर्ष तक के बच्चों में बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान एवं रेफरल करना, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग के नियंत्रण हेतु ओ.आर.एस. के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओ.आर.एस. पहुँचाना, गृहभेंट के दौरान शिशु एवं बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाइश समुदाय को देना एवं स्तनपान संबंधी भ्रांतियों को दूर करने के लिए सामुदायिक जागरूकता लाना, कम वजन के नवजात शिशुओं की उचित देखभाल के लिए समुदाय में कंगारू मदर केयर पद्धति संबंधी जागरूकता की गतिविधियां की जाएंगी।

# निजी स्वास्थ्य संस्थानों की सहभागिता बढ़ाने हेतु कार्यशाला का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत निजी स्वास्थ्य संस्थानों की सहभागिता से रोग निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने हेतु विषय पर निजी स्वास्थ्य संस्थानों की सहभागिता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में 8 जुलाई को रुद्राक्ष क्लब एंड रिसॉर्ट, उज्जैन में किया गया।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के निजी चिकित्सकों, निजी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों को एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच एवं एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रोग रिपोर्टिंग के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था। इससे जिले में संक्रामक एवं अन्य रोगों की शीघ्र पहचान, निगरानी एवं नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीयन एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात झपाइगो की राज्य प्रमुख डॉ. ज्योति बेनावरी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए निजी स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा कहा कि सार्वजनिक एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों के समन्वय से ही प्रभावी रोग निगरानी प्रणाली विकसित की जा सकती है।

जिले के सभी निजी चिकित्सकों एवं अस्पतालों की सक्रिय सहभागिता से आईएचआईपी पोर्टल पर रोगों की नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित होगी, जिससे किसी भी संभावित बीमारी या प्रकोप की समय रहते पहचान कर आवश्यक नियंत्रणात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। उन्होंने सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों से निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार नियमित रिपोर्टिंग करने का आग्रह किया।जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार ने निजी क्षेत्र से आईएचआईपी रिपोर्टिंग की अपेक्षाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था की समयबद्ध एवं सही रिपोर्टिंग जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में डॉ. चंद्रकांत मोगहं, एमडी पब्लिक हेल्थ फिजिशियन एवं एपिडेमियोलॉजिस्ट ने रोग निगरानी प्रणाली को मजबूत बनाने में निजी स्वास्थ्य क्षेत्र की रणनीतिक भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों से प्राप्त सूचनाएं महामारी नियंत्रण एवं जनस्वास्थ्य प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसके पश्चात आईडीएसपी-आईएचआईपी सर्विलांस सिस्टम की कार्यप्रणाली, रिपोर्टिंग व्यवस्था एवं निगरानी तंत्र की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।तकनीकी सत्र में जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. आदित्य माथुर ने आईएचआईपी पोर्टल पर पी एवं एल प्रपत्रों (स्टेटमेंट्स) की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, डेटा गुणवत्ता, रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल एवं समय-सीमा के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया तथा विभिन्न प्रकार की रिपोर्टिंग से संबंधित शंकाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम के अंत में ओपन हाउस चर्चा एवं प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें निजी चिकित्सकों एवं अस्पताल संचालकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के विशेषज्ञों ने संतोषजनक उत्तर दिए। सभी प्रतिभागियों ने नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग के माध्यम से जिले की रोग निगरानी प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## आबकारी विभाग ने किया, दिव्यांग बच्चों के आवासीय परिसर में 60 पौधौ का रोपण

**उज्जैन ।** शासन के निदेर्शानुसार,अधिक से अधिक पौधारोपण किये जाने के लिए चलाए जा रहे हैं विशेष पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, सहायक आबकारी आयुक्त सुश्री निधि जैन के द्वारा मंगलवार को शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के आवासीय परिसर में, मानसिक रूप से अविकसित एवं दृष्टि/श्रवण बाधितार्थ बच्चों के साथ,विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार, लगभग ६० पौधों का रोपण विद्यालय परिसर में किया गया। इस मौके पर सामाजिक न्याय विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर श्री सतीश सोलंकी तथा जिले की विभिन्न तहसीलों में पदस्थ,सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षक/आरक्षक, विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। सहायक आबकारी आयुक्त सुश्री निधि जैन ने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि पौधों को लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी उचित देखभाल करना आवश्यक है।आवासीय परिसर के स्टाफ ने पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी भी ली।

## भारी वर्षा के कारण कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**उज्जैन।** मुंबई मंडल में लगातार हो रही भारी वर्षा, जलभराव और मुंबई-पुणे घाट सेक्शन में भूस्खलन एवं रेलवे ट्रैक पर बोल्डर गिरने के कारण पश्चिम एवं मध्य रेलवे के विभिन्न रेल-खंडों पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। इसके परिणामस्वरूप मुंबई से प्रस्थान करने वाली कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को निरस्त, रीशेड्यूल, शॉर्ट टर्मिनेट और मार्ग परिवर्तित किया गया है। 6 जुलाई को ट्रेन संख्या 22944 इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया सूरत-जलगांव-मनमाड-पुणे संचालित की जाएगी। 6 जुलाई को ट्रेन संख्या 12264 हजरत निजामुद्दीन-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया सूरत-पालधी-जलगांव-मन माड-पुणे होकर चलेगी। इधर, जो ट्रेनें निरस्त की गई हैं।

## न्यूज -कॉलम

### ऑनलाइन गेम में 2 लाख हारने पर खाया जहरीला पदार्थ



**उज्जैन।** मक्सीरोड पुराना नाका क्षेत्र में रहने वाला अक्षय पिता मुकेश सेठिया 28 साल ई-रिक्शा चलाता है। उसे मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलने का शौक था। गेम में 2 लाख रूपये हारने के बाद वह तनाव में आ गया। बुधवार शाम उसने कोठीरोड क्षेत्र में जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे कुछ लोगों ने चरक अस्पताल पहुंचाया। मक्सीरोड का निवासी होने पर ड्युटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी। प्रधान आरक्षक अनिल पाल अस्पताल पहुंचे और बयान दर्ज किये, ऑनलाइन गेम में रूपये हारने पर उसने गेहूं में रखने वाली सल्फास खाना बताया। रिक्शा चालक की हालत गंभीर होने पर उसके मरन्नासन बयान तहसीलदार स्तर पर दर्ज कराये गये है।

### गंदी बात का विरोध किया तो बोतल से किया हमला

**उज्जैन।** महाकाल क्षेत्र कहारवाडी स्थित होटल शिवसागर एनएक्स में रोटी बनाने का काम करने वाली सुमन कुशवाह की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने रौनक और हरिओम के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है। सुमन कुशवाह के सिर में चोंट लगी होने पर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। घायन सुमन ने बताया कि वह मंगलवार रात 11 बजे होटल में रोटी बना रही थी। तभी होटल में काम करने वाले रौनक और हरिओम उसके सामने गंदी-गंदी बाते कर रहे थे। उसने विरोध किया तो अभद्रता करने लगे। कुछ देर बाद से पति लेने होटल पहुंचा तो उनकी करतूत बताई। पति ने समझाने का प्रयास किया तो दोनों झूमाझटकी करने लगे। दोनों से पति को बचाने का प्रयास किया तो रौनक ने कांच की बोतल से उसके सिर पर हमला कर दिया। घायल होने पर पति अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी होटल से भाग निकले थे। जिनकी तलाश जारी है।

### फेरी लगाकर शराब बेच रहा था बाइक सवार युवक

**उज्जैन।** शहर में शराब प्रतिबंधित होने के बाद अवैध कारोबार करने वाले नये-नये तरीकों से शराब बेचने का काम कर रहे है। माधवनगर थाना पुलिस ने बीती रात देसाईनगर में फेरी लगाकर शराब बेच रहे बाइक सवार को पकडा। उसके पास से 61 क्वार्टर देशी शराब के साथ 8550 रूपये नगद और बाइक क्रमांक एमपी 09 बीजे 4088 जप्त की गई। प्रधान आरक्षक हरीश चौहान ने बताया कि गिरफ्त में आया युवक दीपक पिता शुभम सूर्यवंशी 24 साल निवासी राजीवगांधी नगर दमदमा का रहने वाला है। वह इंदौर-देवास के रास्ते शराब उज्जैन तक लाता है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। विदित हो कि पूर्व में माधवनगर थाना पुलिस शराब की होम डिलेवरी करने वाले युवक को दशहरा मैदान क्षेत्र से गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं आबकारी विभाग ने भी माधवनगर थाना क्षेत्र के एक मकान पर दबिश देकर घर से अवैध शराब बेचने वाले दंपति को पकडा था।

### तारामंडल के पास घूम रहे युवक के पास मिला गांजा

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण पर निकले नानाखेडा थाना एएसआई देवकरण परमार ने मंगलवार-बुधवार रात 12 बजे के लगभग तारामंडल के पास एक युवक को संदिग्ध हालत में घूमते देखा तो उसे रोक पूछताछ की। युवक बरगलाने का प्रयास करने लगा। एएसआई ने टीम के साथ उसे कस्टडी में लिया और तलाशी ली उसके पास से सौ ग्राम गांजा बरामद हो गया। थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। पूछताछ में युवक का नाम दर्शन पिता दीपक गुप्ता निवासी चाणक्यपुरी सामने आया। जिसे पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि गांजा कहां से लेकर आता है।

### निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरा मिस्त्री

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम लिम्बादित में रहने वाला राजाराम उर्फ राजेश पिता लालूजी 35 साल मिस्त्री का काम करता है। वह मक्सीरोड पंवासा क्षेत्र में मकान निर्माण का कार्य करने आया हुआ था। बुधवार शाम को निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। बेलदारी करने वाला जगदीश राठौर उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने अंदरूनी चोंट होने पर उसे उपचार के लिये भर्ती किया और पंवासा थाना पुलिस को सूचना दी। जानकारी यह भी सामने आई कि करंट का झटका लगने पर वह नीचे गिरा है। उसके बयान दर्ज होने पर घटना की सही वजह सामने आ पायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 277-6 | | 478-9 |
| मेन बाजार | 459-8 | | 470-1 |
| कल्याण नाइट | 369-8 | | 590-4 |
| मिलन डे | 160-7 | | 137-1 |
| मिलन नाइट | 790-6 | | 177-9 |
| मधुर डे | 157-3 | | 899-6 |
| मधुर नाइट | 569-0 | | 299-0 |
| शुभांक | 6 | 8 | 3 |

# धर्मशाला में छिपा था अस्पताल से भाग आरोपी

## कूदने के प्रयास में हुआ घायल, 3 घंटे तक शहर में चली सर्चिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मेडिकल परीक्षण के दौरान बुधवार दोपहर धोखाधडी का आरोपी पुलिस को चकमा देकर चरक अस्पताल से भाग निकला था। उसकी तलाश में सर्चिंग शुरू की गई। 3 घंटे बाद उसे एक धर्मशाला से गिरफ्तार कर लिया गया। कूदकर भागने के प्रयास में आरोपी घायल हुआ था। जिसका प्राथमिक उपचार कराया गया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने जून माह में अंकित वर्मा की शिकायत पर कानीपुरा तिरूपतिधाम कालोनी में मकान का सौदाकर 5 लाख रूपये हडपने वाले दलाल नीरज श्रीवास्तव निवासी इंदिरानगर और मकान में रहने वाली जयश्री पति स्व. कैलाश मालवीय और उसके पुत्र राहुल मालवीय के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया था। तीनों आरोपी मई माह के अंतिम सप्ताह से प्रापर्टी धोखाधडी के एक अन्य मामले में केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में बंद थे। अंकित की शिकायत पर तीनों को 3 दिनों की प्रोटेक्शन रिमांड पर चिमनगंज थाना पुलिस पूछताछ के लिये थाने लाई थी। बुधवार दोपहर तीनों को मेडिकल चैकअप के लिये चरक अस्पताल ले जाया गया। जहां से दलाल नीरज श्रीवास्तव ने हाथ में बंधी रस्सी खोली और



भाग निकला। आरोपी के भागने की खबर से हडकंप मच गया। चिमनगंज थाना पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुट गई। करीब 3 घंटे बाद शाम 4 बजे पता चला कि वह पुराने त्रिमूर्ति टॉकिज के पास बैस राजपूत धर्मशाला में छुपा है। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने एसआई सुरेन्द्र मंडलोई, एएसआई दिनेश सरोठिया, प्रधान आरक्षक मंगल टैगोर, आरक्षक आनंद मिश्रा, अभिषेक राठौर, मनोज मोहवे, रवि पटेल की टीम को अलर्ट किया और धर्मशाला की घेराबंदी कर अभिरक्षा से भागे आरोपी को दबोच लिया। उसने कूदकर भागने का प्रयास किया था। जिसके चलते घायल हुआ था। उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। थाना प्रभारी कनोडिया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अभिरक्षा से भागने का प्रकरण दर्ज किया गया है। गुरूवार दोपहर तीनों को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### जीजा को कॉल कर बोला लेने आ जाओ

आरोपी के भागने पर पुलिस ने परिवार के लोगों को पूछताछ के लिये थाने बुलाया लिया था। उसके ठिकानों की जानकारी प्राप्त की जा रही थी, वहीं परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल लिये गये थे। शाम 4 बजे आरोपी ने किसी से मोबाइल लेकर जीजा के मोबाइल पर कॉल किया और कहा कि लेने आ जाओ, पुलिस ने योजना बनाई और जीजा के माध्यम से पता पूछकर धर्मशाला की घेराबंदी कर दी।

### शातिर है धोखाधडी करने वाले मां-बेटे

कानीपुरा तिरूपतिधाम कालोनी में रहने वाली जयश्री मालवीय और उसका पुत्र राहुल काफी शातिर प्रवृति के है। दोनों नीरज श्रीवास्तव के साथ मिलकर कई लोगों से अपने मकान का सौदा कर चुके है। नीरज खुद को प्रापर्टी डीलर बताकर मकान खरीदने वालों को मां-बेटे से मिलवाता था और सौदा होने पर 2 प्रतिशत कमीशन मांग लेता था। मई माह में तीनों ने मिलकर सांदीपनी नगर में रहने वाले भगवतीसिंह परमार से 17 लाख में सौदा तय कर 6 लाख रूपये लिये थे। रजिस्ट्री नहीं कराने पर भगवतीसिंह की शिकायत पर पुलिस ने तीनों को जेल भेजा था।

### खाते में 5 करोड़ का ट्रांजेक्शन

कुछ साल पहले राहुल मालवीय उस वक्त चर्चा में आया था, जब उसके खाते में 5 करोड़ का ट्रांजेक्शन बैंक द्वारा उजागर किया गया था। चाय की दुकान पर काम करने वाले राहुल के खाते में करोडा का ट्रांजेक्शन काफी चर्चा का विषय बना था। उसने खाते में आये रूपयों से तिरूपतिधाम में मकान खरीदा था। जिसका सौदा वह अब लोगों से बार-बार कर धोखाधडी कर रहा है।

# रात 11 बजे त्रिवेणी की छोटी रपट से क्षिप्रा में गिरे बाइक सवार दंपति

## डूबने से दिव्यांग पत्नी की मौत, पति ने बचाने का किया था प्रयास

**उज्जैन।** त्रिवेणी स्थित छोटी रपट पर रात 11 बजे हादसा हो गया। बाइक सहित दंपति क्षिप्रा नदी में जा गिरे। पति ने दिव्यांग पत्नी को बचाने का प्रयास किया लेकिन उसकी जान नहीं बचा सका। इस दौरान कुछ लोग एकत्रित हुये और दोनों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया।

इंदौररोड त्रिवेणी स्थित छोटी रपट से बाइक सहित क्षिप्रा नदी में गिरे दंपति को आटो वाला चरक अस्पताल लेकर पहुंचा था। डॉक्टरों ने बेसुध हालत में लाई गई महिला का परीक्षण किया तो उसकी मौत होना सामने आया। जानकारी लेने पर सामने आया कि महिला का नाम रीतू 28 साल है। वह पति पवन के साथ बाइक पर सवार थी। पति पवन की हालत ठीक थी, उसने बताया कि वह ग्राम कोठडी कालापीपल शाजापुर के रहने वाले है। रीतू एक पैर से दिव्यांग थी, उसका कहना था कि उसने रीतू को बचाने का प्रयास किया लेकिन वह डूब गई थी बावजूद उसे बाहर निकालने का प्रयास करता रहा।

इस दौरान कुछ लोग एकत्रित हो गये थे, उन्होने दोनों को बाहर निकाला। पत्नी का शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाने के बाद पति राजेन्द्र नगर में रहने वाले अपने भाई के घर चला गया। अस्पताल स्टॉफ द्वारा मामले की सूचना नानाखेडा थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रपट से गुजरते समय सामने से आये वाहन की हेडलाइट की रौशनी में बाइक सवार दंपत्ति का संतुलन बिगडने से घटनाक्रम हुआ है। एक टीम रात 12 बजे के लगभग घटनास्थल पर जांच के लिये रवाना की गई है। पति से चर्चा कर घटनाक्रम को स्पष्ट किया जायेगा और इस बात का पता लगाया जायेगा कि रात में दोनों कहां से आ रहे थे और कहां जा रहे थे। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया जा रहा है। सुबह पोस्टमार्टम कराकर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

# जांच के बाद पता चलेगा मजदूर को कैसे लगा करंट

**उज्जैन।** कान्ह डायर्वसन में काम करने वाले बिहार के मजदूर की बुधवार सुबह लाश मिली। पोस्टमार्टम के दौरान उसकी पीठ जली दिखाई दी। डॉक्टरों ने करंट लगाना बताया। पहले माना जा रहा था कि उसे दिल का दौरा पडा है। लेकिन अब जांच के बाद पता चलेगा कि करंट कैसे लगा।

चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम नलवा में आनंद पिता रामश्रेय पं?त 29 साल निवासी सिवान बिहार की लाश मिली सुबह मिली। आनंद 50 मजदूरों के साथ कान्ह डायवर्सन प्राजेक्ट में काम करने आया था और नलवा स्थित कंपनी के कैँम्प में रूका था। मजदूरों ने बताया कि रात में खाना खाकर सोया था, सुबह बाहर उसकी लाश मिली। सभी ने आशंका जताई कि उसे हार्ट अटैक हुआ होगा। उसे चकर अस्पताल लाया गया, इमरजेंसी में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम कक्ष भेजा। चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि मजदूर की मौत होने की सूचना मिलने मर्ग कायम किया गया और दोपहर में पोस्टमार्टम के लिये पहुंचे। इस दौरान मृतक की पीट पर जलने के निशान दिखाई दिये। डॉक्टरों से परामर्श करने पर पता चला कि उसे करंट लगा है। लेकिन यह पता नहीं चला कि करंट कैसे लगा है। पोस्टमार्टम के बाद घटनास्थल की जांच शुरू कर करंट लगाने की वजह पता करने के प्रयास किये जा रहे है।

# नौगावां के जंगल में लगाई थी कच्ची शराब बनाने की भट्टी

## दबिश में 10 लीटर शराब के साथ मिला महुआ लहान, हिरासत में आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





नौगावां के जंगल में हाथभट्टी पर कच्ची शराब बनाये जाने की खबर मिलने पर भाटपचलाना थाना पुलिस की टीम ने बुधवार को दबिश मारी। मौके से 10 लीटर शराब से भरी केन के साथ एक हजार किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी का प्रकरण दर्ज किया है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि कुछ दिनों से नौगावां के जंगल में कच्ची शराब बनाये जाने की खबर मिल रही थी, पुलिस जंगल में ठिकाना पता लगाने के प्रयास कर रही थी। बुधवार को पुख्ता सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक शैलेन्द्रसिंह सिसोदिया, आरक्षक जीवन जाट, हितेश निम्बोला, विजय जाट, मुकेश नागर और उदयसिंह यादव के साथ दबिश दी गई। मौके से शराब बनाने वाले श्यामलाल पिता पन्नालाल 34 साल निवासी ग्राम नौगांवा को हिरासत में लिया गया। उसने 10 लीटर कच्ची शराब तैयार कर केन में भरकर रखी थी। वहां से शराब बनाने के लिये रखा एक हजार किलोग्राम महुआ लहान मिला। पुलिस टीम ने भट्टी को नष्ट कर सभी उपकरण और सामग्री बरामद कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है। जिसे गुरूवार को कोर्ट में पेशकर जेल भेजा जायेगा।

**झाबुआ से लाता था महुआ लहान-** थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह काफी समय से जंगल में छुपकर शराब बनाने का काम कर रहा था। शराब बनाने के लिये महुआ लहान झाबुआ से खरीदकर लाता है। जिसे कई दिनों तक पानी में गलाकर स?ाता था और फिर भट्टी पर उबालकर उससे शराब तैयार करता था। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी 2 अपराध दर्ज होना सामने आये है।

### नानाखेड़ा बस स्टेंड से मिली इंदौरी व्यक्ति की लाश

**उज्जैन।** नानाखेडा बस स्टेंड परिसर में बुधवार सुबह एक व्यक्ति की लाश पडी होने की खबर पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये गये और उसके कपडों की तलाशी ली गई। उसके पास से आधार कार्ड मिला, जिस पर नाम भगवानसिंह पिता लालचंद 42 साल निवासी राजोदा इंदौर अंकित था। आधार कार्ड से उसकी जानकारी जुटाकर परिजनों को सूचना दी गई और बॉडी को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई और शव पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। दोपहर में परिजनों के आने पर सामने आया कि भगवानसिंह मजदूरी करता था, वर्तमान में पंवासा क्षेत्र में का कर रहा था। संभवतः इंदौर आने के लिये बस स्टेंड पहुंचा था, परिजनों का कहना था कि उसे पहले अटैक आ चुका था। प्रधान आरक्षक संदीपसिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण सामने आ पायेगा।

# मिट्टी धंसने से नाले में गिरा सीमेंट से भरा ट्रक

**उज्जैन।** एमआर-5 मार्ग पर बुधवार सुबह मिट्टी धंसने पर सीमेंट की बोरियों से भरा ट्रक नाले में गिर गया। घटनाक्रम में लाखों की सीमेंट खराब हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले भी ऐसा ही हादसा हुआ था और टाईल्स से भरा ट्रक पलट गया था।

राजस्थान के मोडक से अंकित पिता तुलसीराम ट्रक में सीमेंट की 840 बोरियां भरकर बुधवार तडके उज्जैन पहुंचा था। उसे सीमेंट एमआर-5 मार्ग पर शिवशक्ति ट्रेडर्स पर खाली करना थी। उसने वहां पहुंचकर सडक किनारे ट्रक को खडा किया और शिवशक्ति ट्रेडर्स के मालिक प्रेम मीणा को कॉल किया। प्रेम मीणा के आने से पहले ही जहां ट्रक खडा था, वहां की मिट्टी धंस गई और ट्रक पास खले में नाले में पलटी खा गया। ट्रक के साथ सीमेंट की बोरियां भी नाले के पानी में डूब गई। प्रेम मीणा ने बताया कि उन्हे लाखों का नुकसान हुआ है। मार्ग निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा नाले के आसपास पक्का निर्माण नहीं किया है। बारिश के चलते नाले के पास मिट्टी धंस रही है। कुछ दिन पहले टाईल्स का ट्रक पलट गया था। नाले में ट्रक गिरने की सूचना पर चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। ट्रक को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।

# बाइक चोरी के बाद मंदिर में दिया था वारदात को अंजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तराना में बाइक चोरी करने के बाद मंदिर में वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी बुधवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे पूछताछ कर चोरी का माल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

तराना थाना क्षेत्र के महेश मार्केट से 5 जुलाई को बाइक क्रमांक एमपी 42 एमएफ 1880 अज्ञात बदमाश ने चोरी कर ली थी। पुलिस ने गोपाल यादव निवासी ग्राम पाचारुंडी आगर-मालवा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था। उसी दिन रात में ग्राम इटावा स्थित श्री पूर्वमुखी हनुमान महादेव मंदिर में भी चोरी की वारदात सामने आई। समभाव पिता तकेसिंह पाटीदार ने मामले की शिकायत दर्ज कराई और बताया कि बदमाश मंदिर से पूजा-अर्चना में प्रयुक्त पीतल एवं तांबे के धार्मिक बर्तन, जलाधारी घडा, पूजा की थालियां, पूजन सामग्री जिसकी अनुमानित कीमत 20 हजार रूपये है, चुराकर ले गया है। चोरी के दो मामले सामने आने के बाद थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने टीम गठित की और वारदात करने वालों की तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्य और मुखबीर तंत्र से सूचना मिलने पर बुधवार को भगवान पिता नारायणसिंह 35 साल निवासी ग्राम बरोठिया थाना माकडोन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने दोनों




वारदात करना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार उससे चोरी की बाइक बरामद कर ली गई है। मंदिर से चोरी किया सामान बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे शाजापुर में बेचा गया है।

# खाद्य विभाग की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में खाद्य विभाग ने पनीर सप्लाई से जुड़े एक कथित फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को पकड़ा, जो एक डेयरी से पनीर लाकर दूसरी डेयरी के नाम का बिल होटल संचालकों को दे रहा था। टीम ने पनीर के नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं और मामले की सूचना पुलिस को भी दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार अतुल बढ़वार नामक युवक रोज की तरह महाकाल मंदिर क्षेत्र स्थित चौबीस खंभा माता मंदिर के पीछे संचालित सतयुग इन होटल में पनीर की सप्लाई करने पहुंचा था। इसी दौरान शिकायत के आधार पर पहले से मौजूद खाद्य विभाग की टीम ने उसे रोककर पूछताछ की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत शर्मा और बीएस देवलिया की पूछताछ में सामने आया कि अतुल नागझिरी स्थित यशोदा डेयरी से पनीर खरीदकर लाता था, लेकिन होटल संचालकों को फ्रीगंज स्थित मधुर डेयरी के नाम का बिल उपलब्ध कराता था। जांच के दौरान टीम ने युवक के पास मौजूद पनीर जब्त कर लिया और उसके नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिए। साथ ही पुराने बिल और संबंधित लाइसेंस भी मांगे गए हैं।

**जांच के लिए भेजा पनीर**-खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फर्जी बिलों का उपयोग किए जाने की बात सामने आई है। मामले में दस्तावेजों की जांच की जा रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में महाकाल थाना पुलिस को भी सूचना दी जा रही है। अब खाद्य विभाग प्रयोगशाला रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पनीर की गुणवत्ता और फर्जी बिलों के मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सच्चा ब्रह्मचारी कौन



अधिकांश लोग मानते हैं कि ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल अविवाहित रहना या शारीरिक संबंधों का पूर्ण त्याग करना है। यही कारण है कि अनेक गृहस्थ यह सोचकर साधना से दूर रहते हैं कि आध्यात्मिक जीवन अपनाने के लिए उन्हें पारिवारिक जीवन छोड़ना पड़ेगा। वास्तव में यह धारणा अधूरी और भ्रामक है। ब्रह्मचर्य का वास्तविक अर्थ है, मन की बहिमुर्खी प्रवृत्तियों को अंतमुर्खी बनाकर उसे पूर्णतः ब्रह्म की ओर प्रवाहित करना। जब मन बाहरी विषयों, इंद्रिय सुखों और भौतिक आकर्षणों में उलझा रहता है, तब वह अपने वास्तविक स्वरूप को भूल जाता है, लेकिन जब वही मन सूक्ष्म चेतना की ओर मुड़ता है, तब वह ब्रह्म के निकट पहुंचने लगता है। यही ब्रह्मचर्य का सार है। सृष्टि का स्थूल रूप वही है, जिसे हम अपनी इंद्रियों से देखते, सुनते और अनुभव करते हैं, जबकि मन सृष्टि का सूक्ष्म पक्ष है। प्रकृति (प्रकृति शक्ति) के प्रभाव से मन धीरे-धीरे स्थूल विषयों की ओर आकर्षित होता जाता है। परिणामस्वरूप, व्यक्ति का अधिकांश समय भौतिक वस्तुओं, इच्छाओं और आसक्तियों में बीतने लगता है। आध्यात्मिक मुक्ति का अर्थ है, मन को प्रकृति के इस प्रभाव से मुक्त कर पुनः सूक्ष्मता की ओर ले जाना।

ब्रह्म स्वयं अत्यंत सूक्ष्म है, इसलिए जो मन केवल स्थूल विषयों में डूबा रहता है, वह ब्रह्म का अनुभव नहीं कर सकता। जब साधना के माध्यम से मन का आकर्षण स्थूल से हटकर सूक्ष्म की ओर होने लगता है, तब वह धीरे-धीरे ब्रह्म में लीन होने लगता है। यही अवस्था वास्तविक ब्रह्मचर्य है। सच्चा ब्रह्मचारी वह नहीं है, जिसने केवल शारीरिक संयम अपनाया हो, बल्कि वह है, जिसका मन निरंतर ब्रह्म में स्थित रहता है। उसकी चेतना बाहरी आकर्षणों से प्रभावित नहीं होती। यह स्थिति किसी बाहरी नियम से नहीं, बल्कि नियमित साधना से प्राप्त होती है। सामान्यतः लोग केवल काम पर विजय को ब्रह्मचर्य मान लेते हैं, जबकि दर्शन के अनुसार मनुष्य के भीतर छह शत्रु (षड्रिपु) हैं- काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य तथा आठ बंधन (अष्टपाश) कार्य करते हैं। ये सभी मन को बाहर की ओर खींचने वाली शक्तियां हैं और सामूहिक रूप से अविद्या माया कहलाती हैं। केवल काम पर नियंत्रण पा लेने से ब्रह्मचर्य की पूर्ण अवस्था प्राप्त नहीं होती। जब तक मन इन सभी बंधनों से मुक्त नहीं होता, तब तक वह ब्रह्मोन्मुख नहीं हो सकता।

इन गहरे मानसिक बंधनों पर विजय केवल संकल्प या दमन से संभव नहीं है। इसके लिए नियमित साधना आवश्यक है। जो लोग साधना किए बिना केवल बाहरी नियमों या कठोर व्रतों के माध्यम से ब्रह्मचर्य प्राप्त करना चाहते हैं, वे वास्तविक लक्ष्य से दूर रह जाते हैं।



## सम्पादकीय

# साख का सवाल

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से महासचिव चंपत राय बंसल और सदस्य अनिल मिश्र की विदाई देर से ही सही, पर एक दुरुस्त फैसला है। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने सही कहा है कि इस पूरे प्रकरण से न्यास की छवि धूमिल हुई है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम में हर सनातनी की गहरी आस्था है और वह हर हाल में यथावत रहेगी, मगर उनके काम-काज में किसी किस्म के अमर्यादित आचरण से क्षोभ व जन-आक्रोश का उपजना स्वाभाविक है। इसलिए, जब रामलला के मंदिर में चढ़ावे की चोरी का खुलासा हुआ, तो देश-विदेश का हरेक हिंदू स्तब्ध रह गया! इस एक मंदिर के लिए सनातनियों के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष ने काफी त्रासद स्थितियां झेली हैं। यह संतोष की बात है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बिना वक्त गंवाए विशेष जांच दल का गठन किया और चंद घंटों के भीतर ही न सिर्फ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई, बल्कि आठ लोगों की गिरफ्तारी भी हुई और अब ब्योरे हैं कि उनसे नकदी व आभूषणों की बरामदगी की गई है। सवाल है, न्यास बोर्ड के सदस्य अब एक-दूसरे पर तोहमत लगाकर अपनी जिम्मेदारियों से कैसे बच सकते हैं? ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी जिस तरह के बयान दे रहे हैं, वे हैरान करने वाले हैं। बकौल गिरी, कोषाध्यक्ष होते हुए भी कोष के प्रबंधन में उनकी सीधी भूमिका नहीं थी!

नवंबर 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने विवादित 2.77 एकड़ भूमि रामलला विराजमान को सौंपने का अपना फैसला सुनाया था, तब उसी फैसले में सरकार को यह निर्देश दिया था कि वह मंदिर निर्माण और उसके प्रबंधन के लिए एक ट्रस्ट, यानी न्यास का गठन करे। विडंबना यह है कि राम मंदिर बनाने के नाम पर जितनी राजनीति हुई, ट्रस्ट के गठन और सदस्यों के चयन को लेकर उससे कुछ कम विवाद नहीं हुए। यहां तक कि मंदिर बनने के बाद इसके लोकार्पण की तिथि और समारोह से चारों शंकराचार्यों की दूरी ने भी हिंदू धर्मावलंबियों में एक बड़ी बहस को जन्म दिया। उस समय भी चंपत राय के कुछ बयान साधु-संतों को नागवार गुजरे थे, मगर भगवान राम में श्रद्धा रखने वाले गदगद थे कि उनके आराध्य का मंदिर साकार रूप ले चुका है। श्रद्धालुओं के इस भाव के संरक्षण की महती जिम्मेदारी ट्रस्ट और मंदिर प्रबंधन से जुड़े एक-एक व्यक्ति की थी। बहरहाल, जो घटित हो चुका है, उसका फैसला तो अब अदालत को करना है, मगर जो आगत है, उसे निष्कलुष रखने का दायित्व ट्रस्ट के कंधों पर ही रहेगा।

## संदर्भ- विज्ञापनों के जरिए बाल यौन शोषण का खेल

# कठिन है अश्लीलता खेल पर रोक की डगर



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

इंटरनेट की दुनिया में ठगी और यौन अपराध के अनेक आयाम सामने आ रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के जरिए उच्च शिक्षित व अधिकारियों समेत हर वर्ग के लाखों लोगों को ठगा जा चुका है। अब इस कड़ी में मेटा और इंस्टाग्राम पर शुल्क चुकाकर देखे जाने वाले विज्ञापनों के जरिए बच्चों के यौन शोषण और दुव्यवहार से जुड़े वीडियो दिखाने का बड़ा खेल खेला जा रहा है। इस खेल और इंस्टाग्राम के बीच मेटा मध्यस्थ की भूमिका में है। ये वीडियो बहुत कम शुल्क देकर आसानी से मिल जाते हैं। नतीजतन इस सामग्री का प्रसार करोड़ों लोगों के बीच आसानी से हो रहा है। सवाल उठता है कि अगर इस तरह के वीडियो अत्यंत लोकप्रिय सोशल मीडिया के मंच पर आसानी से खरीदे जा रहे हैं तो इसके पीछे साइबर जंजाल की कौनसी ताकतें काम कर रही हैं, उन्हें इस तरह के अपराधिक कृत्य को करने की छूट मिली हुई है। क्या इंस्टाग्राम और उसकी संचालक कंपनी मेटा को इसके लिए सीधा जिम्मेदार ठहराया जाना संभव होगा ? भारत ही नहीं दुनिया की सरकारों को कंपनियों के इस लालच पर अंकुश लगाना मुश्किल हो रहा है।

भारत सरकार ने बाल यौन षोशण से जुड़ी बेहिचक प्रसारित करने वाले इंस्टाग्राम विज्ञापनों के मामले में मेटा को तलब करने का निर्देश दिया है। सरकार मेटा के ही स्वामित्व वाले वाट्सअप को उसकी नई सुविधा के मामले में नोटिस दे चुकी है। इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ता को नाम छिपाकर बात करने की सुविधा हासिल है। यानी अरबों की संपत्ति की मालिक इन कंपनियों का लालच येन-केन- प्रकारेण आपत्तिजनक सामग्री से धन बटोरने का बना हुआ है। विडंबना यह है कि ये कंपनियां इतनी ताकतवर हैं, कि सामग्री दिखाने का एजेंडा अपनी सुविधा के अनुसार तय करती है और दुनिया की सरकारें इनके आगे लाचार दिखाई देती है। इस कारण कंपनियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की बजाय यह नियम बनाने को लाचार हुई हैं कि 16 साल के कम उम्र के बच्चों को अश्लील सामग्री स्नेप



चैट, टिकटॉक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सअप और एक्स जैसे प्लेटफार्म पर नहीं दिखाई जाए। ऐसे प्रस्तावों के अंतर्गत सोशल मीडिया के उपयोग से पहले दर्शक की उम्र का सत्यापन करना जरूरी होगा। ब्रिटेन इस तरह का प्रस्ताव लागू करने जा रहा है। इसके नियम दिसंबर 2026 तक बन जाएंगे और मार्च-अप्रैल 2027 तक इन्हें लागू कर दिया जाएगा। दरअसल ब्रिटेन की रॉयल सोसायटी फॉर पब्लिक हेल्थ द्वारा 14 से 24 वर्ष के युवाओं के बीच किए सर्वे से पता चला कि स्नेपचैंट, फेसबुक, ट्यूटर और इंस्टाग्राम से इस आयुवर्ग के युवा में अवसाद, चिंता अपने ही शरीर को लेकर हीनभावना और अकेलापन बढ़ रहा है। यदि तीन घंटे से ज्यादा कोई किशोर सोशल मीडिया पर समय बीताता है तो ऐसे किशोरों पर मानसिक समस्याओं का खतरा दोगुना बढ़ जाता है। यदि प्लेटफार्म पर जाने से युवाओं को रोक दिया जाए तो उनके चेहरे पर खुशी, संतुष्टि और उत्साह बढ़ जाता है।

युवाओं पर इन परिणामों को देखते हुए 25 से अधिक देश सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने की पहल कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, इंडोनेशिया और ब्राजील 2026 के शुरूआत में ही इन प्लेटफॉर्मो को देखने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। वहीं नार्वे, फ्रांस, अमेरिका और चीन जैसे देश सोशल मीडिया से जुड़े नियम कठोर बना चुके हैं। भारत ने मेटा को तलब करने का नोटिस दिया है। इसके जरिए बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्रियों के विज्ञापनों के आरोपों पर स्पश्टीकरण मांगा है। सात दिन के भीतर नोटिस का जवाब देना होगा। केलिफार्निया में स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा के पास फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सअप जैसे लोकप्रिय एवं सर्वाधिक देखे जाने वाले सोशल मीडिया मंचों का स्वामित्व है। भारत सरकार ने यह कदम बीबीसी की एक रिपोर्ट आने के बाद उठाया है।

बीबीसी की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मेटा एलगे रिदम के जरिए बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के प्रसारण को बढ़ावा दे रहा है। जिससे सुरक्षा उपायों में गंभीर कमियां उजागार हुई है। अश्लील सामग्री के विज्ञापनों पर रोक संबंधी कठोर नीतियों के बावजूद मेटा के जरिए फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अष्लील विज्ञापन लगातार देखे गए है। इन विज्ञापनों पर शुल्क चुकाने के बाद उपयोगकर्ता को टेलीग्राम चैनलों पर ले जाते है, जहां कथित बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री उपलब्ध रहती है। वैसे भी भारत सरकार ने बच्चों के यौन षोशण से जुड़ी ऑनलाइन सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। सरकार ने समय-समय पर ऐसी बेवसाइट को ब्लॉक भी किया है, जो बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री स्क्रीन पर परोसती है। मेटा को एक नोटिस के जरिए वाट्सअप पर प्रस्तावित यूजर नेम गोपनीय रखने वाले फीचर के संबंध में सवाल पूछा है कि ऐसी सुविधा से आनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट घोटाले और यौन अपराध गंभीर रूप धारण कर सकते है, अतएव इस मुद्दे पर सरकार की संतुश्टि नहीं होने तक इस फीचर को प्रतिबंधित रखा जाए। लेकिन विडंबना है कि जो कंपनियां इस तंत्र को संचालित कर रही है, वह ऐसी आधुनिक तकनीकों को सही और मानव समुदायों के लिए उपयोगी ठहराती हैं। इसी के परिणामस्वरूप संसार में डिजिटल अपराधों का दायरा फैलता जा रहा है। नतीजतन आपराधिक वारदातों पर रोक लगाना कठिन हो रहा है। कोई भी तकनीक अपने आप में निर्जीव और निपेक्ष होती है। किंतु समस्या तब उत्पन्न होती है। जब इसके नाकारात्मक और गैर-कानूनी उपयोग बढ़ जाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑनलाइन दुनिया ने मानव समुदायों को विश्वव्यापी बहुस्तरीय सुविधाएं दी हैं और इनकी उपयोगिता भी अत्यंत जरूरी हो गई है, किंतु इसकी ओट में समांतर डिजिटल संसाधनों के माध्यम से ही कंपनियां बेजा धन कमाने की हवस में गैरकानूनी गतिविधियां संचालित करने से बाज नहीं आ रही है।

## तड़पती सांसे

गाँव की उस बूढ़ी, पथरीली पगडंडी पर धूल का एक बवंडर उठा और पीपल के झुरीर्दार पत्तों से टकराकर शांत हो गया। जेठ की दुपहरी में जब आसमान आग उगलता है, तब सत्तर पार के दो जोड़े पैर बिना किसी चप्पल के उस तपती मिट्टी को नाप रहे थे। रामसरन की पीठ झुककर कमान हो चुकी थी, मानो वह धरती से अपना खोया हुआ कुछ ढूंढ रहे हों। उनकी लाठी खट-खट करती हुई उस सन्नाटे को चीर रही थी, जो गाँव के सूनेपन की बपौती बन चुका था। उनके ठीक पीछे जानकी अपने फटे आँचल से माथे का पसीना पोंछती हुई घिसट रही थी। उनके हाथों की नसें इस तरह उभरी हुई थीं, जैसे सूखी नदी के पाट पर दरारें पड़ गई हों। वे दोनों किसी गंतव्य की ओर नहीं, बल्कि अपनी ही परछाईं के पीछे भाग रहे थे, जिसे धूप लगातार छोटी करती जा रही थी।

उस धूल-धूसरित रास्ते के ठीक मोड़ पर एक नीम का दरख्त खड़ा था। वही नीम, जिसे रामसरन ने अपने हाथों से सींचा था। आज उसकी छाल उखड़ चुकी थी, पर उसकी जड़ें पाताल को छूने की जिद्द में थीं। अजीब बात थी कि उस बूढ़े दरख्त पर एक भी फल नहीं बचा था, सारे के सारे निबौरी के दाने न जाने कब के गायब हो चुके थे। हवा चलती तो उसकी सूखी टहनियाँ आपस में टकराकर ऐसा रुदन करतीं, मानो कोई माँ एकांत में अपने बहते आंसुओं को दुनिया से छुपाने की नाकाम कोशिश कर रही हो। रामसरन ने नीम की छांव में सुस्ताने के लिए कदम रोके, तो जानकी ने धीमी आवाज में कहा, ₹सुनो, आज डाकिया आया था क्या?₹ रामसरन ने बिना कुछ बोले अपनी धुंधली आँखों को आसमान की तरफ उठा दिया। आँखों के कोरों में जमा हुआ पानी सूखकर नमक बन चुका था, जिसमें अब और बहने की ताकत नहीं बची थी। शहर के एक आलीशान, वातानुकूलित रेस्तरां में मोमबत्तियों की मद्धम रोशनी के बीच कांच के गिलास आपस में टकराए। 'चीयर्स' की आवाज के साथ एक खनकती हुई हंसी गूंजी। उस मेज पर बैठे नौजवान की कलाई पर बंधी महंगी घड़ी टिक-टिक कर रही थी।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 जुलाई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:42 सूर्यास्त 19:12
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - नवमी 10:38 उपरांत दसमी
नक्षत्र - अश्विनी 14:56 उपरांत भरणी
योग - सुकर्मा 10:12 धृति
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 23 तारिख

**मेष-** कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें।

**वृषभ-** जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएं।

**मिथुन-** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा।

**कर्क-** परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएं बनेंगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**सिंह-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें।

**कन्या-** सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**तुला-** रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक-** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**धनु-** व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। धनार्जन होगा।

**मकर-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा।

**कुंभ-** प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है।

**मीन-** विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

## समसामयिक

# कैलास मानसरोवर : भारतीय सभ्यता का मेरुदण्ड, सनातन चेतना का शिखर



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय सभ्यता को यदि किसी एक प्राकृतिक प्रतीक में अभिव्यक्त करना हो, तो वह निस्संदेह हिमालय होगा। हिमालय केवल पर्वतों का समूह नहीं, बल्कि भारतीय चिंतन, साधना, तप, ज्ञान और सांस्कृतिक निरंतरता का साक्षात प्रतीक है। इसी हिमालय की विराट गोद में स्थित कैलास पर्वत और मानसरोवर झील सहस्राब्दियों से भारतीय जनमानस की श्रद्धा, साधना और आध्यात्मिक आकांक्षा के सर्वोच्च केंद्र रहे हैं। कैलास का स्मरण होते ही भगवान शिव, ऋषियों की तपस्या, योग की परंपरा, हिमालय की नीरवता और आत्मचिंतन का वह विराट संसार सामने उपस्थित हो जाता है, जिसने भारतीय संस्कृति को उसकी विशिष्ट पहचान दी।

वर्ष 2026 में कैलास मानसरोवर यात्रा का पुनः आरंभ केवल एक तीर्थयात्रा का प्रारंभ नहीं है। यह भारत की सांस्कृतिक स्मृति के पुनर्जागरण का अवसर भी है। ऐसे समय में, जब विश्व तीव्र भौतिक प्रगति के साथ-साथ मानसिक अशांति, सांस्कृतिक विखंडन और पर्यावरणीय संकटों का सामना कर रहा है, कैलास का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। यह संदेश है-संयम का, संतुलन का, प्रकृति के प्रति श्रद्धा का और आत्मबोध का।

भारतीय मनीषा ने कभी भूगोल को केवल मानचित्र पर अंकित सीमाओं के रूप में नहीं देखा। हमारे लिए नदियाँ मातृस्वरूपा हैं, पर्वत देवस्वरूप हैं और वन तपोभूमियाँ हैं। इसलिए कैलास का महत्व किसी राजनीतिक सीमा से नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना से निर्धारित होता है जो हजारों वर्षों से भारतीय समाज की आत्मा में प्रवाहित होती रही है।

विष्णु पुराण का प्रसिद्ध श्लोक भारतीय सांस्कृतिक एकात्मता का अद्भुत उद्घोष करता है-

उत्तरं यत समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम।
वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र संततिः॥

यह श्लोक किसी आधुनिक राष्ट्र-राज्य की सीमा निर्धारित नहीं करता, बल्कि उस सांस्कृतिक भूगोल का बोध कराता है जिसमें हिमालय भारत की पहचान का अविभाज्य अंग है। इसी हिमालय की आध्यात्मिक परंपरा में कैलास सर्वोच्च स्थान प्राप्त करता है। सनातन परंपरा में भगवान शिव केवल पूजा के देवता नहीं हैं। वे योग के आदि गुरु हैं। वे शक्ति और करुणा का अद्भुत संतुलन हैं। उनके मस्तक पर गंगा है, जटाओं में चंद्रमा है, गले में विष है और हृदय में समस्त सृष्टि के प्रति करुणा। यही कारण है कि भारतीय दर्शन में शिव का अर्थ केवल एक देवता नहीं, बल्कि चेतना की सर्वोच्च अवस्था माना गया है।

कैलास की यात्रा इसीलिए केवल दर्शन की यात्रा नहीं है। यह मनुष्य के भीतर स्थित अहंकार से विनमुक्त होकर आत्मबोध की ओर बढ़ने का प्रयत्न है। जो यात्री हजारों किलोमीटर की कठिन यात्रा, बर्फीले मार्ग, कम ऑक्सीजन और विपरीत परिस्थितियों को स्वीकार करता है, वह केवल एक पर्वत तक नहीं पहुँचता; वह अपने भीतर के धैर्य, श्रद्धा और आत्मविश्वास से भी परिचित होता है। भारतीय संस्कृति में तीर्थों का महत्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रहा। तीर्थ समाज को जोड़ते हैं, मनुष्य को विनम्र बनाते हैं और उसे यह अनुभव कराते हैं कि वह प्रकृति की विराट व्यवस्था का एक छोटा-सा अंग है। यही कारण है कि हमारे यहाँ चारधाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, शक्तिपीठ और कैलास जैसी यात्राएँ जीवन के संस्कार मानी गई हैं। कैलास-मानसरोवर का उल्लेख अनेक पुराणों, बौद्ध परंपराओं, जैन ग्रंथों और तिब्बती धार्मिक परंपराओं में भी मिलता है। यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि कैलास केवल एक समुदाय की आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि एशिया की अनेक प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं के लिए भी पवित्र स्थल रहा है। यह उसकी सार्वभौमिक आध्यात्मिक महत्ता का प्रमाण है।

# बारिश के मौसम में जकड़ लेती है सर्दी-खांसी, घर पर करें इलाज



बदलते मौसम में सबसे बड़ी परेशानी सर्दी-खांसी और जुकाम की होती है। खासकर बरसात के मौसम में यह परेशानी ज्यादा परेशान करती है। आमतौर पर सर्दी-जुकाम वायरस के संक्रमण के कारण होता है। जुकाम होने का सबसे आम कारण राइनोवायरस का संक्रमण है, जिसकी वजह से नाक से पानी बहने लगता है, साथ ही छींके, गले में खराश और नाक बंद होने की समस्या का भी सामना करना पड़ता है। । सर्दी-जुकाम ऐसी परेशानी है जिसके लिए डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसका इलाज घर में ही किचन में मौजूद मसालों से किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि सर्दी-जुकाम का घर में इलाज कैसे करें।

### शहद, नींबू और इलायची

आधा चम्मच शहद में एक चुटकी इलायची पाउडर और कुछ बूंद नींबू के रस की मिलाकर इसका पेस्ट बनाएं। इसका दिन में 2 बार सेवन करने से खांसी से राहत मिलेगी।

### अदरक की चाय का करें सेवन:

औषधीय गुणों से भरपूर अदरक में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, इसका सेवन करके सर्दी-खांसी से निजात पाई जा सकती है। अदरक का सेवन चाय में डालकर करने से खांसी और जुकाम से जल्द राहत मिलती है।

### हल्दी के दूध का करें सेवन

बरसात के मौसम में सर्दी-खांसी से बचना चाहते हैं तो हल्दी के दूध का सेवन करें। हल्दी में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी वायरल प्रॉपर्टीज बरसात के मौसम में इंफेक्शन से बचाने में मदद करते है।

### काली मिर्च का करें शहद के साथ सेवन:

काली मिर्च बदलते मौसम में होने वाली समस्याओं से राहत दिलाने में बेहद मददगार है। सर्दी-खांसी से बचने के लिए आप काली मिर्च पाउडर को शहद में मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### गर्म पानी भी देता है सर्दी से राहत:

सर्दी-जुकाम में गर्म पानी आपको बेहद राहद देगा। इस मौसम में गर्म पानी पीने से गले में जमा कफ खुलेगा और आप सेहत में सुधार महसूस करेंगे।

## धर्म-आस्था

# मेघ पिता, धरती माता : प्राचीन भारत का अद्भुत मेघविज्ञान और मानसून का वैदिक दर्शन

भारतीय सभ्यता में वर्षा केवल प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति, कृषि और आध्यात्मिक चेतना का आधार रही है। आधुनिक विज्ञान जिस जलचक्र को आज हाइड्रोलॉजिकल चक्र कहकर समझाता है, उसकी वैज्ञानिक और दार्शनिक व्याख्या हजारों वर्ष पूर्व ऋग्वेद में मिलती है। भारतीय ऋषियों ने बादलों को केवल जलवाष्प का समूह नहीं माना, बल्कि उन्हें पर्जन्य अर्थात जीवनदाता पिता का स्वरूप बताया और पृथ्वी को माता का स्थान दिया। यह दृष्टि केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण के गहरे वैज्ञानिक अध्ययन का प्रमाण भी है।

ऋग्वेद में वर्णित पर्जन्य सूक्त संसार के सबसे प्राचीन मौसम विज्ञान संबंधी दस्तावेजों में गिना जा सकता है। वैदिक ऋषियों ने स्पष्ट कहा कि सूर्य की ऊष्मा से समुद्र और पृथ्वी का जल वाष्प बनकर आकाश में जाता है, वही बादलों का रूप धारण कर पुनः वर्षा बनकर पृथ्वी पर लौटता है। आधुनिक विज्ञान ने जिस प्रक्रिया को वैज्ञानिक सिद्धांत के रूप में स्वीकार किया है, उसका मूल दर्शन भारतीय वैदिक साहित्य में पहले से उपलब्ध है। ऋग्वेद का मंत्र कहता है-

समानमेतदुदकमुच्चैत्यव चाहभिः।

अर्थात जो जल ऊपर उठता है, वही पुनः नीचे आता है। यह केवल काव्य नहीं, बल्कि जलचक्र की वैज्ञानिक व्याख्या है।

भारतीय चिंतन में मेघ और धरती का संबंध अत्यंत भावपूर्ण है। ऋग्वेद के अनुसार पर्जन्य पिता हैं और पृथ्वी माता। बादलों से गिरने वाला जल अमृत के समान है जिसे धरती माता अपने गर्भ में धारण करती है। यही जल बीजों को अंकुरित करता है, खेतों को हरियाली देता है और समस्त जीव-जगत का पालन करता है।

यह दर्शन आज के पर्यावरण विज्ञान के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधुनिक पारिस्थितिकी कहती है कि जल, भूमि और वनस्पति एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। भारतीय ऋषियों ने यही बात हजारों वर्ष पहले अत्यंत सरल भाषा में कह दी थी।

भगवान श्रीकृष्ण ने भी श्रीमद् भागवत गीता में वर्षा और अन्न के इसी संबंध को स्पष्ट किया-

अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।

अर्थात समस्त प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं और अन्न की उत्पत्ति वर्षा से होती है।

यह केवल धार्मिक उपदेश नहीं बल्कि कृषि विज्ञान का मूल सिद्धांत है। भारत की अर्थव्यवस्था सदियों तक वर्षा आधारित कृषि पर टिकी रही। इसलिए मानसून का समय केवल मौसम परिवर्तन नहीं बल्कि आर्थिक समृद्धि, सामाजिक उत्सव और सांस्कृतिक उल्लास का काल माना गया।

भारतीय मेघविज्ञान की सबसे रोचक विशेषता यह है कि हमारे प्राचीन विद्वानों ने बादलों के अनेक प्रकारों का विस्तृत अध्ययन किया था। वराहमिहिर की वृहत्संहिता में बादलों के रंग, आकार, दिशा, गति और उनसे होने वाली वर्षा का वैज्ञानिक विश्लेषण मिलता है। कहीं श्वेत कपासी मेघ, कहीं गहरे काले वर्षा मेघ, कहीं गर्जना करने वाले बादल और कहीं केवल आकाश को ढँकने वाले मेघ-इन सभी का पृथक-पृथक वर्णन मिलता है।

आज के मौसम विभाग जिन संकेतों के आधार पर वर्षा का पूवार्नुमान लगाते हैं, उनके प्रारंभिक स्वरूप का उल्लेख भारतीय ग्रंथों में आश्चर्यजनक रूप से उपलब्ध है।

महाकवि कालिदास का मेघदूत केवल विरह काव्य नहीं है। अनेक शोधकर्ताओं का मत है कि यह भारतीय मानसून की भौगोलिक यात्रा का अद्भुत दस्तावेज भी है। रामगिरि से प्रारंभ होकर हिमालय और कैलास तक पहुँचने वाले मेघ का मार्ग वस्तुतः दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्राकृतिक दिशा का काव्यात्मक चित्रण है। कालिदास ने मेघ को जड़ पदार्थ नहीं माना। उन्होंने लिखा-

जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः।

अर्थात मैं तुम्हें प्रकृति का सजीव पुरुष जानता हूँ, जो इच्छानुसार रूप धारण करता है।

यह कल्पना मात्र नहीं थी। वास्तव में ऋषियों ने बादलों की बदलती संरचना, दिशा और व्यवहार का गहन अवलोकन किया था। कभी वे पर्वतों से टकराकर बरसते हैं, कभी नदियों के ऊपर मंडराते हैं, कभी गर्जना करते हैं और कभी बिना वर्षा के ही आगे बढ़ जाते हैं। भारतीय कृषि परंपरा में भी मेघों का विशेष महत्व रहा है। किसान केवल पंचांग ही नहीं देखते थे, बल्कि हवा की दिशा, बादलों का रंग, गर्जन की तीव्रता, पक्षियों का व्यवहार और वनस्पतियों की स्थिति देखकर वर्षा का अनुमान लगाते थे।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,41,700 रवा- 1,41,500 चांदी- टंच- 2,26,000 पाट- 2,25,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**

# खातेगाँव में किन्नर बनकर घरों में लूटपाट करने वाला गिरोह पकड़ाया

## चाकू की नोक पर जेवर लूटने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो किन्नर का वेश धारण कर घरों में लूटपाट करता था। इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से लूटे गए सोने के आभूषण, वारदात में इस्तेमाल की गई दो कारें और धारदार हथियार बरामद किए गए हैं।

एएसपी सौम्या जैन ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपी पहले किन्नर बनकर घरों में प्रवेश करते थे, फिर बातचीत के बहाने विश्वास जीतकर चाकू की नोक पर लूट को अंजाम देते थे।

यह घटना 19 जून को ग्राम बरवाई खेड़ा निवासी 27 वर्षीय कुलदीप जाट के घर हुई थी। तीन आरोपी स्विफ्ट डिजायर कार से उनके घर पहुंचे थे, जिनमें से दो किन्नर के वेश में थे। आरोपियों ने पहले बातचीत कर कुलदीप का विश्वास जीता और फिर चाकू दिखाकर करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने के जेवर लूट लिए। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिरों की मदद ली। जांच के दौरान, पुलिस मुख्य आरोपी सोनू उर्फ सुनील निवासी रतलाम तक पहुंची और उसे संदलपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सोनू ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट डिजायर कार भी बरामद कर ली गई।



### दो जुलाई को डकैती की योजना बनाते पकड़ा

पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई को कन्नौद पुलिस ने इंदौर-बैतूल हाईवे पर ननासा सर्विस रोड के पास से डकैती की योजना बनाते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से हथियार और एक कार भी मिली थी। इन आरोपियों से पूछताछ के दौरान 19 जून को हुई एक लूट की वारदात का खुलासा हुआ।

### इनको पहले किया गिरफ्तार

जांच में यह भी पता चला कि गिरोह के अन्य पांच आरोपी पहले से ही कन्नौद थाना क्षेत्र के एक अन्य मामले में गिरफ्तार होकर उप जेल कन्नौद में बंद थे। खातेगांव पुलिस ने न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर इन सभी आरोपियों से पूछताछ की। उन्होंने भी लूट की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो सोने की मालाएं, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और अन्य संबंधित सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू उर्फ सुनील (रतलाम), भैरूनाथ, जीवन, लखन, अर्जुन और कैलाश नाथ (धार जिले के विभिन्न गांवों के निवासी) शामिल हैं।

## सोयाबीन 7030 और लहसुन 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक बिका

**शुजालपुर।** कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर में मंगलवार को विभिन्न कृषि जिंसों की कुल 8075 क्विंटल आवक दर्ज की गई। अनाज मंडी में 2475 क्विंटल तथा सब्जी मंडी में प्याज और लहसुन की 5600 क्विंटल आवक रही। दिनभर कुल 1462 कृषि उपज अनुबंध हुए। खरीफ फसल की बुआई और सोयाबीन की बोवनी जमने के बाद अतिरिक्त रखी हुई सोयाबीन किसानों द्वारा मंडी में बेची जा रही है, जिससे मंडी में पिछले कुछ दिनों से सोयाबीन की आवक बडी है। मंडी में सोयाबीन के भाव सबसे अधिक 7030 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे, जबकि मॉडल भाव 7000 रुपए रहा। गेहूं 2086 से 2611 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बिका, जिसका मॉडल भाव 2431 रुपए रहा। चना सफेद 5500 से 8420 रुपए, चना मौसमी 4900 से 5640 रुपए तथा चना कांटा 4800 से 5560 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। धनिया 13060 रुपए, मूंग 6530 से 6930 रुपए, मसूर 5800 से 6500 रुपए और सरसों 6200 से 6800 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर कारोबार हुआ। सब्जी मंडी में प्याज की 4100 क्विंटल आवक रही। इसके भाव 500 से 2780 रुपए प्रति क्विंटल के बीच रहे, जबकि मॉडल भाव 1450 रुपए रहा। वहीं लहसुन की 1500 क्विंटल आवक दर्ज की गई। लहसुन के भाव 1500 से 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे और इसका मॉडल भाव 10,500 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## जल संसाधन उपसंभाग शुजालपुर की जिम्मेदारी अब श्रीवास्तव संभालेंगे

**शुजालपुर।** जल संसाधन उपसंभाग शुजालपुर के अनुविभागीय अधिकारी सहायक यंत्री के स्थानांतरण के बाद विभाग ने नई अस्थायी व्यवस्था लागू की है। अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन मंडल उज्जैन ने इस संबंध में कार्यालयीन आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार सहायक यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी मयंक स्वर्णकार का मध्यप्रदेश शासन के आदेश के तहत अशोकनगर स्थानांतरण होने के बाद शुजालपुर उपसंभाग में कार्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश के तहत जल संसाधन उपसंभाग शुजालपुर में पदस्थ वरिष्ठ उपयंत्री बालकृष्ण श्रीवास्तव को आगामी आदेश तक अथवा शासन द्वारा नियमित पदस्थापना होने तक अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उपसंभाग शुजालपुर का कार्यभार सौंपा गया है। यह व्यवस्था शासकीय कार्यों के सुचारु संचालन और प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए की गई है।

## ग्वाड़े का ताला तोड़कर 10 बकरे-बकरियां चोरी पुलिस ने दर्ज किया मामला

**शुजालपुर।** पुलिस थाना मंडी अन्तर्गत ग्राम भुगोर में अज्ञात बदमाश ग्वाड़े का ताला तोड़कर 10 बकरे-बकरियां चोरी कर ले गए। पीड़ित द्वारा काफ ी तलाश के बाद भी पशुओं का सुराग नहीं लगने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम भुगोर निवासी लाड़सिंह बामनिया ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पास तीन बकरियां, तीन बकरे और चार बच्चे सहित कुल 10 पशु थे। 7 मई की शाम करीब 7 बजे वह उन्हें जंगल से चराकर घर लाया और ग्वाड़े में बांधकर ताला लगाकर अपने घर चला गया। अगली सुबह करीब 6 बजे जब वह पशुओं को छोड़ने पहुंचा तो ग्वाड़े का ताला टूटा मिला और सभी बकरे-बकरियां व उनके बच्चे गायब थे। इसके बाद उसने आसपास के गांवों और हाट-बाजारों में काफ ी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फ रियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बस स्टैंड पर करंट से गौवंश की मौत, जांच में वायरिंग में खराबी मिली



**शाजापुर।** शाजापुर शहर के बस स्टैंड परिसर में मंगलवार रात करंट फैलने से एक गोवंश की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गौरक्षा सेना के पदाधिकारी और बिजली कंपनी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने विद्युत आपूर्ति में आई खराबी को दूर कर स्थिति को सुरक्षित किया। गौरक्षा सेना के नगर महासचिव हर्षित परमार ने बताया कि उन्हें बस स्टैंड परिसर में एक नंदी के करंट की चपेट में आने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा और अन्य सदस्य भारी बारिश के बावजूद मौके पर पहुंचे। हालांकि, तब तक गोवंश की मौत हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस स्टैंड परिसर में लगे लोहे के अर्थिंग में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। गौरक्षा सेना ने तुरंत बिजली कंपनी को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मध्य प्रदेश विद्युत मंडल (एमपीईबी) के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और करंट के स्त्रोत की तलाश कर सुधार कार्य प्रारंभ किया। बिजली कंपनी के जेई रामप्रसाद अहिरवार ने बताया कि जांच में बस स्टैंड परिसर स्थित सम्राट लस्सी की दुकान की वायरिंग में खराबी पाई गई, जिसके कारण करंट फैल रहा था। इस खराबी को तत्काल ठीक कर दिया गया। इस घटना के बाद नगर पालिका की टीम ने मृत नंदी को मौके से हटवाकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे बारिश के दौरान खुले विद्युत उपकरणों और संदिग्ध बिजली के तारों से दूरी बनाए रखें ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**

**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**

**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

# रस्सी से नहीं बनी बात तो हथौड़े से तोड़ा चैंबर, गौरक्षा सेना ने बचाई नंदी की जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जीव दया और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए शहर में गौरक्षा सेना के युवाओं ने एक बार फिर अपनी तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया। ज्योति नगर इलाके में नाले के एक संकरे चैंबर में गिरे बेजुबान नंदी (बैल) को घंटों की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

रेस्क्यू के दौरान नंदी को चोट न लगे, इसके लिए युवाओं ने चैंबर का एक हिस्सा तक तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ज्योति नगर स्थित मस्जिद के सामने बने नाले के चैंबर में मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक नंदी अचानक गिरकर बुरी तरह फंस गया। स्थानीय निवासी संदीप प्रजापत ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत गौरक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही धर्मेन्द्र शर्मा अपनी टीम के हर्षित परमार, शिवम बिरथरे, अक्षय गुर्जर, चिंटू परमार, चंद्रशेखर जाटव, ललित राठौर और योगेश मेवाड़ा के साथ बिना कोई समय गंवाए तत्काल मौके पर पहुंच गए और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया।



इस पूरी घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। बेजुबान की जान बचाने के लिए गौरक्षा सेना के सदस्यों द्वारा दिखाए गए साहस, त्वरित कार्रवाई और जीव सेवा के प्रति उनके समर्पण को देखकर वहां मौजूद सभी स्थानीय नागरिकों ने उनकी जमकर सराहना की।

### लोहे के सरियों ने बढ़ाई चुनौती, बदलनी पड़ी रणनीति

रेस्क्यू का काम आसान नहीं था। टीम ने सबसे पहले रस्सी की मदद से नंदी को बाहर निकालने के दो प्रयास किए, लेकिन चैंबर के अंदर लोहे के सरिये निकले हुए थे, जिससे रस्सी खींचने पर नंदी को गंभीर चोट लगने की आशंका थी। बेजुबान की जान को खतरे में न डालते हुए टीम ने तुरंत अपनी रणनीति बदली। सदस्यों ने हथौड़े की व्यवस्था की और बेहद सावधानी से चैंबर के उस हिस्से को तोड़ना शुरू किया जहां से नंदी को चोंट लगने का अंदेशा था। हथौड़े से चैंबर का हिस्सा तोड़ने के बाद जगह थोड़ी चौड़ी हो गई। इसके बाद पूरी टीम ने संयुक्त रूप से जोर लगाया और नंदी को बिना किसी खरोंच के सुरक्षित बाहर निकाल लिया।



बस स्टैंड मार्ग पर अतिक्रमण से जाम

## स्कूल खुलने व छुट्टी होने पर आवागमन में होती है परेशानी

**अकोदिया।** शहर का व्यस्त बस स्टैंड मार्ग इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। दुकानों के बाहर फैला सामान, हाथ ठेले और सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

बस स्टैंड, परशुराम चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा और कंगन चौराहा से लेकर बोलाई रोड तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण है। इससे सड़कें संकरी हो गई हैं और कई स्थानों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वाहन चालकों को प्रतिदिन जाम का सामना करना पड़ रहा है।

दुकानदारों द्वारा सामान सड़क तक फैलाने और ठेले लगाए जाने से सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। सुबह स्कूल खुलने और शाम को छुट्टी के समय स्थिति सबसे अधिक खराब रहती है।

# औचक निरीक्षण में नदारद मिले सभी डॉक्टर, कटेगा एक दिन का वेतन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं और स्वास्थ्य के साथ हो रही घोर लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। लंबे समय से मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जब प्रशासनिक अधिकारियों ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, तो पूरी ओपीडी रामभरोसे नजर आई। ड्यूटी के समय ओपीडी कक्षों से सभी डॉक्टर गायब मिले। मरीजों की इस फजीहत और चिकित्सकों की मनमानी पर सख्त रुख अपनाते हुए प्रशासन ने सभी अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने का कड़ा निर्देश दिया है।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मेडिकल बोर्ड भी लगा हुआ था। जिले भर से दिव्यांग और अन्य मरीज अपना मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सुबह से ही अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टरों के न होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति यह है कि बोर्ड के सदस्य डॉक्टर कभी भी एक साथ उपलब्ध नहीं होते हैं, जिसके कारण महज एक मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मरीजों को कई सप्ताह तक अस्पताल के चक्कर काटने पड़ते हैं।

### कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

अस्पताल की अव्यवस्थाओं, डॉक्टरों की अनुपस्थिति और आयुष्मान कार्ड न बनने जैसी लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को औचक निरीक्षण किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य और अस्पताल प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर नेहा जब सुबह 10 बजे अस्पताल पहुंचीं, तो ओपीडी में एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। इलाज और अन्य कार्यों के लिए आए मरीज डॉक्टरों के इंतजार में इधर-उधर भटकते नजर आए।

### अधिकारियों ने दिखाई सख्ती

इस पूरी कार्रवाई के संबंध में सीएमएचओ डॉ. कमला आर्य ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी डॉक्टर अनुपस्थित मिले हैं। इस घोर लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से सभी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मेडिकल बोर्ड और आयुष्मान कार्ड को लेकर मिल रही शिकायतों के सही पाए जाने की भी पुष्टि की। वहीं, अस्पताल प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर नेहा ने स्पष्ट किया कि अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

## फंदे पर मिला महिला का शव, बेटे की मौत के सदमे से नहीं उबर पाई

**देवास।** देवास जिले के राजोदा में एक महिला का शव उसके ही घर में फंदे पर लटका मिला। मृतका की पहचान 45 वर्षीय पपीता चौहान के रूप में हुई है।



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के समय परिवार के सदस्य घर से बाहर थे। जब वे लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। परिजनों ने गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर पपीता चौहान पंखे से रस्सी के सहारे लटकी मिलीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पपीता चौहान, रामप्रसाद चौहान की पत्नी थीं। उनके पति उज्जैन में फैब्रिकेशन का काम करते हैं। घटना वाले दिन भी वे सुबह काम के लिए उज्जैन चले गए थे। मृतका के देवर मांगीलाल ने बताया कि पपीता चौहान के दो बेटे थे। कुछ वर्ष पहले उनके बेटे बंटी की सर्पदंश से मौत हो गई थी। इसके बाद से वह काफी परेशान रहने लगी थीं।

## झोपड़ी में आग लगाकर महिला को जिंदा जलाने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**खातेगांव।** खातेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बछखाल में 51 वर्षीय महिला को झोपड़ी में आग लगाकर जिंदा जलाने का प्रयास किया गया था। गंभीर रूप से झुलसी महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मंगलवार को पुलिस ने गावं के ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना 18 जून की सुबह करीब 4:00 से 4:30 बजे के बीच की है। ग्राम बछखाल की रहने वाली गायत्री बाई (पति नारायण दास बैरागी) अपनी टापरी में मौजूद थीं। तभी किसी पुराने विवाद को लेकर गांव के ही चार दबंगों ने उनकी झोपड़ी को घेरकर उसमें आग लगा दी। इस आगजनी में गायत्री बाई बुरी तरह झुलस गईं, जिन्हें गंभीर हालत में इंदौर इलाज के लिए ले जाया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। ये हैं आरोपी गोविंद दास बैरागी, अजय बैरागी, सतानंद बैरागी, गोलू उर्फ अभय बैरागी है। घटना के बाद इंदौर में दर्ज हुए मर्ग के आधार पर खातेगांव पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मृतिका के परिवार वालों और चश्मदीद गवाहों के बयान दर्ज किए। घटनास्थल के बारीकी से किए गए निरीक्षण के बाद यह पूरी तरह साफ हो गया कि आरोपियों ने सोची-समझी साजिश के तहत जानबूझकर आग लगाई थी।

## झमाझम बरसे मेघ, उमस से मिली राहत, किसानों के चेहरे खिल



**शुजालपुर।** तीन दिन के विराम के बाद मंगलवार को क्षेत्र में एक बार फि र मानसून मेहरबान हुआ। दिनभर उमस भरे मौसम के बाद शाम को पहले रिमझिम बारिश शुरू हुई और इसके बाद करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। अच्छी बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली, वहीं खेतों में नमी बढ़ने से किसानों के चेहरे खिल उठे। बारिश के चलते शहर के कई हिस्सों में नालियों की समय पर सफ ाई नहीं होने का असर भी देखने को मिला। कई स्थानों पर नालियों का पानी सड़कों पर बहता नजर आया, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश से जिले के तालाबों और जलाशयों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस से मंगलवार सुबह 8 बजे तक जिले में 13.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 21 मिमी वर्षा कालापीपल तहसील में हुई।

In The Court Of II Additional Judge To I Civil Judge Class-1 Presiding Officer: सुश्री दीपिका यादव

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

(MJC SUC/0000027/2026)

**जोहर अली----------आवेदक**

**Vs**

**सर्व साधारण-------अनावेदक**

Process Id-/2026

**पेशी दिनांकः 04/08/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्व साधारण पता- सर्वसाधारण

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रं.1 जोहर अली पिता कादर अली, आयु-57 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासी-मुबारक मंजिल जूना सोमवारिया वीर दुगार्दास मार्ग उज्जैन आदि की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदकगण के पिता कादर अली पिता अब्बास अली नं वर्ष 2012 में बैंक ऑफ इंडिया शाखा अरविंद नगर उज्जैन से एक होम लोन खाता क्रं. 910775100020618 पर लिया था तथा कादर अली के द्वारा उक्त लिये गये लोन की किश्ते समय समय पर अदा की जा रही थी तथा उनके पिता कादर अली की मृत्यु दिनांक 26/02/2012 को उज्जैन शहर में हो गई थी जिसके पश्चात उक्त लोन को उनके वारिसों के द्वारा नियमित रुप से बैंक में किश्ते दिनांक 15/01/2015 को जमा कर दी गई थी, आवेदकगण के पिता कादर अली के द्वारा उक्त लोन लेते समय अपने भवन की मूल रजिस्ट्री और नामांतरण बैंक में जमा किये गये थे, आवेदकगण को उक्त मूल रजिस्ट्री और नामांतरण एवं लोन की एन ओ सी की आवश्यकता है। आवेदकगण के पिता कादर अली की मृत्यु के पश्चात उनके वारिसान उत्तराधिकारी है। आवेदकगण को उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 04 अगस्त 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 04 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 06 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**सुश्री दीपिका यादव**

**प्रथम व्य. न्याया. वरिष्ठ खण्ड के द्वितीय अति. न्यायाधीश उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**

क्रमांक/राजस्व/2026/1837 — महिदपुर, दिनांक 07.07.2026

**दुकान आवंटन हेतु ई निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद् महिदपुर द्वारा आवंटन से शेष दुकानों के निविदा प्रस्ताव मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति अन्तरण) नियम 2016 (यथासंशोधित) के प्रावधानों के अंतर्गत राईट ऑफ आक्यूपेशन के तहत ई निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं-

| स. क्र. | टेण्डर आईडी क्रमांक | दुकान का स्थान | दुकान की क्रमांक | दुकान का आरक्षण | न्यूनतम ऑफर राशि | निविदा अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | मासिक किराया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2026_UAD_519632_1 | गणेश चौपाटी, सेमल्या रोड पर नवनिर्मित दुकानें | 1 | अनारक्षित | 553910 | 25000 | 2000 | 500 |
| 2 | 2026_UAD_519632_2 | | 2 | अनारक्षित | 553910 | 25000 | 2000 | 500 |
| 3 | 2026_UAD_519632_3 | | 4 | पिछड़ा वर्ग | 553910 | 25000 | 2000 | 500 |
| 4 | 2026_UAD_519632_4 | | 8 | अनारक्षित | 553910 | 25000 | 2000 | 500 |
| 5 | 2026_UAD_519632_5 | | 9 | अनारक्षित | 553910 | 25000 | 2000 | 500 |
| 6 | 2026_UAD_519632_6 | | 12 | अनारक्षित | 553910 | 25000 | 2000 | 500 |
| 7 | 2026_UAD_519632_7 | नवीन पार्क, बारापत्थर के बाहर नवनिर्मित दुकानें (मॉडल स्कूल के पास) | 11 | अनारक्षित | 311039 | 25000 | 2000 | 500 |
| 8 | 2026_UAD_519632_8 | | 12 | पिछड़ा वर्ग | 311039 | 25000 | 2000 | 500 |
| 9 | 2026_UAD_519632_9 | | 13 | अनारक्षित | 311039 | 25000 | 2000 | 500 |
| 10 | 2026_UAD_519632_10 | | 14 | अनारक्षित | 311039 | 25000 | 2000 | 500 |
| 11 | 2026_UAD_519632_11 | | 16 | अनारक्षित | 320759 | 25000 | 2000 | 500 |
| 12 | 2026_UAD_519632_12 | | 17 | अनु.जाति | 311039 | 25000 | 2000 | 500 |
| 13 | 2026_UAD_519632_13 | | 18 | अनारक्षित | 311039 | 25000 | 2000 | 500 |
| 14 | 2026_UAD_519632_14 | न्यायालय परिसर के सामने प्रथम तल की दुकानें | 3 | अनारक्षित | 579984 | 25000 | 2000 | 500 |
| 15 | 2026_UAD_519632_15 | | 4 | अनारक्षित | 557673 | 25000 | 2000 | 500 |
| 16 | 2026_UAD_519632_16 | | 5 | अनारक्षित | 645176 | 25000 | 2000 | 500 |
| 17 | 2026_UAD_519632_17 | | 6 | अनारक्षित | 994696 | 25000 | 2000 | 500 |
| 18 | 2026_UAD_519632_18 | | 7 | अनारक्षित | 624775 | 25000 | 2000 | 500 |
| 19 | 2026_UAD_519632_19 | | 8 | अनारक्षित | 694239 | 25000 | 2000 | 500 |
| 20 | 2026_UAD_519632_20 | | 9 | अनु.जाति | 706884 | 25000 | 2000 | 500 |

ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 23.07.2026 को सांय 5.30 बजे तक रहेगी। ई-ऑक्शन की जानकारी केवल पोर्टल के माध्यम से दी जावेगी। ई-निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**

**नगर पालिका महिदपुर**

## ई- अटेंडेंस पर पीछे नहीं हटेगी मप्र सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू करने के फैसले पर सरकार रियायत देने के मूड में नहीं है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के हालिया बयान के बाद भी शिक्षक संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। मंत्री ने साफ कहा है कि शिक्षक दिनभर मोबाइल का उपयोग करते हैं। ऐसे में ई-अटेंडेंस लगाने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वहीं, शिक्षक संगठनों का कहना है कि वे ई-अटेंडेंस के विरोध में नहीं हैं, लेकिन इसे न्यायसंगत और संवेदनशील तरीके से लागू किया जाए।साथ ही सरकार शिक्षकों के निजी मोबाइल, इंटरनेट और सिम के उपयोग पर भी स्पष्ट नीति बनाए। दो दिन पहले बैतूल प्रवास के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ई-अटेंडेंस लागू करने में कोई समस्या नहीं है। मंत्री ने बताया कि जहां नेटवर्क की समस्या है, वहां सरकार समाधान के प्रयास कर रही है और ऐसे स्थानों पर पदस्थ शिक्षकों की गरिमा और व्यावहारिक कठिनाइयों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## उधारी नहीं लौटाई तो बीच सड़क पर पीटा

**नर्मदापुरम ।** नर्मदापुर में मंगलवार को शहर की एसपीएम पुलिया के पास 1500 रुपए के उधारी विवाद में एक युवक को अर्धनग्न कर डंडों से बेरहमी से पीट दिया गया। हमले में युवक के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। लहूलुहान हालत में उसे 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर ने युवक को कुचला ग्रामीणों ने आग लगाई

**शहडोल।** शहडोल के गोहपारू थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार शंकर प्रताप साहू (35) को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर मौत हो गई। दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर में आग लगा दी। स्थिति नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पाथेरा मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मारी।टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बाइक पर सवार दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई और चालक फरार हो गया।

## 3 दिन बाद 230 फीट ऊंचे टॉवर से उतरा शख्स

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा में तीन दिन तक 230 फीट ऊंचे बीएसएनएल टावर पर डटे रहने के बाद युवक को बुधवार शाम करीब 6:15 बजे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। नीचे आते ही उसने सबसे पहले कहा, मछली-चावल खिलाओ और 150 रुपए दे दो, गांव जाना है। चार प्रशिक्षित विशेषज्ञ कर्मचारियों ने टावर पर चढ़कर युवक को रस्सियों की मदद से सुरक्षित बांधा और सावधानीपूर्वक नीचे उतारा। रेस्क्यू के दौरान पुलिस और प्रशासन की टीम पूरे समय मौके पर मौजूद रही। थाना प्रभारी अमित दानी ने बताया कि युवक की पहचान सोनातून दीहार के रूप में हुई है। वह खड़कपुर, थाना बलियाबारा, जिला झाड़ग्राम (पश्चिम बंगाल) का निवासी है।

## वक्फ बोर्ड विवाद में भोपाल के निकाह काजी का इस्तीफा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड में दो गैर मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति से उपजा विवाद थम नहीं रहा है। ताजा घटनाक्रम में इस फैसले का विरोध करते हुए भोपाल में निकाह काजी मोहम्मद मआज खान नोमानी नदवी ने इस्तीफा दे दिया है। नदवी ने बुधवार को निकाह काजी के पद के साथ ही दीनी तालीमी बोर्ड, जमीयत उलेमा मध्य प्रदेश के महासचिव पद से भी त्यागपत्र सौंपा है।उन्होंने पहला इस्तीफा शहर काजी मौलाना सैयद मुश्ताक अली नदवी जबकि दूसरा दीनी तालीमी बोर्ड, जमीयत उलेमा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल कलाम कासमी को भेजा। दोनों ही पत्रों में उन्होंने वक्फ बोर्ड में नियुक्तियों और उनके समर्थन को अपने इस्तीफे का कारण बताया है। नदवी ने लिखा- मुझे जो जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, मैंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा से उन्हें निभाने का प्रयास किया।

## सीएम ने मांगी 8 दिनों में हुई पदोन्नति की जानकारी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के अंतर्गत नौ दिन में की गई विभाग वार प्रमोशन कार्यवाही का ब्यौरा तलब किया है। सीएम के निर्देश के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने सभी विभागों से आज शाम तक विभागवार और पदवार पदोन्नति का विवरण सचिवालय द्वारा जारी की गई लिंक पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री जल्दी ही इसकी समीक्षा करने वाले हैं। इसके पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और अधिकारियों से कहा है कि सभी विभागों में पदोन्नति होना चाहिए और सभी वर्गो को इसका लाभ मिलना चाहिए।मंत्रालय में कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री द्वारा मांगी गई जानकारी के उपरांत सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिवों को अब तक की गई पदोन्नतियों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं।

## टाइगर मूवमेंट एरिया में पहाड़ी की कटाई

**भोपाल।** भोपाल के टाइगर मूवमेंट एरिया स्थित पहाड़ी पर पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। इसके चलते लोग विरोध में उतर आए। उन्होंने मामले में पुलिस से भी शिकायत की है।

# बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर



**शुजालपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में मंगलवार को संकुल केंद्र अकोदिया, अवंतिपुर बड़ोदिया एवं पोलायकला के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों एवं प्रभारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा पोर्टल के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान एफएलएन के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में बीआरसीसी सुरेन्द्र गोखले ने शिक्षा पोर्टल 3.0 पर कक्षा एक में प्रवेश, कक्षाओं का अद्यतन, बाल अनुगमन अनुप्रयोग के माध्यम से सर्वेक्षण, सत्र 2026-27 की विद्यालय एवं विद्यार्थी जानकारी का अद्यतन, छात्रवृत्ति, गणवेश, समग्र विद्यालय सूचना प्रणाली यू डाइस प्लस पर कक्षा अद्यतन, अपार पहचान पत्र एपीएएआर आईडी निर्माण तथा पाठ्यपुस्तकों के वितरण सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की कक्षाओं के नियमित संचालन, राज्य स्तर से प्राप्त शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग तथा विद्यालय स्तर पर प्रधान अध्यापकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया।

बैठक के दूसरे सत्र में साक्षरता स्रोत समन्वयक मनराज परमार ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए घर-घर सर्वेक्षण तथा राष्ट्रीय भारत साक्षरता कार्यक्रम के मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। दोपहर बाद आयोजित ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक में मिशन अंकुर के ब्लॉक प्रभारी संजय राजपूत एवं रवि विश्वकर्मा ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल एवं जून माह की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर बीआरसीसी सुरेन्द्र गोखले ने समस्त विकासखंड शैक्षणिक समन्वयकों एवं जनशिक्षकों को प्रभावी मार्गदर्शन, नियमित विद्यालय अवलोकन तथा विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक का संचालन संजय देशमुख ने किया। इस दौरान विकासखंड शैक्षणिक समन्वयक राकेश पांचाल, रोशन सिंह परमार, दीपक विश्वकर्मा, ब्लॉक के समस्त जनशिक्षक, संकुल साक्षरता समन्वयक मनराज परमार, रामचरण दसवंते, जगदीश कारपेंटर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सकारात्मक सोच से विकसित भारत का होगा निर्माण



**गुना।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। युवाओं को अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप शिक्षा प्राप्त कर लक्ष्य निर्धारित करते हुए निरंतर प्रयास करना चाहिए। यह बात कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बुधवार को चांचौड़ा-बीनागंज में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। आवश्यकता केवल अपनी क्षमता को पहचानकर समर्पण और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने की है। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है और बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम भी इसका प्रमाण हैं। इस उपलब्धि में विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने जिले में प्रतिमाह आयोजित होने वाले युवा संगम कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से युवाओं को विभिन्न विभागों की रोजगारोन्मुखी योजनाओं, स्वरोजगार, कौशल विकास एवं करियर मार्गदर्शन की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षित, कुशल एवं जिम्मेदार युवा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाले ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। उन्होंने जनसंचार माध्यमों की भूमिका का उल्लेख करते हुए जनहित, विकास और प्रेरणादायी कार्यों को व्यापक स्तर पर सामने लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सौरव गांगुली आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होंगे भारत के 12वें क्रिकेटर बनेंगे

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसकी घोषणा 11 जुलाई को स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में की सालाना कॉन्फ्रेंस में होगी। गांगुली हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाले भारत के 12वें क्रिकेटर होंगे। 54वें जन्मदिन पर गांगुली को यह बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। इसी दिन उनकी बायोपिक दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया, जिसमें एक्टर राजकुमार राव 2002 नेटवेस्ट ट्रॉफी जीत के बाद लॉर्ड्स की बालकनी में जर्सी लहराते नजर आए। पोस्टर शेयर करते हुए गांगुली ने इसे अपने लिए सबसे बेहतरीन गिफ्ट बताया। मैच फिक्सिंग विवाद के बाद 2000 में गांगुली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, युवराज सिंह, जहीर खान, मोहम्मद कैफ और बाद में महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा जताया।

## प्रदेश के अधिकारों के लिए लड़ने के बजाय गुजरात सरकार से समझौता कर लिया-जीतू पटवारी

**भोपाल।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है की मध्य प्रदेश ने सरदार सरोवर परियोजना के लिए अपनी ज़मीन दी, अपने जंगल दिए, अपने गाँव डुबोए और लाखों लोगों का विस्थापन झेला, उसी मध्य प्रदेश सरकार ने गुजरात सरकार से 7,669 करोड़ रुपये का मुआवज़ा माँगा था। लेकिन मोहन यादव जी ने प्रदेश के अधिकारों के लिए लड़ने के बजाय गुजरात सरकार से समझौता कर लिया और अब उल्टा 550 करोड़ रुपये गुजरात को देने पर सहमति जता दी। माँ नर्मदा का उद्गम मध्य प्रदेश में है और इसका अधिकांश प्रवाह भी यहीं है। फिर भी प्रदेश के अनेक हिस्से आज भी सिंचाई और पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, गाँवों तक नहरें नहीं पहुँचतीं, लेकिन हमारे हिस्से का पानी और हमारे संसाधनों का लाभ कहीं और पहुँच जाता है।

## कलेक्टर ने चांचौड़ा में निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बुधवार को चांचौड़ा में निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि लगभग 27.40 करोड़ रुपये की लागत से विद्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में परियोजना की 72 प्रतिशत भौतिक प्रगति पूर्ण हो चुकी है। भवन के चारों ब्लॉक (ए, बी, सी एवं डी) का स्ट्रक्चर कार्य पूर्ण हो गया है तथा फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर कन्याल ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए शेष कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार दिसंबर 2026 तक विद्यालय भवन का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
ई-निविदा सूचना
निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2026-27/11। कार्य का नाम: TRD work in connection with upgradation of existing "D" class station Lekoda in to "B" class station underSimhastha2028 |अनुमानित लागत: Rs. 2,20,34,721/-। बयाना राशि: Rs. 4,40,700/-। समापन अवधि: 18 Months। निविदा दस्तावेज़ की राशि: Nil। ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय: 31.07.2026 at 15:00 hrs। ऑफर वैधता: 60 days from the date of opening। वेबसाइट: www.ireps.gov.in 0134
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
ई-निविदा सूचना
निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2026-27/10। कार्य का नाम: Replacement of old catenary wire having maximum numbers of splices over Ratlam Division। अनुमानित लागत: Rs. 1,63,87,830/-। बयाना राशि: Rs. 3,27,800/-। समापन अवधि: 18 Months। निविदा दस्तावेज़ की राशि: Nil। ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय: 07.08.2026 at 15:00 hrs। ऑफर वैधता: 60 days from the date of opening। नोटिस बोर्ड: वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। वेबसाइट: www.ireps.gov.in 0132
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## 2027 में नीट परीक्षा 6 दिन चलेगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 2027 में कम से कम छह दिन चलेगी। यह पूरी तरह कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में कराई जाएगी। परीक्षा के लिए देश भर में 1 हजार से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। पेपर लीक विवाद के बाद यह बदलाव किए जा रहे हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित करता है।

## ममता ने घर के बाहर 3 लोगों को थप्पड़ मारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बुधवार को टीएमसी ने रैली निकाली। टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा के लोगों पर रैली में अंडे फेंकने का आरोप लगाया। जब रैली और टीएमसी कार्यकर्ता ममता बनर्जी के घर के बाहर पहुंचे तो हंगामा बढ़ गया। घटना से नाराज ममता अव्यवस्था को लेकर तीन कार्यकर्ताओं को मारते नजर आई। ममता ने कहा कि बंगाल में अराजकता फैल गई है। पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रही है।दरअसल, पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में 11 साल की बच्ची के साथ रेप-मर्डर के विरोध में टीएमसी रैली निकाल रही थी।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
ई-निविदा सूचना
निविदा क्रमांक: SnT_RTM_26_07_2R_SIGNAL क्रमांक: 06.07.2026। कार्य का नाम: रतलाम मंडल: नीमच-चित्तौड़गढ़ डबल लाइन सेक्शन पर शंभुपुरा-गंभीरी रोड स्टेशनों के बीच इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग (आईबीएस) का प्रावधान के शेष कार्य के संबंध में एसएंडटी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। कार्य की अनुमानित लागत: ₹10485790.32/-। बयाना राशि: ₹209700.00/-। निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक: दिनांक 28/07/2026 समय 15.00 बजे तक। निविदा खुलने का समय एवं दिनांक: दिनांक 28/07/2026 समय 15.30 बजे के बाद। कार्य पूरा करने की अवधि: 09 माह। निविदा सिर्फ अनलाइन E-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान: सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। 0133
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**WESTERN RAILWAY-RATLAM**
CORRIGENDUM NOTICE
NIT NO. W/623/5/1/NIT date 04.07.2026, No. RTM-2026-27-64 was sent for publication vide this office even no letter dtd 04.07.2026. The Completion period for the work has been changed from 15 months to 24 months. (Corrigendum No. 02- Enclosed). Sr. Divisional Engineer (East), Ratlam
0135
Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिमी रेलवे-रतलाम**
सुधार सूचना
एनआईटी क्रमांक W/623/5/1/एनआईटी दिनांक 04.07.2026, क्रमांक आरटीएम-2026-27-64 को इस कार्यालय द्वारा प्रकाशन के लिए भेजा गया था, जबकि दिनांक 04.07.2026 का कोई पत्र भी नहीं भेजा गया था। कार्य की पूर्णता अवधि 15 महीने से बढ़ाकर 24 महीने कर दी गई है। (शुद्धिपत्र क्रमांक 02- संलग्न)। वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), रतलाम
(0135)
हमें फेसबुक पर फॉलो करें: facebook.com/WesternRly

## In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain

Presiding Officer: सुश्री सृष्टि पटेल

( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु ) ( RCS A/0000013/2026 )

श्रीमती आशा जाटवा... ......वादी

विरूद्ध

श्रीमती श्वेता खण्डेलवाल... . प्रतिवादी

Process Id-/2026

पेशी दिनांक- 23/07/2026

प्रेषिती-

(1) श्रीमती श्वेता खण्डेलवाल पति ज्ञानेन्द्र खण्डेलवाल पता- 88 सांईबाग कालोनी नीलगंगा रोड उज्जैन मप्र

यह कि प्रार्थी श्रीमती आशा जाटवा पति पप्पू जाटवा, आयु-43 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासी-40/6 अशोक नगर उज्जैन म प्र वर्तमान पता-भवन क्रमांक 106 का दक्षिण दिशा वाला भाग ग्रेटर रतन एवेन्यू एक्सटेंशन एम आर 5 आगर रोड उज्जैन ने आपके विरुद्ध एक वाद वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा बाबत आपके विरूद्ध सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपाबध्द की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें यह आज तारीख 02 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
( सृष्टि पटेल )
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन ( म.प्र. )

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भूमि स्वामी कृषक (1) यशवंतसिंह पिता दुलेसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम बरखेड़ा कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन कि अपने स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम बरखेड़ा कायथा तहसील तराना जिला उज्जैन में भूमि सर्वे नम्बर 488/1 रकबा 0.77 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.50 हेक्टेयर भूमि कुल सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 0.50 हेक्टेयर भूमि स्थित है, इस भूमि का मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में संपादित करवायेंगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो ।

दिनांक-08-07-2026

रवि प्रजापति अभिभाषक
तराना कार्यालय समय सुबह 10 बजे सेशाम 4:30 बजे तक मो.नं. 8827905460

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती रेखाबाई पति श्री ईश्वरलाल सिलोदिया जाति बरगुन्डा निवासी ग्राम चिन्तामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 655/2/1 रकबा 0.0800 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 666/1/2 रकबा 0.1200 हेक्टर,सर्वे क्रमांक 666/2 रकबा 0.0400 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 668/1 रकबा 0.1900 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 670/2 रकबा 0.1600 हेक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 0.5900 हेक्टर ग्राम चिन्तामण जवासिया प.ह.न. 0085 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है और अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है अनुबंध पत्र के पश्चात शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमियों में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांकः- 08/07/2026

श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट ) एम.ए.एल.एल.बी.
डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंध के आधार पर चन्द्रपाल पटेल पिता श्री सुरेश जी पटेल निवासी ग्राम लेकोड़ा तहसील व जिला उज्जैन ने उनके द्वारा मूल भूमि स्वामी शंकरलाल, लीलाधर निवासीगण उज्जैन (म.प्र.) से क्रय अनुबंधीत कृषि भूमि सर्वे नम्बर-1828/1 रकबा 1.610 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-1839 रकबा 0.200 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-1849/1 रकबा 0.180 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-1849/2 रकबा 0.180 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-1849/3/1 रकबा 0.080 हेक्टयर कुल किता 5 कुल रकबा 2.250 हेक्टयर में से रकबा 1.600 हेक्टयर अर्थात आठ बीघा भूमि जो कि ग्राम लेकोड़ा तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-17 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अब शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार हो या कोई परिवारिक विवाद आदि हो तो ऐसे संबंधीत विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि. में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक-08/07/2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 99930 79516-94250 94349

## न्यूज-कॉलम

### 16 वर्षीय लड़की ने फांसी लगाई

**नीमच।** जिले के जावद थाना क्षेत्र स्थित सब जेल कॉलोनी में मंगलवार को वहां पदस्थ एक महिला जेल कर्मी की 16 वर्षीय पुत्री ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका कृति पिता मुरार सिंगार उम्र 16 वर्ष निवासी सब जेल कॉलोनी, जावद ने घर पर फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे कमरे में फंदे पर नीचे लटका देखा, तो तत्काल नीचे उतारकर उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पहुंच पुलिस ने कर्म कायम कर मामले को जाँच मे लिया है। फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। जावद थाना प्रभारी मनोज जादौन बताया कि सब जल कॉलोनी में 18 वर्षीय किशोरी के फांसी लगाने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की है।

### कार पिकअप से टकराई, दो घायल

**मन्दसौर।** स्थानीय सर्किट हाउस के पास मंगलवार रात करीब 10 बजे हुए सड़क हादसे में कार सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। उज्जैन निवासी संजय साहू (25) अपने मित्र अभिनंदन नगर निवासी ओम सोनी (22) से मिलने मंदसौर आए थे। दोनों दोस्त जब नयाखेड़ा से चाय पीकर हुंडई आई-20 कार से वापस लौट रहे थे, तभी सर्किट हाउस के पास आगे चल रही एक पिकअप गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिए। कार की रफ्तार तेज होने के कारण वह अनियंत्रित होकर पीछे से पिकअप में जा घुसी। इस टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में ओम सोनी के हाथ और सिर में चोटें आई हैं, जबकि संजय साहू के चेहरे, आंख, सिर और पैर में चोटें लगी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

### एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन हजार रु. के इनामी आरोपी आमिर (36) पिता मुनव्वर खान पठान निवासी अंसार नगर, अहमदाबाद (गुज.) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी थाना मल्हारगढ़ के अपराध क्रमांक 96/2025 (धारा 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट) के तहत घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था, जिसके खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थाई फरारी वारंट भी जारी किया गया था। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### डोडाचूरा के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**मन्दसौर।** विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) आलोक प्रतापसिंह द्वारा अफजलपुर निवासी आरोपी सुभाष गुर्जर पिता राजाराम गुर्जर को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख रु. के जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार, 13 मई 2017 को स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) इंदौर की झोनल इकाई को एक गुप्त सूचना मिली थी। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मंदसौर एमआईटी कॉलेज के पास बालाजी राजस्थानी ढाबे पर एक टाटा ट्रक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सोयाबीन के आटे की बोरियों के नीचे छिपाकर रखा गया अवैध डोडाचूरा जब्त किया गया।

### निःशुल्क साइकिलें वितरित

**नीमच।** ग्राम अडमालिया स्थित शासकीय उ.मा.विद्यालय में मध्यप्रदेश शासन की महत्वा कांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थे।

पश्चिम रेलवे-रतलाम
ई-निविदा सूचना
निविदा क्रमांक: SnT_RTM_26_07_2R_SIGNAL क्रमांक: 06.07.2026। कार्य का नाम: रतलाम मंडल: नीमच–चित्तौड़गढ़ डबल लाइन सेक्शन पर शंभुपुरा–गंभीरी रोड स्टेशनों के बीच इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नलिंग (आईबीएस) का प्रावधान के शेष कार्य के संबंध में एसएंडटी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। कार्य की अनुमानित लागत: ₹10485790.32/-। बयाना राशि: ₹209700.00/-। निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक: दिनांक 28/07/2026 समय 15.00 बजे तक। निविदा खुलने का समय एवं दिनांक: दिनांक 28/07/2026 समय 15.30 बजे के बाद। कार्य पूरा करने की अवधि: 09 माह। निविदा सिर्फ अनलाइन E–निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है। निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान: सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। 0133
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# आपदा प्रबंधन हेतु महापौर प्रहलाद पटेल ने ली अधिकारियों की बैठक

## नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के दिये निर्देश

दैनिक अवन्तिका >> रतलाम

अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में महापौर प्रहलाद पटेल ने नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य विशाल शर्मा, धर्मेन्द्र व्यास के साथ निगम अधिकारियो की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महापौर प्रहलाद पटेल ने निर्देशित किया कि गोमदड़े की पुल के अंदर अनावश्यक पाईप लाईनों को हटाने हेतु रेलवे से संपर्क कर उन्हे हटवाने की कार्यवाही की जाये ताकि पानी का बहाव सुगम बन सकें साथ ही नाले में गिरे स्लेब को भी तत्काल को हटाया जाये। इसके अलावा पार्षदगणों के फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसिव किये जाये ताकि वार्डो में अतिवृष्टि से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान तत्काल किया जा सकें।

नगर निगम सीमान्तर्गत अतिवृष्टि अथवा बाढ़ की स्थिति में बचाव व जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से अधिकारी एवं कर्मचारियों के दल का गठन करते हुए बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना फायर स्टेशन कार्यालय पर किये जाने के निर्देश दिये है। अतिवृष्टि के दौरान सीवरेज समस्या के निदान हेतु कर्मचारी नियुक्त किये जाने क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्सी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये।

अति वृष्टि के दौरान गांधीनगर कम्युनिटी हॉल, ईश्वर नगर विद्यालय भवन, शैरानीपुरा जमातखाना, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड को आश्रय स्थल बनाये जाने व आश्रय स्थलों पर कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देष दिये।

आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण, वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिये आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिये पम्प आदि की व्यवस्था करने के निर्देष संबंधितों को दिये।

जल की समुचित निकासी एवं व्यवस्थित बहाव के लिए आवश्यक व्यवस्था तथा इस हेतु पृथक से दल गठित करना, वर्षा काल में सड़ी-गली सब्जी-फल आदि के विनिष्टीकरण की कार्यवाही एवं इस हेतु पृथक से दल गठित करना तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रो में छोटे एवं बड़े नाले-नालियों की वर्षा पूर्व समुचित सफाई एवं जल एक स्थान पर एकत्रित न हो इसकी व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों एवं मुत्रालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जाकर आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक संसाधन, कीटनाशक आदि की व्यवस्था करने, प्रकाश हेतु टार्च, पेट्रोमेक्स, तैराक इत्यादि की व्यवस्था के भी निर्देश संबंधित को दिये है।

आयोजित बैठक में कार्यपालन यंत्री महेश सिरोहिया, राहूल जाखड़, सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, निलेश पंचोली, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, मनीष तिवारी, विनोद पाटीदार, अनमोल निर्मल, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, आशीष चौहान, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

# आदर्श मार्ग के निर्माण कार्य का कलेक्टर अदिति गर्ग ने किया औचक निरीक्षण

## अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर होगी सख्त कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका >> मन्दसौर



शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से सरदार पटेल चौराहा से मंडी गेट होते हुए प्रतापगढ़ पुलिया तक बनाए जा रहे आदर्श मार्ग का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। इस मार्ग को पूरी तरह व्यवस्थित करने के लिए कलेक्टर अदिति गर्ग ने प्रशासनिक अमले के साथ औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने एमपी आरटीसी और नगर पालिका के अधिकारियों के साथ चर्चा की और छोटी-मोटी कमियों को समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान बारिश के पानी की निकासी और शहर के ट्रैफिक मूवमेंट को लेकर नगर पालिका की तैयारियों का भी जायजा लिया गया।

कलेक्टर ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। वाहन चालकों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही गाड़ी खड़ी करनी होगी, साथ ही मुख्य रास्ते पर लगने वाले अवैध ठेलों और दुकानों को भी चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस और ट्रैफिक विभाग के साथ मिलकर बनाई गई संयुक्त योजना के तहत जल्द ही अवैध पार्किंग और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान एएसपी तेर सिंह बघेल, एसडीएम एस.एल. शाक्य और नगर पालिका सीएमओ के.पी. सुमन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## रोटरी क्लब ने तलेरा विहार में किया पौधारोपण

**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा तलेरा विहार में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत विभिन्न प्रजातियों के 15 पौधे रोपे गए। क्लब के सदस्यों ने इन पौधों के संरक्षण और संवर्धन की पूरी जिम्मेदारी ली है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश चंदवानी ने कहा कि आज के समय में शुद्ध हवा के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है और यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक अमूल्य निवेश की तरह है। योग गुरु सुरेन्द्र जैन और प्रोजेक्ट चेयरमैन शरद गांधी ने भी युवाओं से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने ईच वन, प्लांट वन का नारा देते हुए युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर नपा सभापति निर्मला चंदवानी ने क्षेत्रवासियों की मांग पर बगीचे के सौंदर्यीकरण का आश्वासन दिया। साथ ही, श्रीमती प्रीती दिनेश जैन ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में रोटरी आहार केन्द्र के लिए 2100 रुपये की सहयोग राशि भेंट करने की घोषणा की। इस अवसर पर पवन पोरवाल,सीए दिनेश जैन, अजय नागोरी, प्रमोद कीमती, नरेन्द्र मारू, राधेश्याम झंवर, प्रहलाद काबरा, संजय गोठी, राजेश सिंघवी, भूपेन्द्र सोनी, पवन सेठिया, सुधीर लोढ़ा, विकास सिंह रावत, प्रेमेन्द्र चौरड़िया, निशा भाचावत, सोनू चौधरी, प्रीती जैन, शशि मारू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष कपिल भंडारी ने किया आभार पवन सेठिया ने माना।

## सड़क किनारे खड़े वृक्ष दे रहे है दुर्घटना को आमंत्रण, प्रशासन ध्यान दे



**पिपलीया मंडी।**मन्दसौर से लेकर पिपलीया मंडी तक सड़क किनारे बड़े बड़े यूकेलिप्टस ओर अन्य वृक्ष सड़क पर बारिश में तेज आंधी तूफान से सड़क पर लहरा रहे है जो कभी भी किसी भी वाहन पर गिर सकते है।पूर्व में सड़क किनारे वृक्षों के गिरने की घटनाएं होचुकी है और इसमें लोगो की मृत्यु भी हुई है।जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने तेज आंधी तूफान में स्थिति का जायजा लेते हुवे बताया कि बुधवार को तेज आंधी तूफान में सड़क किनारे वृक्षों की हालत अब गिरे अब गिरे जैसी होगई थी। शर्मा ने कहा कि सड़क किनारे गिरने जैसे वृक्षों को हटाने की मांग प्रशासन से कई बार की गई किन्तु शायद किसी बड़ी घटना के बाद ही प्रशासन जागेगा।शर्मा ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते इनकी बड़ी बड़ी टहनियों को नही हटाया गया तो सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## मंदसौर में बदहाल सड़क को लेकर फूटा गुस्सा
# अधिवक्ताओं और नागरिकों ने चक्काजाम किया



**मन्दसौर।** शहर के अंबेडकर चौराहे से कोर्ट रोड तक की जर्जर सड़क को लेकर स्थानीय नागरिकों और अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सड़क पर बने गहरे गड्ढों और बारिश के कारण फैले कीचड़ से परेशान लोगों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया तथा नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह शहर का एक बेहद प्रमुख मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों आम नागरिक जिला न्यायालय, भगवान पशुपतिनाथ मंदिर और शहर के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचते हैं। इसी मार्ग से न्यायाधीश, अधिवक्ता, कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी भी रोजाना आवागमन करते हैं, इसके बावजूद इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

अभिभाषक राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह इतने गहरे गड्ढे हो चुके हैं कि यहां से गुजरना खतरों से खाली नहीं है। इस समस्या की गंभीरता से संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन लंबे समय से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की इसी अनदेखी और लापरवाही से मजबूर होकर आज अधिवक्ताओं और स्थानीय निवासियों को आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिसके कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक और स्कूली बच्चे हादसों का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं। कई बार भारी वाहन भी इन गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे घंटों तक यातायात बाधित रहता है। मांग की कि जब तक सड़क का स्थायी पुनर्निर्माण नहीं हो जाता, तब तक इन जानलेवा गड्ढों को तत्काल भरकर मार्ग को सुचारु किया जाए। इसके साथ ही क्षेत्र के ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या का स्थायी समाधान करने और आसपास फैली गंदगी को तुरंत हटाने की भी पुरजोर मांग की गई।

# विराट धर्म सभा में पधार रहे,संत श्री कैलाशानंद जी का शहर में होगा स्वागत



**नीमच।** मध्यप्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित लाल माटी का शहर नीमच आगामी 11 जुलाई को एक ऐतिहासिक एवं भव्य आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। राष्ट्र उत्थान, सामाजिक कल्याण एवं विश्व शांति के उद्देश्य से टाउन हॉल, दशहरा मैदान में एक दिवसीय विराट धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परम शिव उपासक, ब्रह्मनिष्ठ परिव्राजकाचार्य, प्रातः स्मरणीय, अनंत श्री विभूषित आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री कैलाशानन्द जी महाराज, पीठाधीश्वर, निरंजनी अखाडा एवं दक्षिण काली पीठ, हरिद्वार का दिव्य सानिध्य प्राप्त होगा। यह आयोजन संतोष चौपडा परिवार के आतिथ्य में आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से पूज्य संत-महात्मा, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता तथा हजारों श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रहने की संभावना है।

संत श्री 10 जुलाई को चार्टर्ड विमान से होगा आगमन, शहर करेगा ऐतिहासिक स्वागत कार्यक्रम से एक दिन पूर्व 10 जुलाई, शुक्रवार को सायं 4 बजे स्वामी श्री कैलाशानन्द जी महाराज का चार्टर्ड विमान द्वारा नीमच हवाई पट्टी पर आगमन होगा। इसके बाद विशाल वाहन रैली के साथ शहर में भव्य स्वागत यात्रा निकलेगी।

शहर के प्रमुख मार्गो बस स्टैंड से फव्वारा चौक, कमल चौक, विजय टॉकीज चौराहा, चोपडा चौराहा, गोमाबाई रोड होते हुए आनंद विहार स्थित संतोष चौपडा परिवार के निवास तक मार्ग में विभिन्न समाजों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत मंच बनाए जाएंगे, जहां पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ पूज्य संत का अभिनंदन किया जाएगा। धर्मसभा का आयोजन 11 जुलाई, को प्रातः 11.15 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक टाउन हॉल, दशहरा मैदान में होगा।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका >> जावरा




उल्लासझनवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में विकासखंड के नोडल प्राचार्य, जन शिक्षक व संकुल सह-समन्वयक साक्षरता शिक्षक बड़ी संख्या में सहभागी हुए।

प्रशिक्षण का शुभारंभ प्राचार्य आरती सिसोदिया, कमला नेहरू उमावि जन शिक्षा केंद्र के संकुल प्राचार्य सुमित्रा बामनिया, सांदीपनि विद्यालय के उप प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, बीआरसीसी रूपेश नरोटे, विकासखंड साक्षरता प्रभारी राजेश भावसार, विकासखंड सह-समन्वयक (साक्षरता) रितेश चोपड़ा ,बीएसी मुकेश देवड़ा, महावीर भंडारी और मनोज यादव द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक नरोटे ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम समाज के प्रत्येक असाक्षर व्यक्ति को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें सभी की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। प्राचार्य सिसोदिया ने कहा कि उल्लासझनवभारत साक्षरता कार्यक्रम शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का अभियान है। उन्होंने सभी नोडल प्राचार्यों, जन शिक्षकों, एवं संकुल सह-समन्वयकों से अपील की कि वे जिम्मेदारी, समर्पण और संवेदन शीलता के साथ कार्य करते हुए चिन्हित प्रत्येक असाक्षर व्यक्ति तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करें।

**सुमित्रा बामनिया एवं संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।**

प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक रितेश चोपड़ा ने कार्यक्रम की रूपरेखा, सर्वे प्रक्रिया, असाक्षरों के चिन्हांकन, स्वयंसेवी साक्षरता शिक्षकों की भूमिका, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, मूल्यांकन एवं ऑनलाइन प्रक्रिया सहित कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीएसी देवड़ा ने साक्षरता एनआई एलपी एप के बारे में विस्तार से समझाया।

संचालन साक्षरता प्रभारी राजेश भावसार ने किया। जन शिक्षक सुरेश गायरी ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज कालम



### पर्यावरण का संरक्षण करना हर नागरिक का दायित्व

**जावरा ।** हर नागरिक का दायित्व है आपने घर के आसपास अधिक से अधिक सख्या में पोधे लगाए और उसकी सुरक्षा करें। जिससे आने वाले समय में हमें पेड़ की छाया हवा फल मिल सके। आज अत्याधिक मात्रा में पेड़ की कटाई से वातावरण में परिवर्तन आ रहा है। हमनें पेड़ पौधे नहीं लगाऐ पेड़ की रक्षा नहीं की तो हम सब के साथ बहुत बड़ी परेशानी खडी. हो जाएगी ।इसलिए हम सभी को पेड़ पौधे लगाना चाहिए! उक्त विचार शासकीय कमला नेहरू कन्या उ. मा विधालय प्राचार्य सुमित्रा बामनिया ने पोधा रोपण कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर समाजसेवी जावेद पापुलर. दिपक परमार, शिक्षक राधेश्याम गेहलोद, लोकेश विश्वकर्मा, रितेश त्रिवेंदी, सदवी मकवाना, नजिमा खान, शाकीर अली, समाजसेवी सानिया शाह, शाकील शाह, फिना शाह आदि मोजुद रहे।

### शा. एकीकृत बा.उ.मा.वि. में निशुल्क सायकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न



**पिपलिया मंडी।** मप्र शासन की शिक्षा के प्रति बच्चों का अधिकाधिक रुझान बढ़े इसके लिए स्थानीय शासकीय एकिकृत बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य श्री बी आर सिसोदिया के मार्गदर्शन में नगर परिषद उपाध्यक्ष भारत सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं विशेष अतिथि श्री विधायक प्रतिनिधि व पदेन सदस्य शिक्षा विभाग समिति के श्री लोकेश कराडा की गरिमामय मार्गदर्शन में छात्रों को निशुल्क सायकिल वितरण की गई। इस अवसर पर काचरिया चंद्रावत मां वि के प्रधानाध्यापक श्री मधुसुदन हाड़ा एवं कई गणमान्य नागरिक सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**नीमच ।** समीप राजस्थान के सीमावर्ती कनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम लूणखंदा में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसे में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दादा, दादी और उनका पौत्र शामिल हैं। तीनों फसल की रखवाली के लिए खेत पर बनी झोपड़ी में सो रहे थे। कनेरा थाना के एएसआई महेंद्र ने बताया कि ग्राम लूणखंदा निवासी बद्रीलाल भील, उनकी पत्नी चंद्रीबाई भील तथा पौत्र विशाल भील सोमवार रात गांव से करीब दो किलोमीटर दूर अनोपपुरा-की सुखानंदजी मार्ग अपने खेत पर बनी झोपड़ी में रुके हुए थे। रात में तेज बारिश और बादलों गर्जना के बीच अचानक आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिर गई, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि बद्रीलाल और उनका पुत्र खेत पर अलग-अलग झोपड़ियों में ठहरे हुए थे। तेज धमाके की आवाज सुनकर पास 15 की झोपड़ी में सो रहे पुत्र और बहू मौके पर पहुंचे। झोपड़ी के अंदर देखा तो तीनों अचेत पड़े थे और उनके शरीर से धुआं निकल रहा था। उन्होंने तत्काल ग्रामीणों और परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों कि मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनो को मृत घोषित किया. पुलिस मामले को जाँच मे लिया है।

### मंदसौर में निकलेगी भगवान जगन्नाथ की विशाल रथयात्रा, तैयारियाँ जोरों पर



**मन्दसौर।** शिवना नदी के तट पर स्थित 500 वर्ष प्राचीन सिद्ध क्षेत्र जगन्नाथ धाम से आगामी 16 जुलाई को दोपहर 3 बजे भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र जी की भव्य रथयात्रा पहली बार विशाल स्तर पर निकाली जाएगी।यात्रा प्रमुख राजेश गुर्जर और ललित खेमानी ने बताया कि ओडिशा की तर्ज पर मंदसौर में ऐतिहासिक रथ का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जगन्नाथ पुरी से विशेष रूप से लाई जा रही भगवान की मूर्तियां 10 जुलाई को सुबह 11 बजे मंदसौर पहुंचेंगी, जिन्हें पूरे आदर-सत्कार के साथ मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। इस दिव्य रथ को खींचने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं जो पारंपरिक धोती-कुर्ता परिधान में रहेंगी। यात्रा में 200 माताएं-बहनें सिर पर कलश धारण कर चलेंगी, जबकि 80 बटुक और 11 शंखों की गूंज के साथ इसका शुभारंभ होगा। उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने नगर के समस्त सामाजिक व धार्मिक संगठनों सहित आम जनता से इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ उठाने व यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है।

### खेल और राष्ट्रीय गतिविधियों में शामिल रहे छात्र 17-18 जुलाई को दे सकेंगे विशेष परीक्षा

**मन्दसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा सत्र 2025-26 के ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जो पूर्व में मुख्य परीक्षा से वंचित रह गए थे। इस परीक्षा का लाभ उन छात्रों को मिलेगा जिन्होंने राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता, राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम, एनसीसी, एनएसएस और राष्ट्रीय प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लिया था। विश्वविद्यालय द्वारा यह विशेष परीक्षा 17 एवं 18 जुलाई, को आयोजित की जानी प्रस्तावित है। इस परीक्षा के विस्तृत कार्यक्रम और समय सारणी के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से सूचना प्रसारित की जावेगी।



## शमशान घाट एवं रोड की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

**खाचरोद।** ग्राम वाचखेड़ी में श्मशान घाट ओर रोड की समस्या को लेकर आज अनुविभागीय अधिकारी , एवं जनपद को ज्ञापन प्रेषित किया गया, ओर ये मांग की कि बलाई समाज के लोगों के पास आज तक शासकीय शमशान नहीं हे, ओर गांव से नई आबादी तक रोड कि भी कोई व्यवस्था नहीं है, जो कि एक आम रास्ता भी हे , ग्राम पंचायत से लगाकर विधायक एवं सभी आला अधिकारियों को अवगत करवाया लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुए, जन सुनवाई में अनुविभागीय अधिकार मेडम ने हमे आश्वासन दिया कि जल्दी आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा, ज्ञापन में मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस नेता व पार्षद नारायण मंडावलिया पंचायत राज संगठन प्रभारी समरथ मालवीय बाचाखेडी,लखन मालवीय, गोपाल मालवीय, रवि मालवीय, पारस मालवीय, सोहन मालवीय,आत्माराम मालवीय, बद्रीलाल जी, गिरधारी लाल, चंदा पूरी गोस्वामी, दशरथ मालवीय,मोहन सोलंकी, गोविंद मालवीय एवं सैकड़ों की संख्या में मालवीय बलाई समाज के लोग उपस्थित हुए।

## हाई सेकेंडरी स्कूल कचनारिया में निशुल्क साइकिल वितरण



**तराना।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा में हाई सेकेंडरी स्कूल कचनारिया में निःशुल्क साइकिल वितरण की गई। जिसमें मुख्य अतिथि रायसिंग परमार सरपंच मानसिंह सेठ, उपसरपंच प्रिंसिपल प्रेमनारायण कटारिया, राजाराम पाटीदार राजेश पाटीदार नंदकिशोर सरिया संजय सोनी संचालन संजय शर्मा एवं छात्रों को मध्य प्रदेश सरकार की विभिन्न योजना अंतर्गत बताई गई। जिसमें सभी लोग उपस्थित रहे विमल जैन आभार व्यक्त किया गया।

## चौहान ने विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**बडौद।** भाजपा मंडल बडौद के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष एवं महामंत्री शंकरसिंह चौहान (नारेला) को मिलनसार छवि वाले व्यक्तित्व से प्रसन्न होकर विधायक मधु गहलोत ने शंकरसिंह चौहान (नारेला ) को बडौद का प्रशासनिक कार्य हेतु विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति से बडौद नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में खुशी का वातावरण है।चौहान को विधायक प्रतिनिधि बनने पर जगह जगह स्वागत किया गया। किसान मोर्चा मंडल बडौद के मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, चंद्रपाल सिंह राजपूत के द्वारा आगर रोड स्थित प्रतिष्ठान पर तिलक निकालकर, साफा बांध एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल मंत्री उमरावसिंह, कालूसिंह,मंडल उपाध्यक्ष गोविंदसिंह , शंकर सिंह सरपंच कुबडिया खेड़ी,वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिनारायण शर्मा, रतनलाल परमार, मंडल उपाध्यक्ष नारायण जायसवाल,मनोहर सिलोरिया, जगदीश चंदाचोरिया, शिवनारायण विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, कमलसिंह खजूरी सहित कार्यकर्ता द्वारा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया और आपके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## वार्ड क्र.1 में डेढ़ माह से नल बंद पड़े हैं लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा



**टोंक खुर्द।** शासन की जनसुनवाई टोंक खुर्द मे पूर्व पार्षद प्रतिनिधि कालू बामनिया ने लिखित आवेदन प्रस्तुत किया।अनुविभागीय अधिकारी महोदया राजस्व अनुभाग रितु चौरसिया को। आवेदन पत्र में उल्लेखनीय है कि नगर परिषद टोंक खुर्द के वार्ड नंबर 1अयोध्या बस्ती अंबेडकर नगर में शासन की नल जल योजना से डेढ माह से नल बंद पड़े हुए हैं। वार्ड वासियों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है वार्ड वासियो दूर दराज हैंड पंपो से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। एवं जब कभी कभी नल में संबंधित विभाग द्वारा पानी सप्लाई करते हैं तो पीने का पानी गंदा आता है इससे बीमारी संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है ।पानी नहीं होने के कारण मकानो के सामने सफाई नहीं होने पर गंदगी का साम्राज्य,नालियों भी चौक हो चुकी है एवं गंदगी पसरी हुई है। जो सफाई नहीं होने के कारण दुर्गंध फैल चुकी है। नालियों में कीड़े पड़ चुके हैं। नगर परिषद के जवाबदार कर्मचारियों से वार्ड वासियों कहते हैं नल चालू करने की तो वह कहते हैं कि चालू नहीं होगा।वार्ड के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि कालू बामनिया युवा समाजसेवी अजय बामनिया, मनोहर बामनिया, कमल सिंह बामनिया, गोवर्धन सिंह चौधरी, चेतन चौधरी संहित संपूर्ण वार्ड वासी के लोगों ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मांग की है कि टोंक खुर्द नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राकेश वैद्य के विरुद्ध शासन के नियम के प्रावधान अनुसार कानूनन वैधानिक दंडात्मक कठोर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### भाजपा का हर व्यक्ति कहता था कि मैं भी चौकीदार. अब कहे मैं भी चंपक चोर

# भाजपा ने प्रभु श्रीराम के नाम पर चंदा खाया व वोट मांगने की राजनीति की- विधायक परमार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

भाजपा का हर व्यक्ति कहता था कि मैं भी चौकीदार अब कहे मैं भी चंपक चोर। भारतीय जनता पार्टी ने प्रभु श्री राम के नाम पर चंदा खाया प्रभु श्री राम के नाम पर सरकार बने प्रभु के नाम पर वोट मांगने की राजनीति की है। हमें इन चंदा चोरों से हिसाब मांगना चाहिए। उज्जैन में भगवान महाकाल को भी नहीं छोड़ रहे हैं।

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में भूमि को लेकर कथित घोटाले हुए हैं। हम सब मेहनत करके अपने बच्चों को पढ़ाते हैं ताकि वह पढ़ लिखकर अपना उज्जवल भविष्य बना सके एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सके नीट यूपीएससी परीक्षा में फीस आदि पर लाखों रुपए खर्च करते है। बच्चे 20-



20 घंटे पढ़ाई करते हैं और एक पेपर लीक हो जाता है इसकी वजह से बच्चे की मेहनत खत्म हो जाती है कई बच्चों ने आत्महत्या भी कर ली है। नीट पेपर घोटाले पेपर चोरी के प्रकरण में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए एवं दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

यह बात विधायक महेश परमार ने एस डी एम कार्यालय घेराव के दौरान कही। बुधवार सुबह 11:00 बजे मालाखेड़ी मार्ग स्थित विधायक निवास से एस डी एम कार्यालय तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पैदल मार्च निकाला गया यह पैदल मार्च हॉस्पिटल मार्ग बस स्टैंड जवाहर चौक झंडा चौक नयापुरा होते हुए एस डी एम कार्यालय पहुंचा। जनहित के मुद्दों को लेकर विशाल जन आंदोलन एवं किया। विधायक परमार तराना विधानसभा के किसान ऑन की समस्याओं पर कहा कि किसानों को समय पर पर्याप्त खाद्य उपलब्ध कराई जाए तथा स्टॉल बुकिंग जैसी जटिल और अविकारी व्यवस्था समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए सोयाबीन सहित अन्य फसलों की बीमा राशि का तत्काल भुगतान किया जाए ताकि किसानों को आर्थिक राहत मिल सके।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान विधायक दिनेश जैन बोस, उज्जैन कांग्रेस नगर अध्यक्ष मुकेश भाटी, उमेश शर्मा, राजेश डोडिया, हरीश डोडिया, रूपेश परमार,नरेंद्र कांनड़ी, गंगा सिंह,पर्वत लाल यादव कढ़ाई, अखिलेश जैन कप्तान सिंह, पवन बारोट महेश रावल संजय रावल मौजूद रहे।

### साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत बच्चों के विरुद्ध होने वाले

# साइबर अपराध एवं साइबर फ्रॉड की जानकारी स्कूली बच्चों को दी

### साइबर अपराध से बचाव के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर 1930

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडनगर

मध्यप्रदेश पुलिस का साइबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता अभियान में महिलाओं और बच्चों में साइबर जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उमावि बड़नगर में मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्रसिंह परमार, थाना प्रभारी कमलेश सिंगार एवं संस्था प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा ने स्कूल छात्रों के बीच पहुंचकर संवाद किया।

साइबर क्राइम, सोशल मीडिया सहित कैरियर मार्गदर्शन पर बच्चों की क्लास ली है। स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के दौरान एसडीओपी महेंद्रसिंह परमार ने बच्चों से संवाद कर बच्चों से संबंधी अपराध एवं 1930 हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बच्चों को गुड टच, बैड टच, बाल अधिकार, सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी। इस दौरान



उन्होंने ने बच्चों से सवाल जवाब भी किए और मोबाइल व सोशल मीडिया के उपयोग से रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से समझाया।

बहरहाल साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत पुलिस के अधिकारी शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर बच्चों में साइबर जागरूकता के साथ ही बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साइबर अपराध एवं साइबर फ्रॉड की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी बच्चों को दी जा रही है।

साइबर सुरक्षा के मुख्य उपाय किसी भी लिंक, ईमेल, या मेसेज की सत्यता की जांच करें, अज्ञात नम्बर से ईमेल मेसेज कॉल का जवाब ना दे, मजबूत पासवर्ड बनाए एवं नियमित रूप से बदले, अपनी व्यक्तिगत और बैंक की जानकारी किसी के साथ साझा करने से बचे, पब्लिक वाईफाई के इस्तेमाल से बचें, ऑनलाइन ऑफर लोटरी के झांसे में ना आये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा ने की, अतिथि परिचय हिम्मत सिंह सिसोदिया उप प्राचार्य ने दिया। अतिथि स्वागत पाली प्रमुख अनिल चौहान एवं पाली प्रमुख मुकेश प्रजापत ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। संचालन एवं आभार आचार्य योगेश जोशी ने किया।



## आकाशीय बिजली गिरने से 13 वर्षीय बालिका गंभीर घायल

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित ग्राम फतेहपुर में आकाशीय बिजली गिरने से 13 वर्षीय बालिका राधा इसकी चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि बालिका घर के पास बने टिन शेड के नीचे खड़ी थी, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्रशासन कि तत्परता और परिजनों ने बिना देर किए बालिका को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया। राहत की बात यह है कि समय पर इलाज मिलने से अब बालिका की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बालिका का हालचाल जाना, डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली और बेहतर इलाज के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को परिवार को शासन की पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए। सीईओ ने परिजनों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। फिलहाल बालिका का उपचार जारी है और उसकी स्थिति पहले से बेहतर बताई जा रही है।

## किसानें द्वारा मुआवजा विसंगति दूर करने की माँग

**ब्यावरा।** सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों ने शासन-प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मुआवजा वितरण में की गई विसंगतियों को शीघ्र समाप्त नहीं किया गया, तो वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद परियोजना का निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। किसानों का कहना है कि यह संघर्ष उनके सम्मान, अधिकार और आजीविका की रक्षा का है तथा इसके लिए वे हर लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधि प्रभावित किसानों की वर्षों पुरानी न्यायोचित मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं।

# छात्रों की आवाज बुलंद करने के लिए सच्चाई का मंच लगाकर छात्रों की गूंज कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पुराना बस स्टैंड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी द्वारा कोटा में राहुल गांधी द्वारा किए आयोजन छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तर्ज पर देशहित ओर छात्रहित में छात्रों की आवाज बुलंद करने के लिए छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें सच्चाई का मंच लगाया गया उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह व एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी रहे।



कार्यक्रम में एलईडी पर नीट व अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक से होने वाले नुकसान के विषय को दिखाया व साथ ही राहुल गांधी के कोटा में दिए भाषण व छात्रों से होने वाली चर्चा को दिखाया गया व कार्यक्रम में उपस्थित हुए नीट व अन्य विषयों के छात्रों ने विभिन्न विषयों पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रियव्रत सिंह से प्रश्न किए व उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया पायल यादव, आरती चौहान, सक्षम शिवहरे, ललित भिलाला, जयवर्धन सिंह, नरूका सहित कई छात्रों द्वारा प्रश्न पूछे गए कार्यक्रम को पूर्व केबिनेट मंत्री जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह व कुणाल चौधरी ने संबोधित किया उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, रामचंद्र दांगी, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, डॉक्टर भारत वर्मा, विधानसभा प्रभारी चंदर सिंह गुर्जर, अमन अरोरा, राहुल दांगी, हेमेंद्र चौहान, पार्षद ज्ञानु विजयवर्गीय, रचना भार्गव, राजकुमार जाट मौजूद रहे।

### चार महीने में बदला सरकारी अस्पताल

# डायलिसिस यूनिट, हेल्थ एटीएम और डॉक्टर मिलने से बढीं सुविधाएं

- पीआईसीयू भर्ती 234 से बढकर 432, गंभीर ऑपरेशन भी शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुरा

चार महीने पहले तक सारंगपुर के सरकारी सिविल अस्पताल में किडनी रोगियों को डायलिसिस के लिए शाजापुर, राजगढ, उज्जैन या इंदौर जाना पडता था। गंभीर मरीजों को भी अक्सर रेफर कर दिया जाता था और कई सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। अब हालात तेजी से बदले हैं। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना, डायलिसिस यूनिट और हेल्थ एटीएम जैसी नई सुविधाओं की शुरूआत के बाद इलाज का दायरा बढा है। इसका असर अस्पताल के आंकडों में भी साफ दिखाई दे रहा है। मार्च में जहां पीआईसीयू में 234 बच्चों का उपचार हुआ था, वहीं जून में यह संख्या बढकर 432 पहुंच गई। मेजर



**डायलिसिस सुविधा से बाहर जाने की मजबूरी खत्म**

जिला अस्पताल के बाद अब सारंगपुर में भी डायलिसिस यूनिट शुरू हो चुकी है। पहले किडनी रोगियों को नियमित डायलिसिस के लिए निजी अस्पतालों या अन्य शहरों तक जाना पडता था। अब जून महीने में ही 43 मरीजों ने स्थानीय स्तर पर डायलिसिस सुविधा का लाभ लिया। इससे मरीजों का समय और खर्च दोनों कम हुए हैं।

ऑपरेशन, सीजेरियन प्रसव, सोनोग्राफी और अन्य जांच सेवाओं में भी लगातार बढोतरी हुई है। इसका सबसे बडा फायदा उन मरीजों को मिला है, जिन्हें पहले मामूली से लेकर गंभीर इलाज के लिए दूसरे शहरों की दौड लगानी पडती थी।

अस्पताल में पिछले चार महीनों के दौरान सबसे बडा बदलाव विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के रूप में सामने आया है। चिकित्सक तस्लीम मंसूरी व स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा एनेस्थेटिस्ट डॉ. सरिता यादव की सेवाएं दोबारा मिलने के बाद सीजेरियन प्रसव लगातार किए जा रहे हैं। पहले जहां मार्च में केवल एक सीजेरियन हुआ था, वहीं जून में ये संख्या बढकर 18 पहुंच गई। इसी तरह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. जय सिंह बघेल, वरिष्ठ सर्जन डॉ. अंकुर देशवाली की पदस्थापना के बाद अस्पताल में कई गंभीर प्रकृति के मेजर ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। इससे ऐसे मरीजों को बाहर रेफर करने की आवश्यकता भी कम हुई है।

**संसाधनों का बेहतर उपयोग कर रहे**

बीते महीनों में अस्पताल में मरीजों की संख्या और उपचार सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। गंभीर प्रकृति के सीजेरियन और अन्य ऑपरेशन भी अब यहीं किए जा रहे हैं। सुविधाएं बढने से लोगों का सरकारी अस्पताल पर भरोसा बढा है। आगे भी उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा।

**डॉ. मनीष चौहान**
**सिविल अधीक्षक, सारंगपुर**



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खीमाखेडी में पौधारोपण किया

**तनोडिया ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांव खीमाखेडी में स्थित आंगनवाडी केन्द्र परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में विधायक मधु गेहलोत पहुंचे। इसके बाद भदेडाधाम पर स्थित सगत माता मंदिर में टीनशैड का भूमिपूजन किया गया। कार्यकर्ता द्वारा सम्मान व स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक मधु गेहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और उभरती हुई महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

## गांगी नदी तीसरे दिन भी उफान पर रही

**जगोटी ।** जगोटी क्षेत्र में बहने वाली गांगी नदी लगातार तीसरे दिन भी उफान पर रही, पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में हो रही बारिश ने जहां सामान्य जनजीवन प्रभावित किया है वहीं गांगी नदी के उफान पर आने से कुछ समय के लिए आवागमन भी अवरूद्ध रहा। ग्राम खुरचनिया प्रताप के सत्यनारायण बैरागी ने बताया कि गांव के समीप बने पानी के पाले भी उफान पर रहे वहीं श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर के समीप बने घाट भी गांगी नदी के उफान पर आने से डूब गए, मंदिर के समीप बनी पुलिया भी नदी के तेज बहाव के चलते दोनों ओर से क्षतिग्रस्त हो गयी है।

## सड़क चौड़ीकरण डिवाइडर बनाने का लोगों को नहीं मिला लाभ

**महिदपुर रोड।** एमपी एस आर डीसी द्वारा घोंसला से महिदपुर रोड के सडक चौड़ीकरण सौंदर्यीकरण के तहत गोगापुर से रेल्वे स्टेशन तिराहे तक संबंधित कांट्रेक्टर द्वारा सड़क चौड़ीकरण तथा व्यवस्थित यातायात के लिये निर्मित डिवाइडर बनाये जाने के बावजूद डिवाइडरों के दोनों और की दो पट्टी की सड़क की एक पट्टी की पूरी सडक पर अतिक्रमण पसर जाने से पैदल चलने वाले आम लोगों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वैसे तो सर्किट हाउस से लेकर रेल्वे स्टेशन तक पूरे मार्ग पर अतिक्रमण पसरा पड़ा है लेकिन इसमें भी सर्वाधिक दिक्कत है नागदा तिराहे ,पोस्ट ऑफिस, चौराहे सब्जी मंडी तथा रेल्वे स्टेशन पर आम लोगों को हो रही है इस संबंध में स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन भी अपने आप को पूरी तरह असहाय महसूस करता दिखाई दे रहा है वहीं सड़क मार्ग से दिन भर में गुजरने वाली बीस से अधिक यात्री बसों तथा अन्य वाहन चालकों को काफी तनाव महसूस करते हुए अपने वाहनों को नगर से गुजारना पड़ता है।

## लोधी समाज धर्मशाला के लिए विधायक निधि से 51 लाख की घोषणा



**मक्सी।** शाजापुर विधानसभा के मक्सी नगर स्थित लोधी समाज धर्मशाला में आयोजित भव्य सम्मान एवं सामाजिक कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए विधायक निधि से लोधी समाज धर्मशाला निर्माण हेतु 51 लाख प्रदान करने की घोषणा की। इस घोषणा का उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोलू पटेल ने धर्मशाला के लिए 51 पंखे एवं 2 जंबो कूलर देने की घोषणा की, वहीं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन सिंह कालू पटेल ने अपनी ओर से 2 बड़े वाटर कूलर भेंट करने की घोषणा की। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने अपने संबोधन में समाज के युवाओं के रोजगार एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर रानी अवंतीबाई लोधी युवा निर्माण समिति द्वारा विधायक अरुण भीमावद को रानी अवंतीबाई लोधी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि समाज की ओर से भगवान महाकाल का स्मृति-चिह्न प्रदान कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

## निजी स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**सारंगपुर।** स्थानीय निजी शैक्षणिक संस्था सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाई स्कूल में विभिन्ना पदों पर चयनित छात्र-छात्राओं के लिए एक गरिमामयी शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी रहे। समारोह की शुरूआत में संस्था प्रमुख मैनेजर फादर पॉल एवं स्कूल प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि रघुवंशी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आप जो बनना चाहते हैं, बन सकते हैं। यदि आप एक बार के प्रयास में असफल होते हैं, तो हार न मानें। बार-बार प्रयास कर अपनी चुनी गई मंजिल को अवश्य प्राप्त किया जा सकता है।

# कामाख्या शक्तिपीठ का सबसे बड़ा रहस्य

कामाख्या देवी मंदिर को दिव्य और चमत्कारी मंदिर कहा जाता है। हर साल यहां जून के महीने में आध्यात्म, आस्था और रहस्य का अनूठा संगम देखने को मिलता है। जिसको दुनिया 'अंबुबाची मेला' कहती है।


**भारत** अपनी संस्कृति और कलाओं के साथ-साथ अपनी आध्यात्म और धार्मिक मान्यताओं के लिए जाना जाता है। खासकर हिंदू धर्म में आस्था से जुड़े कई चमत्कार देखने को मिलते हैं। यहां कई ऐसे मंदिर हैं, जो अपना रहस्यों के लिए जाने जाते हैं। ऐसा ही एक मंदिर पूर्वोत्तर भारत के असम में स्थित है, जो कामाख्या देवी मंदिर है और इसको एक दिव्य और चमत्कारी जगह कहा जाता है। हर साल यहां जून के महीने में आध्यात्म, आस्था और रहस्य का अनूठा संगम देखने को मिलता है। जिसको दुनिया 'अंबुबाची मेला' कहती है।



## रहस्यों से भरा मां का दरबार

असम के गुवाहाटी शहर की नीलाचल पहाड़ियों पर मां कामाख्या का यह पावन धाम मौजूद है। हिंदू धर्म की सभी 51 शक्तिपीठों में मां कामाख्या मंदिर का सबसे खास और ऊंचा स्थान माना गया है। मंदिर की मान्यता है कि यहां बाकी मंदिरों की तरह किसी देवी की मूर्ति नहीं है। गर्भावस्थाऔर मातृत्व मूर्ति की जगह पर यहां एक प्राकृतिक रूप से निर्मित शिला की पूजा होती है। जिसका आकार योनि के समान है। माना जाता है कि देवी सती के योनि का भाग यहां पर गिरा था, जिसके बाद यहां पर शक्तिपीठ बना था।

अंबुबाची मेला यहां पर होने वाला एक अहम पर्व है। इस मेले से प्राचीन और गहरी धार्मिक मान्यताएं जुड़ी हैं। माना जाता है कि हर साल मेले के दौरान मां कामाख्या अपने मासिक धर्म से गुजरती हैं। इसी वजह से देवी मां को पूरा आराम दिया जाता है और मंदिर के मुख्य कपाट को तीन दिनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया जाता है। इन तीन दिनों में मंदिर के अंदर किसी भी तरह का पूजा-पाठ, आरती या अन्य कोई धार्मिक अनुष्ठान नहीं होता है। वहीं चौखे दिन शुद्धिकरण अनुष्ठान करने के बाद ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोले जाते हैं।




बता दें कि अंबुबाची मेले से जुड़ी कई मान्यताएं हैं। माना जाता है कि मंदिर का पट बंद करते समय यहां पर एक सफेद कपड़ा रखा जाता है, जोकि 3 दिन बाद मंदिर खुलने पर पूरी तरह से लाल हो जाता है। वहीं प्रसाद के रूप में भक्तों को यही 'अंगवस्त्र' यानी लाल कपड़े का टुकड़ा दिया जाता है। जिसको लोग मां कामाख्य का परम आशीर्वाद मानते हैं।



# महाभारत काल से जुड़ा है पंच केदार का रहस्य

धार्मिक मान्यता है कि मुताबिक जब भगवान शिव बैल रूप में धरती में समाए तो उनके शरीर के अलग-अलग हिस्से हिमालय के पांच अलग-अलग स्थानों पर प्रकट हुए। इन्हीं 5 स्थानों पर पांडवों द्वारा भगवान शिव की पूजा की गई।

हिंदू धर्म में पंचकेदार की तीर्थयात्रा को बेहद पवित्र माना जाता है। पंच केदार की यात्रा को मन, शरीर और आत्मा की शुद्धि का एक आध्यात्मिक मार्ग माना गया है। पंच केदार उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय में स्थित है। पंच केदार की उत्पत्ति महाभारत काल की एक कथा से जुड़ी है। पौराणिक कथा के मुताबिक कुरुक्षेत्र के युद्ध के बाद पापों से छुटकारा पाने के लिए पांडव हिमालय पहुंचे। लेकिन भगवान शिव पांडवों से नाराज थे। जिस कारण महादेव पांडवों को दर्शन नहीं देना चाहते थे। इसलिए भगवान शिव बैल का रूप धारण करके धरती में लुप्त हो गए।



धार्मिक मान्यता है कि मुताबिक जब भगवान शिव बैल रूप में धरती में समाए तो उनके शरीर के अलग-अलग हिस्से हिमालय के पांच अलग-अलग स्थानों पर प्रकट हुए। इन्हीं 5 स्थानों पर पांडवों द्वारा भगवान शिव की पूजा की गई। जिसको पंच केदार के नाम से जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पंच केदार और इसके महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं।

पंचकेदार में केदारनाथ मंदिर सबसे प्रमुख माना जाता है। यहां पर बैल रूपी अवतार की पीठ का हिस्सा प्रकट हुआ था। केदारनाथ को आस्था का बड़ा केंद्र माना जाता है और हर साल भारी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर आते हैं। यहां पर भगवान शिव की पूजा करने से जातक को पापों से मुक्ति मिलती है और शुभ फल की प्राप्ति होती है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार तुंगनाथ में भगवान शिव का हाथ प्रकट हुआ था। यह मंदिर सबसे ऊंचाई पर स्थित है। पांडवों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए तुंगनाथ मंदिर का निर्माण किया जाता है। माना जाता है कि यहां पर भगवान शिव के दर्शन से व्यक्ति को मन की शांति मिलती है।

रुद्रनाथ में भगवान शंकर का मुख प्रकट हुआ था। यहां पर भगवान शिव की पूजा नीलकंठ के रूप में की जाती है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक इस मंदिर में साधना करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।

Sport

# सेरेना विलियम्स, लेब्रन जैसे खिलाड़ी बदल रहे उम्र की परिभाषा

## स्पोर्ट्स साइंस, डाइट ने बढ़ाया करियर; फीफा वर्ल्ड कप में 8 खिलाड़ी 40+ उम्र के

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

40 साल की उम्र आम लोगों के लिए अक्सर शरीर की सीमाओं का अहसास कराने लगती है, लेकिन खेल की दुनिया में तस्वीर तेजी से बदल रही है। कभी जिस उम्र को खिलाड़ियों के करियर का अंत माना जाता था, अब वही उम्र नई मिसालें गढ़ रही है। इसकी सबसे ताजा तस्वीर विम्बलडन में दिखी, जहां 44 वर्षीय सेरेना विलियम्स ने करीब चार साल बाद सिंगल्स कोर्ट पर वापसी की।



23 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब जीत चुकी सेरेना ओपन एरा में विम्बलडन के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनीं। उनकी बड़ी बहन 46 वर्षीय वीनस विलियम्स भी डबल्स में उतर रही हैं। यानी उम्र बढ़ी है, लेकिन चुनौती लेने का जज्बा नहीं। यह बदलाव सिर्फ टेनिस तक सीमित नहीं है। 2026 फीफा वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड आठ खिलाड़ी 40 साल या उससे ज्यादा उम्र के रहे। इससे पहले खेले गए सभी वर्ल्ड कप मिलाकर भी इतने 40+ खिलाड़ी नहीं उतरे थे। 41 वर्षीय लुईस हैमिल्टन अब भी फॉर्मूला-1 में पोडियम फिनिश कर रहे हैं, जबकि 41 साल के बास्केटबॉल स्टार लेब्रन जेम्स एनबीए में अब भी अपनी टीम के सबसे अहम खिलाड़ियों में गिने जाते हैं।

## समर मैकिन्टोश ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

कनाडा की 19 वर्षीय तैराक समर मैकिन्टोश ने कनाडाई ट्रायल्स में महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा दो मिनट 1.65 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने चीन की लियू जिगे का 2009 में बनाया 2 मिनट 1.81 सेकंड का रिकॉर्ड तोड़ा, जिसे सुपर-सूट युग का कहा जाता था। तीन बार की ओलंपिक चैंपियन समर मैकिन्टोश रिकॉर्ड बनाने के बाद खुशी से पूल के पानी पर मुक्के मारने लगीं।

पिछले वर्ष वह विश्व चैंपियनशिप में इस रिकॉर्ड से केवल 0.18 सेकंड पीछे रह गई थीं। अब वह पैन पैसिफिक चैंपियनशिप से पहले 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले, मंगलवार को 400 मीटर फ्रीस्टाइल और बुधवार को 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले स्पधाओं में भी चुनौती पेश करेंगी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फोन पर पलटा रेड कार्ड का फैसला

एजेंसी ▶▶ सिएटल

जिसकी लाठी उसकी भैंस!... अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फीफा विश्व कप में इसे सच कर दिखाया। उनके फोन कॉल के बाद फीफा ने अमेरिकी स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन पर लगा रेड कार्ड निलंबन हटा दिया। यह अभूतपूर्व फैसला फीफा विश्व कप इतिहास की सबसे विवादित घटना बन गई है, जिसने फुटबॉल जगत में भूचाल ला दिया है।




बालोगुन मौजूदा विश्व कप में तीन गोल कर चुके बालोगुन अमेरिका की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। अमेरिका और बोस्निया-हजेगोविना के बीच राउंड ऑफ-32 के मुकाबले में उन्हें एक गंभीर फाउल के लिए रेड कार्ड दिया गया। जिससे उन पर बेल्जियम के खिलाफ अगले मैच का स्वतः प्रतिबंध लग गया। फीफा ने रविवार को अचानक यह प्रतिबंध एक साल के लिए टालकर दुनिया को हैरान कर दिया। इसके पीछे अनुच्छेद-27 के नियम का हवाला दिया गया। यानी बालोगुन यदि एक साल ऐसा गंभीर फाउल नहीं करते तो निलंबन लागू नहीं होगा। पर रेड कार्ड बरकरार रहेगा।

मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि ट्रंप ने मैच के बाद फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो को दो से तीन बार फोन किया और रेड कार्ड की समीक्षा को कहा था। फीफा के फैसले के बाद ट्रंप ने ट्वीट किया, सही काम करने व अन्याय को पलटने के लिए फीफा का आभार।

बेल्जियम फुटबॉल महासंघ ने बालोगुन के मामले पर फीफा से स्पष्टीकरण मांगा। जवाब न मिलने पर पात्रता को औपचारिक चुनौती देने का ऐलान किया।

## संघर्ष की कहानी- हार्दिक, पैसे की किल्लत से पढ़ाई छूटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या आज करोड़ों प्रशंसकों के चहेते हैं, लेकिन जीवन में बड़े संघर्षों से गुजर कर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। फिलहाल उनकी नई फ्रेंचाइजी में जाने की चर्चाएं जोरों पर हैं।

वडोदरा के छोटे-मोटे मैदानों में खेल कर टीम इंडिया के सितारे बने हार्दिक का जन्म 11 अक्टूबर 1993 को सूरत के चौरियासी में हुआ था। उनके पिता कार फाइनेंस का व्यवसाय करते थे। हार्दिक और उनके भाई क्रुणाल का कॅरिअर क्रिकेट में बनाने के लिए परिवार वडोदरा शिफ्ट हो गया। वडोदरा में पिता को दिल का दौरा पड़ गया। उनकी गिरती सेहत के कारण आमदनी ठप हुई तो परिवार को गहरी आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ा।

एक वक्त ऐसा भी था, जब हार्दिक के पास स्कूल फीस चुकाने के पैसे भी नहीं होते थे। उन्होंने नौवीं कक्षा के बाद स्कूल छोड़ दिया। दोनों भाई लोकल क्लब्स के लिए गांवों में क्रिकेट खेलने जाते थे, जहां उन्हें 400 रुपए मिलते थे। कई बार दोनों वक्त मैगी खाकर पेट भरना पड़ता था।

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

**आवश्यकता है**
टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें
एडवोकेट विजय पटेल
मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा अंकपत मार्ग उज्जैन
मोबाइल- 9301322699

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### भाई ने भाई की कर दी हत्या, आपसी विवाद के बाद सिर पर किया वार, शराब के नशे में था आरोपी

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आपसी कहासुनी के दौरान एक भाई ने दूसरे भाई के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी भाई को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर के अनुसार मृतक की पहचान संदीप पुत्र अनिल धर्म निवासी बाबा यादव की बड़ी गली के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सुबह किसी बात को लेकर भाइयों के बीच विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि एक भाई ने संदीप के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार का एक अन्य भाई घायल संदीप को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार परिवार में तीन भाई हैं और तीनों मजदूरी करते हैं। प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि तीनों शराब पीने के आदी थे। उनकी मां भी उनके साथ रहती हैं।

### देवी अहिल्या विवि के नालंदा परिसर से कांग्रेस शुरू करेगी जेन-जी सायक्लोथॉन, उलझन में विवि प्रशासन

**इंदौर।** कांग्रेस ने परीक्षा घोटालों, पेपर लीक और भ्रष्टाचार से लेकर चंदा चोरी जैसे मामलों पर जेन-जी को एकजुट करने की तैयारी कर ली है। छात्रों की गूंज से कार्यक्रम का ऐलान किया है। 14 और 15 जुलाई को जेन-जी सायक्लोथॉन आयोजित करने की घोषणा भी हो चुकी है। युवाओं के साथ यह साइकिल रैली देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के नालंदा परिसर से शुरू की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के साथ तमाम कांग्रेस नेता इसमें साइकिल चलाते नजर आएगा। इस बीच यूनिवर्सिटी प्रशासन अब असमंजस में है कि कांग्रेस नेताओं को अपने कैंपस से रैली शुरू करने की अनुमति दे या नहीं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष वानखेड़े के अनुसार जेन-जी सायक्लोथॉन शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। युवाओं को जागृत करने और अभियान से जोड़ने के लिए इसे आयोजित किया जा रहा है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर से रीगल चौराहा, हाईकोर्ट चौराहा,लैंटर्न चौराहा, मालवा मिल,पाटनीपुरा चौराहा, भमोरी और विजय नगर से एबी रोड से चलते हुए सायकल रैली भोपाल की ओर रवाना होगी।

### पीथमपुर में 20 एकड़ क्षेत्र में 2.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर से विकसित होगी परियोजना

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में लियूगोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नए विनिर्माण संयंत्र का भूमिपूजन किया। चीन की अग्रणी बहुराष्ट्रीय निर्माण उपकरण निमार्ता कंपनी गुआंग्शी लियूगोंग मशीनरी कंपनी लि. की भारतीय इकाई द्वारा किया जा रहा विस्तार मध्यप्रदेश को निर्माण उपकरण विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। पीथमपुर में स्थापित होने वाला नया संयंत्र लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। परियोजना में लगभग 2.8 मिलियन अमेरिकी डालर का निवेश किया जा रहा है। संयंत्र में प्रारंभिक चरण में प्रतिवर्ष 6,500 निर्माण उपकरणों के उत्पादन की क्षमता विकसित की जाएगी, जिसमें मुख्य रूप से एक्सकेवेटर का निर्माण किया जाएगा। इससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलने के साथ आयात पर निर्भरता कम होगी और क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### तेज बहाव के बीच नाला पार करने की कोशिश में बाइक समेत बहे युवक की मौत

**धार।** धार जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लबरावदा में मंगलवार को उफनते नाले में बह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। तेज बारिश के कारण नाले का जलस्तर बढ़ गया था। नाला पार करते समय वह बाइक सहित तेज बहाव की चपेट में आ गए। मृतक की पहचान 40 वर्षीय देव सिंह परमार, निवासी ग्राम तोरनोद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, देव सिंह गरड़ावद में अपने एक रिश्तेदार से मिलने गए थे। गरड़ावद से अपने गांव तोरनोद लौटते समय लबरावदा के पास नाले में तेज बहाव था। इसी दौरान उन्होंने बाइक से नाला पार करने का प्रयास किया। तभी वह बाइक सहित पानी में बह गए। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद देव सिंह को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए धार जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। नौगांव थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रायपुरिया बायपास पुलिया अधूरा निर्माण बना मुसीबत, आवागमन में बाधा

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के पेटलावद तहसील अंतर्गत ग्राम रायपुरिया में 3 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से बन रहा बायपास मार्ग अधूरा पड़ा है। छह महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है। स्थानीय कृषकों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि यह कार्य छह माह पूर्व शुरू हुआ था। विशेष रूप से एक बड़े पुलिया का निर्माण पिछले छह माह से लंबित है। पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गहरे गड्ढों के कारण किसानों का अपने खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। हाल ही में हुई बारिश के कारण यहां बनाया गया अस्थायी डायवर्शन मार्ग भी नाले का जलस्तर बढ़ने से क्षतिग्रस्त हो गया। इससे संपर्क पूरी तरह कट गया है। किसान अपनी उपज और कृषि उपकरण खेतों तक नहीं ले पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुजरात-उज्जैन आने-जाने वाले यात्रियों को भी आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं।

### चरित्र शंका में पत्नी की हत्या, लाश दीवान में छिपाई, उसी पर रातभर सोता रहा पति

**धार।** राजगढ़ के शंकरपुरा क्षेत्र में चरित्र शंका में पति ने पत्नी का गला घोंटकर हत्या कर दी, फिर शव दीवान में छिपाकर उसी पर बिस्तर लगाकर रातभर सोता रहा। सुबह पत्नी के गायब होने की बात कहकर परिजनों को गुमराह किया। संदेह होने पर पुलिस ने घर की तलाशी ली तो दीवान में शव मिला। पुलिस ने आरोपी पति कमलेश खराड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि हीना खराड़ी (35) सोमवार रात से दिखाई नहीं दी तो परिजनों ने कमलेश से पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पूछताछ में कमलेश के हावभाव संदिग्ध लगे तो घर की तलाशी ली गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चरित्र शंका को लेकर विवाद के बाद शराब के नशे में उसने पत्नी की हत्या की थी। घटना के समय दंपती की तीन बेटियां और एक बेटा बुआ के घर थे। परिजनों के अनुसार दोनों ने करीब 10 साल पूर्व प्रेम विवाह किया था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से आरोपी शराब का आदी हो गया था, जिसके चलते अक्सर विवाद होता था।

### नौगांव का बंद नाला फिर खुला, मुंज सागर में पहुंचा रेलवे ब्रिज निर्माण से बाधित जलधारा बहाल

**धार।** धार शहर के मुंज सागर तालाब तक वर्षा जल पहुंचाने वाला नौगांव रेलवे स्टेशन के पास स्थित प्रमुख नाला एक बार फिर चालू हो गया है। इसके खुलने से बारिश का पानी दोबारा तालाब तक पहुंचना शुरू हो गया है। यह नाला रेलवे द्वारा ब्रिज निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी डालकर पूरी तरह बंद कर दिया गया था। नौगांव रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे पुल निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसके चलते नाले के मार्ग पर अवरोध उत्पन्न हो गया था। नाले के बंद होने से मुंज सागर तालाब में पानी की आवक पूरी तरह थम गई थी। क्षेत्र का वर्षा जल आगे नहीं बढ़ पा रहा था, जिससे तालाब तक पहुंचने वाला प्राकृतिक जल प्रवाह बाधित हो गया था। स्थानीय लोगों ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए नाला खोलने की मांग की थी। अब रेलवे प्रशासन ने नाले से मिट्टी हटाकर उसकी सफाई कर दी है। इस कार्रवाई के बाद वर्षा जल उसी मार्ग से मुंज सागर तालाब में फिर से प्रवाहित होने लगा है। हाल ही में हुई बारिश में नाले से तेज बहाव के साथ पानी तालाब में जाता देखा गया है, जिससे तालाब के जलस्तर में वृद्धि की उम्मीद है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह नाला मुंज सागर का प्रमुख वर्षा जल स्रोत है, और इसके दोबारा खुलने से प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था बहाल हो गई है। अच्छी बारिश होने पर मुंज सागर में पर्याप्त जल संग्रह होने की संभावना है।

इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर विभिन्न मांगों को लेकर छात्रों का धरना प्रदर्शन लगातार आठवें दिन भी जारी

# युवा अपनी रोज की कमाई का हिस्सा भी आंदोलन के लिए दे रहे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर विभिन्न मांगों को लेकर छात्रों का धरना प्रदर्शन लगातार आठवें दिन भी जारी रहा। खास बात यह है कि यह आंदोलन पूरी तरह आमजन के सहयोग से संचालित हो रहा है। धरना स्थल पर लगे टेंट, गद्दे, भोजन और पेयजल की व्यवस्था समाज के लोगों और छात्रों के सहयोग से की जा रही है। कई युवा अपनी रोज की कमाई का हिस्सा भी आंदोलन के लिए दे रहे हैं, ताकि धरना बिना रुके चलता रहे।




**23 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन**

प्रदर्शन कर रहे छात्र नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, सभी रिक्त और बैकलॉग पदों पर जल्द भर्ती सहित 23 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।

**जनता के सहयोग से चल रही पूरी व्यवस्था**

धरने में शामिल पवन अहिरवार और अरुण बड़ोले ने बताया कि टेंट और अन्य व्यवस्थाओं पर प्रतिदिन करीब 1,500 रुपए का खर्च आता है। यह राशि आम नागरिकों के सहयोग से जुटाई जा रही है। धरना स्थल पर एक सहयोग पेटी भी रखी गई है, जिसमें लोग स्वेच्छा से आर्थिक सहायता दे रहे हैं। कई छात्र चौराहे पर जाकर लोगों से आंदोलन के लिए सहयोग की अपील भी कर रहे हैं।

**बारिश में भी नहीं छोड़ा धरनास्थल**

छात्रों ने बताया कि जब आठ दिन पहले धरना शुरू हुआ था, तब उनके पास टेंट या अन्य कोई सुविधा नहीं थी। वे टंट्याभील की प्रतिमा के पास खुले में बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे। बारिश के दौरान खुद को बचाने के लिए उन्हें बैठने वाली गद्दियों को ही ओढ़ना पड़ा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई सामाजिक संगठन और आम लोग मदद के लिए आगे आए, जिसके बाद टेंट, गद्दे और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गईं।

**कमाई का हिस्सा भी दे रहे युवा-** धरने में शामिल ड्राइवर दिनेश वास्कले ने बताया कि वे पेशे से ड्राइवर हैं और उनके छोटे बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक जैसी घटनाओं से भविष्य प्रभावित हो रहा है, इसलिए वे छात्रों के समर्थन में खड़े हैं। उन्होंने अपना जन्मदिन भी धरना स्थल पर मनाया और उस दिन छात्रों के भोजन की व्यवस्था कराई।

वहीं डिलीवरी बॉय चंदन मोवेल ने बताया कि वह रात में डिलीवरी का काम करते हैं और अपनी कमाई का एक हिस्सा आंदोलन के लिए दे रहे हैं। इसी तरह टू-व्हीलर टैक्सी चलाने वाले कुछ अन्य युवा भी अपनी आय का हिस्सा छात्रों के सहयोग में दे रहे हैं।

तेंदुए के मूवमेंट जानने सीसीटीवी खंगाले

## रिहायशी इलाके में घुसा तेंदुआ, बाइक सवार पर झपट्टा मारा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना इलाके में मंगलवार रात एक तेंदुए के घुसने से हड़कंप मच गया। रात करीब 8:30 बजे तेंदुआ आबादी वाले हिस्से में पहुंचा और वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार पर झपट्टा मार दिया। युवक किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

हमले के बाद तेंदुआ भागते हुए एक मकान के बाथरूम में घुस गया। कुछ देर बाद वह वहां से निकलकर श्रीजी वैली की ओर भाग गया। सूचना मिलते ही कनाड़िया पुलिस और वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



**वन विभाग की टीम कर रही सर्चिंग**

पुलिस ने बताया कि तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार सर्च कर रही है। एहतियात के तौर पर पुलिस की दो गाड़ियां पूरे इलाके में गश्त कर रही हैं। लोगों से अपील की गई है कि रात में घरों से बाहर न निकलें और तेंदुआ दिखाई देने पर तुरंत पुलिस या वन विभाग को सूचना दें। प्राथमिक आशंका है कि लगातार हो रही बारिश के कारण तेंदुआ खुड़ैल के जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके में पहुंच गया।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि तेंदुए की मूवमेंट का पता लगाया जा सके। साथ ही आसपास की कॉलोनियों और गांवों में लोगों को सतर्क रहने की सूचना दी गई है। वन विभाग की रेंजर संगीता ठाकुर के मुताबिक रात में 1 बजे सर्चिंग चली थी। घर से निकलने के बाद तेंदुआ देवगुराड़िया की पहाड़ी की तरफ भागा था। सुबह से कोई सर्चिंग नहीं है। मामले में नजर बनाए हैं सूचना मिलने पर टीम भेजी जाएगी।

## शिकायत के बाद एक स्कूल और तीन खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने कलेक्टर हेल्पलाइन, सीएम हेल्पलाइन और पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को शहर के एक स्कूल और तीन खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान कुल चार प्रतिष्ठानों से 17 खाद्य नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए। इनको जांच के लिए भोपाल भेजा गया है। जांच दल को सबसे गंभीर अनियमितताएं छोटा बांगड़दा रोड स्थित वेदांत इंटरनेशनल स्कूल की मेस में सामने आईं। कलेक्टर हेल्पलाइन पर अभिभावक की शिकायत के बाद हुई जांच में काला चना, तैयार चावल, मंचूरियन और काला नमक के चार नमूने लिए गए।

निरीक्षण के दौरान छात्रों को एमएसजी युक्त मंचूरियन परोसा जाना पाया गया। किचन में सड़े हुए आलू भी मिले, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया।

खाद्य हैंडलर्स के मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र और भोजन निर्माण में उपयोग किए जाने वाले पानी की जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं मिली। विद्यालय प्रबंधन को नोटिस जारी कर खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन पर मिली शिकायत के आधार पर न्यू पलासिया स्थित प्राजी दे कुलचे का निरीक्षण कर राजमा, तैयार छोले और मैदा के तीन नमूने लिए गए।

इंदौर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

## एनडीपीएस एक्ट का फरार आरोपी कोर्ट परिसर से गिरफ्तार, पूछताछ कर रही पुलिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ पीथमपुर**

इंदौर क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की कोर्ट परिसर से औपचारिक गिरफ्तारी की गई। पुलिस अब उससे मादक पदार्थों के सप्लाई नेटवर्क और मामले में उसकी भूमिका को लेकर पूछताछ कर रही है।



डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तौसीफ (33) पिता आरिफ खान निवासी तंजीम नगर खजराना है, जो फेब्रिकेशन का काम करता है। वह एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी।

पुलिस के अनुसार 6 जनवरी 2026 को क्राइम ब्रांच ने आरोपी असद शेख को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 ग्राम कोकीन तथा वारदात में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की सफेद दोपहिया वाहन जब्त किया था। मामले की जांच के दौरान तौसीफ की संलिप्तता सामने आई थी, जिसके बाद उसे फरार आरोपी घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि तौसीफ कोर्ट परिसर में मौजूद है। इसके बाद टीम ने वहां पहुंचकर उसकी औपचारिक गिरफ्तारी की। अब पुलिस उससे मामले में उसकी भूमिका, मादक पदार्थों के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 1 जनवरी 2026 से अब तक एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न मामलों में 80 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

7.40 किमी लंबे एलीवेटेड कॉरिडोर की धीमी रफ्तार

## एमआर-9 से पलासिया तक रोज लग रहा जाम



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एलआईजी से नवलखा तक बन रहे 7.40 किमी लंबे एलीवेटेड कॉरिडोर की धीमी रफ्तार आम जनता के लिए परेशानी साबित हो रही है।

एबी रोड पर ढाई महीने पहले की गई बैरिकेडिंग के बावजूद मौके पर काम बंद जैसा है। बारिश में पीक ऑवर्स के दौरान जाम लग रहा है। घंटों वाहन रेंग रहे हैं। अब जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की गई है। सुझाव है कि जहां तत्काल काम नहीं होना है, वहां से बैरिकेडिंग तुरंत हटाई जाए ताकि वाहन चालकों को राहत मिले।

**काम के नाम पर केवल टेस्टिंग, बढ़ेगी जवाबदेही-** करीब 350 करोड़ रुपए का यह प्रोजेक्ट कई महीनों से सड़क का बड़ा हिस्सा ब्लॉक किए हुए है। अधिकांश स्थानों पर केवल शुरूआती टेस्टिंग हुई है, वास्तविक निर्माण शुरू नहीं हो सका। इसे लेकर सांसद शंकर लालवानी ने कलेक्टर को पत्र लिखा है।

## लोको पायलट ने समोसे के लिए रोकी ट्रेन, लोग बोले- अक्सर ऐसा ही होता है

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर-महू के बीच चल रही डेमू ट्रेन से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है। इसमें ट्रेन रुकी हुई है जबकि लोको पायलट ट्रेक के किनारे बनी एक दुकान पर खड़ा है। वह दुकान से समोसे खरीदता है, फिर इंजन की तरफ बढ़ता है। लोको पायलट के इंजन में चढ़ने के बाद ट्रेन आगे बढ़ जाती है।



वीडियो राऊ के रंगवासा रोड इलाके का बताया जा रहा है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि इंदौर-महू डेमू ट्रेन यहां अक्सर कुछ मिनटों के लिए रुकती है। लोको पायलट ट्रेन से उतरकर पास की दुकान से समोसे खरीदता है। इसके बाद ही ट्रेन यहां से रवाना होती है।

रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। इसे सीनियर अफसरों को भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। अगर यह साबित होता है कि लोको पायलट ने बिना अधिकृत कारण, सिग्नल या परिचालन संबंधी जरूरत के ट्रेन रोकी और निजी काम के लिए केबिन से बाहर निकला, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## युवती ने युवक को बीच सड़क पर लगातार मारे थप्पड़, छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एमआईजी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक युवक की बीच सड़क पर पिटाई की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवती ने युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया, जबकि पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार एमआईजी इलाके स्थित आस्था टॉकीज के पास एक युवती और उसके साथ मौजूद कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक नशे की हालत में था। वायरल वीडियो में युवती युवक को लगातार थप्पड़ और लात-घूंसों से मारती दिखाई दे रही है। इस दौरान युवक उससे माफी मांगता भी नजर आ रहा है। घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। आरोप है कि पिटाई के बाद युवक के कपड़े भी सड़क पर उतरवा दिए गए। स्थानीय लोगों के अनुसार युवती ने युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। हालांकि एमआईजी थाना पुलिस का कहना है कि अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से शिकायत नहीं मिली है। वायरल वीडियो के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीआई सीबी सिंह के मुताबिक दो लड़के दोनों के नाम सचिन हैं। रीवा के रहने वाले हैं, मनावर में एक सीमेंट फैक्ट्री में काम करते हैं।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com